आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:14 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 50, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं 16

एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया 15

# हरियाणा में भाजपा, घाटी में उमर सरकार

**विधानसभा चुनाव नतीजे**

## गलत साबित हुए चुनाव बाद के सारे अनुमान हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक

## जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सत्ता में वापसी, सरकार बनाने का भाजपा का मंसूबा अधूरा

नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों/रुझानों में मतदाताओं ने आश्चर्यचकित करते हुए दोनों ही स्थानों पर विजेताओं को निर्णायक बढ़त प्रदान की है। इसके तहत हरियाणा में भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर जीत की हैट्रिक की ओर अग्रसर है तो वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाता दिख रहा है।

एक राज्य, एक केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता दांव पर थी और तीन मुख्य दावेदार मैदान में थे। जून में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल एक बार फिर गलत साबित हुए और नतीजे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए मिले-जुले रहे। कांग्रेस के लिए यह झटका साबित हुए, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को स्पष्ट जीत मिलती नजर आ रही है। जम्मू-कश्मीर में नेकां के नेतृत्व में गठबंधन सत्ता में वापसी कर रहा है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार शाम सवा चार बजे 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा 50 सीट (26 पर जीत और 24 पर आगे) पर बढ़त के साथ तीसरी बार सत्ता में वापसी करती नजर आ रही है, जबकि सुबह के शुरुआती रुझानों में वह कांग्रेस से पीछे थी। हालांकि, रुझानों में भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 में से महज 29 सीट (दो पर जीत 27 पर आगे) झोली में डालती दिख रही है। इस साल के अंत में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ये नतीजे जहां भाजपा के लिए मनोबल बढ़ाने वाले हैं,वहीं कांग्रेस के लिए ये भारी निराशा वाले प्रतीत होते हैं। कांग्रेस लोकसभा के नतीजों से मिली बढ़त को बरकरार रखने की उम्मीद कर रही थी।



चुनाव जीतने के बाद पूजा कराने मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। ● एजेंसी

### लोगों ने सरकार की नीतियों पर लगाई मुहर : सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मैं इसका पूरा श्रेय मोदी जी को देता हूं। उनके आशीर्वाद से, उनके मार्गदर्शन में, हरियाणा के लोगों ने सरकार की नीतियों पर मुहर लगाई है। सैनी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

### नेकां को खत्म करने वाले खुद खत्म हो गए

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव में घाटी में दोनों सीट बडगाम और गांदरबल से जीत दर्ज की है। उमर अब्दुल्ला 2009-14 तक मुख्यमंत्री रहने के बाद एक बार फिर इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों से जो नेशनल कॉन्फ्रेंस को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे, वे आज खुद खत्म हो गए हैं। हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है...। गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह परिणाम इस बात का सबूत है कि जम्मू कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ थे।



जीत के बाद अपने समर्थकों के साथ उमर अब्दुल्ला।

### जनादेश ने साजिशों को नाकाम किया : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा में भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की तपस्या और राज्य के लोगों के देशप्रेम का नतीजा और जम्मू कश्मीर के चुनाव परिणाम को भारत के संविधान की जीत करार दिया है। मोदी ने हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद देर शाम को भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के चुनावों ने कांग्रेस की सभी देशविरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर में भाजपा को छप्पर फाड़ कर वोट दिए हैं। इस समारोह में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे।

### सुबह खुशी, शाम को मायूसी

हरियाणा में सुबह के रुझानों में कांग्रेस आगे थी और उत्साही नेताओं ने मिठाइयां भी बांटनी शुरू कर दी थी। हरियाणा में अपने शीर्ष नेतृत्व में कलह से जूझ रही कांग्रेस को सत्ता में आने की उम्मीद थी, लेकिन वह राज्य में महज 35 सीट पर जीत या बढ़त बनाए हुए है जो पिछली बार की तुलना में सात अधिक है, लेकिन सरकार बनाने के लिए जरूरी 46 सीट से काफी कम है। जम्मू-कश्मीर में पार्टी नेकां के सहारे सत्ता तक पहुंचती दिख रही है। कांग्रेस ने यहां 32 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से छह पर सफलता मिली है।

# आरजी कर अस्पताल के 50 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

● आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में लिया फैसला

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 50 चिकित्सकों ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इन चिकित्सकों ने बलात्कार एवं हत्याकांड की शिकार प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर पांच अक्टूबर से आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए यह कदम उठाया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के अन्य चिकित्सा कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के एक वर्ग ने कहा कि वे भी इस्तीफा दे सकते हैं। यह घटनाक्रम सात कनिष्ठ चिकित्सकों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में उनके साथियों द्वारा एकजुटता प्रदर्शित करते हुए किए जा रहे प्रतीकात्मक 12 घंटे के उपवास के मद्देनजर सामने आया है।

राज्य-संचालित अस्पतालों के चिकित्सकों के संगठनों में से एक एसोसिएशन ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉक्टर्स के प्रतिनिधि डॉ. मानस गुमटा ने कहा कि अगर सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों की उचित और प्रासंगिक मांगों पर ध्यान नहीं देगी तो हम सरकारी अस्पतालों के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों से इस्तीफा देने के लिए राज्यव्यापी आह्वान करने के लिए मजबूर होंगे।

### यह है आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों की मांगों में राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाना, मेडिकल कॉलेज परिसरों में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति, चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों को भरना, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन को मान्यता देना, राज्य चिकित्सा परिषद की अनियमितताओं की जांच और धमकी देने में शामिल लोगों को दंडित करने की मांग शामिल है।

### जूनियर डॉक्टरों की 12 घंटों की भूख हड़ताल

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के लिए न्याय और कुछ शीर्ष अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी सरकारी अस्पतालों के सामने 12 घंटे की भूख हड़ताल शुरू की। इस बीच सात डॉक्टरों का अनिश्चितकालीन अनशन चौथे दिन भी जारी रहा।

## एक नजर

### असम में 11 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। असम के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग अभियानों में 11 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए और एक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने एक्स पर कहा कि बिश्वनाथ और कछार जिलों से गांजा, हेरोइन तथा याबा गोलियों जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। असम पुलिस ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान चलाया और मादक पदार्थों का जखीरा बरामद किया।

### दिल्ली में एक इमारत में लगी आग, 10 को बचाया

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मंगलवार सुबह एक आवासीय इमारत में लगी आग के बीच से 10 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क की लेन संख्या-3 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना सुबह साढ़े नौ बजे मिली और पांच दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। भूतल स्थित पार्किंग में आग लग गई थी और कुछ लोग ऊपरी मंजिलों पर फंस गए थे। आग में फंसे सभी लोगों को सीढ़ियों और क्रेन की मदद से बचा लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं।

### कोझिकोड में बस हादसे में एक की मौत, कई घायल

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में 50 यात्रियों को ले जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस मंगलवार को थिरुवंबाडी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। बस सड़क किनारे एक दीवार से टकराई और पास की एक नदी में पलट गई।

# जॉन होपफील्ड और ज्यॉफ्री हिंटन को भौतिकी का नोबेल

स्टॉकहोम, एजेंसी

● एआई तकनीक की खोज के लिए होंगे सम्मानित

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञों जॉन हॉपफील्ड और ज्योफ्री हिंटन को मशीन लर्निंग को सक्षम बनाने वाली खोजों के लिए भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा की गई।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के गॉडफादर कहे जाने वाले हिंटन कनाडा और ब्रिटेन के नागरिक हैं और यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में काम करते हैं। होपफील्ड अमेरिकी हैं और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं। नोबेल समिति ने कहा कि भौतिकी के लिए इस साल का नोबेल पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों ने आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की बुनियाद समझे जाने वाले तरीके विकसित करने के लिए भौतिकी के साधनों का इस्तेमाल किया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस में नोबेल समिति की सदस्य एलेन मून्स ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने कृत्रिम न्यूरोन के नेटवर्क को डिजाइन करने के लिए सांख्यिकीय भौतिकी की मौलिक अवधारणाओं का उपयोग किया जो सहयोगात्मक स्मृतियों के रूप में कार्य करती हैं।

## फर्जी प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने अम्बरपेट में एक जेरॉक्स सेंटर से चलाए जा रहे फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र रैकेट का भंडाफोड़ करके, दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि खुफिया जानकारी पर, अंबरपेट के ओवैसी नगर में एमएस एंटरप्राइजेज नाम के ज़ेरॉक्स सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान, मौला अली, मलकाजगिरी के मोहम्मद महफूज इकबाल (41) और अंबरपेट के शेख इलियास अहमद (34) को पकड़ा, जो बड़ी रकम के बदले में सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट, 12वीं और स्नातक विषयों सहित नकली शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार करते थे और बेचते थे।

# दबिश देनी पहुंची पुलिस की पिटाई से अधेड़ की मौत

## ग्रामीणों में आक्रोश, तनाव के चलते कई थानों की फोर्स और पीएसी गांव में तैनात

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु होने की वजह हार्ट अटैक बताया गया

> अज्ञात पुलिसकर्मी पूछताछ के लिए कमल को ले जा रहे थे, जिसका विरोध कन्हई करने लगे। इसी बीच वो गिर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। -नृपेंद्र कुमार, एएसपी हरदोई।

अमृत विचार : कोतवाली बिलग्राम क्षेत्र में पुलिस की पिटाई से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों की पुलिस के साथ झड़प हो गई, जिसके बाद पीएसी सहित चार थानों की फोर्स नटपुरवा में मौके पर तैनात है। वहीं देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस की पिटाई से नहीं, बल्कि हार्ट अटैक से मृत्यु होने की बात बताई गई है।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम में स्कूल से आ रही छात्रा का एक बाइक सवार युवक ने दुपट्टा खींच लिया, जिससे वो गिरते-गिरते बची थी। इसी मामले में पुलिस शक के आधार पर नटपुरवा के रहने वाले कमल बाबू को पकड़ने सोमवार आधी रात बाद उसके घर पहुंची। पुलिस कमल को पकड़कर ले जाने लगी तो उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर कमल बाबू के मौसा कन्हई (54) उसे बचाने आ गए। कमल के परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को रोक लिया। इस दौरान कन्हई ने पूछा- कमल को किस मामले में पकड़ने आए हो। इस पर पुलिसकर्मी भड़क गए। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कन्हई को बेरहमी से पीटा, उसका सिर खंभे से लड़ा दिया। कन्हई के गंभीर चोटिल होने पर परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कन्हई की मौत की खबर से पूरे गांव के लोग पुलिस के विरोध में सड़क पर उतर आए। हालत बिगड़ते देख गांव में पीएसी और बिलग्राम के अलावा साण्डी, माधौगंज और मल्लावां थाने की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। बता दें कि पुलिस की पिटाई से आहत होकर सोमवार को कासगंज में एक अधेड़ ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। दलित तबके का रमेश दिवाकर कुर्सी पर बैठकर रामलीला देख रहा था जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसकी पिटाई कर दी। आहत दिवाकर ने बाद में खुदकुशी कर ली, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत लखनऊ निवासी युवक ने विधानभवन के सामने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया था।

# सभी मंडलों में कुंभ समिट कराएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● लखनऊ से शुरुआत, 14 दिसंबर को प्रयागराज में किया जाएगा समापन

● चित्रकला, शास्त्रीय और उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी

अमृत विचार : महाकुंभ-2025 से पहले राज्य सरकार सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट कराएगी। लखनऊ से इसकी शुरुआत हो गई है। समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में होगा। समिट में उप्र. के कलाकारों के साथ ही स्कूली बच्चों को भी इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस कड़ी में कुंभ अभिनंदन रोड शो, बाल-युवा कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, भक्ति कुंभ का भी आयोजन किया जाएगा।




कुंभ समिट के आयोजन के लिए मंडल स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान चित्रकला, फोटोग्राफी, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य की प्रतियोगिता कराई जाएगी। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। रंगोली आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इन आयोजनों में स्कूली बच्चों की भागीदारी प्रमुखता से रहेगी। साथ ही 12600 कलाकारों ने भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। ऐसी प्रतियोगिताएं और आयोजन लखनऊ, झांसी, वाराणसी, कानपुर, अयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर समेत अन्य मंडलों में होंगे। मंडल स्तर पर कुंभ समिट के लिए समन्वयक भी बनाए गए हैं।

लखनऊ मंडल के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार, गोरखपुर व कानपुर मंडल की जिम्मेदारी उप्र. राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला, अयोध्या के समन्वयक संस्कृति निदेशालय के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक, मीरजापुर-देवीपाटन, मेरठ की जिम्मेदारी डॉ. राकेश सिंह को सौंपी गई है। सहारनपुर-अलीगढ़ की जिम्मेदारी डॉ. शोभित नाहर, बस्ती, बरेली-आगरा के समन्वयक अतुल द्विवेदी समेत अन्य को सौंपी गई है।

## धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए अजहरुद्दीन

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी उनसे पूछताछ करेगी और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। इससे पहले, पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कुछ समय मांगा था जिसके बाद उन्हें 8 अक्टूबर को बुलाया गया।

# छींटाकशी से नाराज युवती ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

संवाददाता, कांठ (मुरादाबाद)

● बाइक से खींचकर शुरू की पिटाई, बचने के लिए भागता रहा युवक

● पुलिस दोनों को पकड़कर लाई थाने, युवक बोला-केवल पता ही पूछा था

अमृत विचार : छींटाकशी करने पर युवती ने फिल्मी अंदाज में बाइक सवार युवक को खींच कर गिराने के बाद लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। युवक बचने को चीखता-चिल्लाता भागता रहा, लेकिन युवती दौड़ा-दौड़ाकर पीटती रही।

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई जहां उनसे पूछताछ कर रही है। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि कांठ कस्बे में एचपी गैस एजेंसी के पास मंगलवार को बाइक सवार युवक ने युवती पर छींटाकशी कर दी। इस पर गुस्साई युवती ने युवक को बाइक से खींच लिया और बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। युवक चीखता रहा लेकिन युवती उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटती रही। शोर सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह युवक जान बचाकर स्टेशन रोड की ओर भागा। इस पर युवती ने एक लड़के की बाइक पर बैठकर उसका पीछा किया। फिर चमन सिलाई सेंटर के पास उसे रोककर लात-घूंसों से पिटाई की। लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पुलिस पहुंच गई और आरोपी युवक तथा युवती को पकड़कर थाने ले गई। युवक का कहना था कि उसने छींटाकशी नहीं की है। वह पता पूछ रहा था। देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

# डिप्टी रेंजर की कार ने 4 को रौंदा, 2 की मौत

संवाददाता, गोंडा

**हिट एंड रन**

● घायलों की हालत गंभीर, एक को लखनऊ रेफर किया गया

● भाग रहे डिप्टी रेंजर को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



आयुषी



अंगदलाल

अमृत विचार : वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर की अनियंत्रित कार ने खरगूपुर थाना क्षेत्र के गोपाल बाग के समीप मंगलवार की सुबह दो सगी बहनों समेत चार लोगों को रौंद डाला। हादसे में दो की मौत हो गई। जबकि एक को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद भाग रहे डिप्टी रेंजर को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

बहराइच जिले में वन विभाग में तैनात डिप्टी रेंजर अमित वर्मा मंगलवार की सुबह आर्यनगर से गोकरननाथ शिवाला की तरफ जा रहे थे। गोपाल बाग कस्बे के समीप वह अपनी कार से नियंत्रण खो बैठे और कार अनियंत्रित होकर एक वेल्डिंग की दुकान पर काम रहे अंगदलाल उर्फ झुरई (40) रुपईडीह गांव की रहने वाली दो सगी बहनों गौरीशा श्रीवास्तव उर्फ परी (12) व आयुषी श्रीवास्तव उर्फ शगुन (10) तथा कमडावा गांव के रौनक कुमार (14) पुत्र लवकुश तिवारी को रौंद दिया। इसमें अंगदलाल तथा आयुषी की मौत हो गई। हादसे के बाद डिप्टी रेंजर ने भागने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें दबोच लिया। गंभीर रूप से घायल गौरीशा उर्फ परी को लखनऊ रेफर किया गया है जबकि रौनक मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में डिप्टी रेंजर को भी चोट आई है।

## हथियार तस्करी का अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा

जालंधर। पंजाब में जालंधर पुलिस ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, इसके सरगना को गिरफ्तार कर पांच देसी पिस्तौल भी बरामद किए हैं। एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार उर्फ जियोना निवासी गांव मंडयाला, थाना लोहियां, जिला जालंधर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सुनील कुमार के पास से एक .32 बोर की पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए, जबकि उसके किट बैग से तीन अतिरिक्त पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस मिले।

# अब ई-कोर्ट से होगा औद्योगिक वादों का निपटारा

## चक्कर लगाने से मुक्ति, औद्योगिक न्यायाधिकरण में व्यापक डिजिटल समाधान विकसित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● समय और धन दोनों ही बचेगा, चार चरण में होगा वाद का समाधान

● राज्य सरकार ने परियोजना पर शुरू किया काम, श्रीट्रॉन को जिम्मा



अमृत विचार : तारीख पर तारीख लगने के साथ अब मुकदमों को लेकर अदालत के न तो चक्कर लगाने होंगे और न ही बेवजह धन खर्च होगा। खासकर औद्योगिक न्यायाधिकरण में ई-कोर्ट प्लेटफॉर्म से अब विवादों का निपटारा तय समयसीमा में किया जाएगा।

ई-कोर्ट नामक डिजीटल प्लेटफार्म पर ही औद्योगिक विवाद से संबंधित मामले दर्ज करने और सभी पक्षों के लिए एक सहज इंटरफेस विकसित करने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म पर पक्ष अपना इनपुट व दस्तावेज अपलोड कर यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनकी प्रस्तुतियां कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं या नहीं। इस प्रणाली के निर्माण व विकास का जिम्मा श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सौंपा गया है। इस डिजिटल प्रक्रिया में स्वचालित रूप से प्रस्तुतियों के सही पाए जाने पर एक यूनीक केस नंबर जेनरेट होगा जो आवेदकों को यह आश्वासन देगा कि संबंधित केस की समीक्षा शुरु हो गई है। न्यायालय के कर्मचारियों के लिए मामलों की समीक्षा और सत्यापन के लिए भी उपकरण होंगे ताकि वादों को अलग-अलग वर्गीकृत किया जा सके। इस प्लेटफॉर्म में सुनवाई के लिए तारीख और समय निर्धारित करने के लिए एक शेड्यूलिंग सिस्टम होगा।

### संवेदनशील जानकारी रहेगी सुरक्षित

मजबूत सुरक्षा उपायों के माध्यम से विकसित किए जा रहे ई-कोर्ट प्लैटफॉर्म व इंटरफेस को संवेदनशील जानकारी की रक्षा करने में भी सक्षम बनाया जाएगा और वह सभी कानूनी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। उपयोगकर्ताओं को सहायता के लिए ट्यूटोरियल और गाइड सहित प्रशिक्षण सामग्री यहां मिल जाएगी। सबसे खास पहलू यह कि इस प्रकिया में चार चरण में वाद का निपटारा हो जाएगा।

# 32 जोड़ों ने लिए फेरे, 5 का निकाह कुबूल

संवाददाता, तिर्वा


सामूहिक विवाह में मंडप के पास बैठे वर-वधू और परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के डीएन इंटर कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हिंदू समुदाय के 132 जोड़ों ने फेरे लेकर साथ रहने की सौगंध खाई तो पांच मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। सभी नवविवाहित जोड़ों को मंगल गीतों के बीच विदा किया गया। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व विधायक कैलाश राजपूत ने नव दंपतियों को आशीर्वाद व उपहार भेंट किए।

मंगलवार को समारोह में ब्लॉक उमर्दा, हसेरन व सौरिख और नगर पंचायत तिर्वा के जोड़ों की पंडाल में वैदिक रीति रिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ विवाह कराया गया। साथ ही बेलामऊ सरैया के मजरा झुलनापुर गांव के पांच मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। बीडीओ नरेश चंद्र ने बताया कि प्रत्येक वधू के बैंक खाते में 35-35 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। विवाह स्थल पर उमर्दा ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, हसरेन ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र शाक्य ने भी जोड़ों को आशीर्वाद देकर ज्वैलरी व अन्य उपहार दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, प्रधानाचार्य योगेंद्र तोमर, मिथिलेश बाथम मौजूद रहे है। सुरक्षा को लेकर पुलिस ने इंतजाम कर रखे थे।

- हर वधू के बैंक खाते में 35-35 हजार रुपये भेजे जाएंगे
- प्रत्येक जोड़े को 10-10 हजार रुपये के दिए गए उपहार

## शिकायत निस्तारण में कन्नौज पुलिस प्रदेश में प्रथम

**कन्नौज।** जिले की पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में अगस्त में प्रथम स्थान मिला है।

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर प्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर अगस्त में प्राप्त शिकायतों को नियत समय में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के लिए जिले के थानों ने प्रदेश में अव्वल रहकर कुल 115 अंकों में 115 अंक प्राप्त किए। सरकार ने पीड़ितों की समस्याओं का पारदर्शी ढंग से निराकरण करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी 11 थानों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के थानों की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सितम्बर में भी आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त कुल 1206 शिकायतों का शत प्रतिशत समयबद्ध निस्तारण किया गया।

# पुलिस ने जिले भर में किया रूट मार्च

संवाददाता,कन्नौज

- त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने पैदल गश्त कर जनता को कराया सुरक्षा का एहसास
- सराफा बाजार के साथ मुख्य बाजारों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पहुंची पुलिस


तिर्वा में रूट मार्च करतीं सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई व कोतवाली प्रभारी जितेंद्र।

**अमृत विचार।** त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस ने सभी थाना कोतवाली क्षेत्रों में रूटमार्च किया।

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा, क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों क्षेत्रों में मुख्य बाजारों, सराफा बाजार, बैंक क्षेत्रों एवं मिश्रित आबादी वाले इलाकों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिये एरिया डॉमिनेशन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना, आमजन में पुलिस की उपस्थिति का अहसास कराना और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

बाजारों में पैदल गश्त भी की, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी तथा पुलिस कर्मियों द्वारा व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने दंपति को पीटा

## बीमार बेटी के इलाज में देरी की बात कहने पर भड़के डॉक्टर, मारपीट से पति की आंख में लगी चोट

संवाददाता, तिर्वा

- पुलिस ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर विवाद शांत कराया


मारपीट में घायल हुआ विवेक।


मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दंपति को समझाया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीमार बच्ची को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर आए दंपति से डॉक्टरों ने मारपीट कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

कोतवाली के फगुआ गांव निवासी विवेक दुबे की 9 साल की पुत्री परी को सोमवार की शाम को बुखार आ गया। रात में बुखार बढ़ने पर वह पत्नी के साथ बच्ची को लेकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया। यहां मौजूद डॉक्टरों ने बच्ची को पीडियाट्रिक (बाल रोग) वार्ड में दिखाने को कहा। वह बाल रोग विभाग की ओपीडी पहुंचा। यहां जब कोई नहीं मिला तो इमरजेंसी पहुंचा। इसके बाद करीब एक घंटे तक दोनों विभागों के चक्कर काटता रहा पर डाक्टरों ने बच्ची को नहीं देखा।

जब विवेक ने इस पर आपत्ति जताते हुए इलाज के लिए कहा तो डॉक्टर आक्रोशित हो गए और भला बुरा कहने लगे। आरोप है कि जब दंपति ने अभद्र व्यवहार का विरोध किया तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट कर दी। इससे विवेक की आंख में चोट आई। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

### प्राचार्य बोले, युवक ने इंटर्न डॉक्टर को मारा था थप्पड़

तिर्वा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने कहा कि युवक ने इलाज के नाम पर ड्यूटी पर तैनात इंटर्न डॉक्टर को थप्पड़ मार दिया था। यह देखकर अन्य लोग आक्रोशित हो गए और युवक से मारपीट कर दी थी। रात में ही दोनों पक्षों के लोगों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली थी और मामला शांत हो गया था। अब किसी को कोई शिकायत नहीं है।

## आग से गुमटी में रखा सामान जला

**जलालाबाद।** जसोदा के गंगा रोड पर रखे खोखे व रेस्टोरेंट में आग लग गई। दमकल टीम ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सामान जल गया।

गंगा रोड स्थित अंग्रेजी ठेका के पास दुकान रखे राजकुमार कुशवाहा ने बताया कि सुबह लगभग 4 बजे खोखे में आग लग गई। यूपी 112 पुलिस की सूचना पर फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक 5 हजार की नकदी, फ्रीजर व सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने 1 लाख से अधिक नुकसान होने की आशंका जताई है। पास में ही अमित कटियार के रेस्टोरेंट का काउंटर भी जल गया। आग लगाने की आशंका जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।

## सार-संक्षेप


शहीद को श्रद्धांजलि देते सपा के जिला प्रवक्ता। अमृत विचार

### सपा के जिला प्रवक्ता ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

**तिर्वा।** एयरटैंक फटने से शहीद हुए अग्निवीर सौरभ पाल पुत्र राकेश पाल के परिजनों को सपा जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने गांव भरखरा पहुंचकर धैर्य बंधाया और शहीद को श्रद्धांजलि दी। वे मंगलवार को सपा मुखिया के निर्देश पर गांव पहुंचे और सपा की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बताया कि जल्द ही कन्नौज सासंद व पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी गांव आएंगे।


सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निकाली रैली

**छिबरामऊ।** मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत नेहरू पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में रैली निकाल कर छात्र-छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम में संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सर्वेश कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। कॉलेज की एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के सहयोग में हुए कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।


नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक करते कलाकार। अमृत विचार

### नाटक के पुलिस ने किया बेटियों को जागरूक

**सौरिख।** पुलिस ने कस्बे के एक बालिका विद्यालय में बेटियों को जागरूक करने के लिए नाटक का आयोजन किया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर मिशन शक्ति 5 के तहत मंगलवार को श्रीमती आशा देवी बालिका इंटर कॉलेज में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने महिला पुलिस कर्मियों के साथ नाटक के माध्यम से बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। यहां विद्यालय निदेशक दिनेश गुप्ता, प्रधानाचार्य मौजूद रहे।


बारातियों को माला पहनाकर स्वागत करते चेयरमैन मोहसिन खान। अमृत विचार

# सिया को ब्याहने बारात लेकर पहुंचे प्रभु श्रीराम

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** तालग्राम में मंगलवार को प्रभु श्री राम की बरात धूमधाम से निकाली गई। इसमें सजीव व कृत्रिम झांकियों से सजे रथों को नगर भ्रमण कराया गया। श्रीराम, लक्ष्मण गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीराम का विवाह सीता जी के साथ कराया गया।

श्री रामलीला समिति तालग्राम की ओर से श्रीराम बारात का आयोजन किया गया। चेयरमैन मोहसिन खान ने अपने साथियो के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र की आरती उताकर फूलमाला पहनाई। देवी देवताओं के पात्रों में सजे कलाकारों सहित सीओ सिटी कमलेश कुमार, थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया का भी फूल मालाओं से स्वागत किया। बारात को बैंड बाजों व डीजे की धुन पर नगर भ्रमण कराया गया। बारात जनकपुरी पहुंची जहां सिया और राम का विवाह सम्पन्न कराया गया। बारातियों का चेयरमैन ने स्वागत किया। यहां कमेटी के अध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, डॉ. विनोद, रामजी गुप्ता, राजीव कुमार, अवनीश कुमार, सौरभ कुमार गुप्ता, राजेश सैनी, लालन पंडित, शाहरूख मंसूरी, अनिल कुमार मिश्रा कोठेदार, राजेश शर्मा सभासद, पंकज ठाकुर सभासद, छोटे ठेकेदार, सलमान राईन रहे।

## सीएमओ ने मारे छापे झोलाछाप गायब

**कन्नौज।** सीएमओ ने मंगलवार को आईजीआरएस में आई शिकायतों को लेकर तालग्राम में छापा मारा। इस दौरान झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग गये। तिर्वा में एक नर्सिंगहोम में छापा मारा।

प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव ने अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल व शैलेंद्र के साथ तालग्राम पहुंचे। इस दौरान क्लीनिक चला रहे दो झोलाछाप भाग निकले। इससे किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी। इस के बाद सीएमओ तिर्वा पहुंचे, जहां शास्त्री नगर निवासी अभय प्रताप शाक्य ने शिकायत की थी कि उसकी पत्नी कीर्ति का प्रसव तिर्वा के बरधइया रोड के एक नर्सिंगहोम में कराया था। आपरेशन के बाद पत्नी की हालत खराब हो गई। कई जगह इलाज कराया, इससे उसका लाखों रुपये खर्च हो गया। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया। प्रभारी सीएमओ ने नर्सिंग होम में जानकारी ली। इसके बाद तिर्वा के आरएस हास्पिटल में भर्ती पीड़ित महिला से मिले और हालचाल जाना। प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यदि लापरवाही मिलेगी तो कार्रवाई की जायेगी।

# राम बारात देखने उमड़ी आस्था

संवाददाता, छिबरामऊ


प्रभु राम की आरती उतारतीं विधायक अर्चना पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार की देर रात शहर में बैंडबाजों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात निकली। इस बार जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

पूर्वी बाईपास तालग्राम तिराहे के पास श्रीरामलीला कमेटी की ओर से राम बारात का शुभारंभ रात 8:30 बजे विधायक अर्चना पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु चौहान व महामंत्री वरुण प्रताप सिंह ने प्रभु श्री राम की आरती कर किया। इस बार बरेली से नंदी महाराज की झांकी, बरसाने से आई लठमार होली, उज्जैन की भस्म आरती, महाबली हनुमान की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। रामलीला मैदान बारात पहुंचने के बाद पंडित प्रेममुरारी दुबे ने जयमाल कराया। यहां राम व सीता जी का विवाह हुआ। कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष हिमांशु चौहान, महामंत्री वरुण प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों का आभार जताया। यहां अनुराग त्रिपाठी, सर्वेश चौरसिया, रजत त्रिपाठी, टीटू अग्निहोत्री, श्यामू चौहान, नवीन चौहान,दिलीप गुप्ता, आनंद गुप्ता महिंद्रा, वीरेश मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी, आकाश तिवारी, सनी अग्निहोत्री, विवेक गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सार्थक मिश्रा आदि रहे।

### विशुनगढ़ में बारात का जगह-जगह स्वागत

**विशुनगढ़।** रामलीला कमेटी अध्यक्ष प्रशांत कुमार त्रिपाठी द्वारा भगवान राम की आरती उतारकर शुभारंभ व पंडित सर्वेश शुक्ला द्वारा मंत्रों उच्चारण कर किला गेट से सजधज कर राम बरात निकली। जगह-जगह आरती उतारकर पुष्प वर्षा की गई। विधायक अर्चना पाण्डेय, राम भक्त प्रबंधक अरविंद कुमार त्रिपाठी, दिन मेला प्रबंधक सुधीर कुमार द्विवेदी कल्लू, रात्रि मेला प्रबंधक नेता राम बख्स लोधी, ओम जी दीक्षित, श्रीकांत अग्निहोत्री, विवेक तिवारी, देवेश कुमार, सुरेश कुमार विद्दी बाथम, सर्वेश राठौर, डॉ राजकुमार वर्मा, रामवीर वर्मा,योगेश वर्मा मौजूद रहे। सीओ प्रियंका बाजपेई, कुलदीप कुमार के निर्देशन में थानाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप मय पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

### पुष्प वर्षा के साथ कई जगह हुआ स्वागत

**छिबरामऊ।** राम बारात पर दीक्षित मार्केट के पास पुष्प वर्षा की गई। पीपल चौराह पर नव दुर्गा समिति की तरफ से और विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार में श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने पुरानी गल्ला मंडी के पास पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस जगह जगह मुस्तैद दिखी।

**आस्था की लहर** नवरात्र के छठवें दिन हुई पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना, मंदिरों में गूंजते रहे जयकारे

# मां भगवती के दरबार से हर तरफ बह रही भक्ति की बयार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


नवदुर्गा उत्सव में सजा मां भगवती का दरबार। अमृत विचार


आरती के दौरान पंडाल में उमड़े आस्थावान। अमृत विचार


सन्मार्ग के पंडाल में चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**अमृत विचार।** दो दिन की चतुर्थी के बाद छठे दिवस माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना में भक्त डूबे रहे। सिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रोज की तरह उमड़ी तो नवदुर्गा पंडालों में खासा उत्साह देखने को मिला।

शारदीय नवरात्र के क्रम में माता दुर्गा के पांचवे स्वरूप की पूजा अर्चना घरों, मंदिरों तथा देवी पंडालों में की गई। लोगों ने श्रद्धानुसार फल, फूल प्रसाद चढ़ाकर देवी को प्रसन्न किया। रोज की तरह ही शहर के फूलमती देवी, सिंहवाहिनी देवी, क्षेमकली देवी, काली देवी, मौरारी देवी मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ रही।

शहर में इस समय जगह-जगह देवी भागवत के साथ ही दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन चल रहा है। वहीं सबसे बड़ी दुर्गा पूजा जो एसबीएस इंटर कालेज के खेल मैदान में चल रही है में रात की आरती में हजारों की संख्या में पहुंचे महिला-पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। जयकारों से काफी देर तक पंडाल गुंजायमान रहा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। शहर में हर तरफ उत्साह दिख रहा है।

### छिबरामऊ में भक्तों ने की जगतजननी की आराधना

**छिबरामऊ।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन नगर के सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर में श्रृद्धालुओं ने मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी। पुराणों के अनुसार स्कंदमाता सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री होने के कारण स्कंदमाता की मनोहर छवि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में प्रकाशवान होती है। यह भी वर्णन मिलता है कि बालरुप में भगवान शिव के गोद में बैठने से स्कंदमाता को ममता स्वरुप भी माना जाता है। सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर आल्हा ऊदल ने तपस्या की थी और माता ने उन्हें दर्शन देकर उन्हें अजर अमर का आशीर्वाद दिया था।

### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**कन्नौज।** नवदुर्गा उत्सव पंडाल में आध्यात्मक संस्था सन्मार्ग की ओर से मंगलवार को चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर, लायंस बाल विद्या मंदिर, जेपी गर्ल्स इंटर कालेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कालेज, कान्हकुंवर इंटर कालेज, सरस्वती ज्ञान मंदिर, एसजीएम पब्लिक स्कूल, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, कन्नौज पब्लिक स्कूल, एम पी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, आकाश शिक्षा सदन, आर एन इंटर कालेज, एसबीएस इंटर कालेज, केबीएस शिक्षा सदन और कानपुर पब्लिक स्कूल के कुल करीब 120 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने भाई समीम पुत्र अब्दुल अजीज व भतीजा मेहताब आलम पुत्र मो0 समीम निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या से 2022 से अलग निवास करता हूँ। मेरा अपनी भाई व भतीजे से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **वकील अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम व पो0 बरांव परगना राठ तहसील बीकापुर जनपद अयोध्या**

**सूचना**
मेरी पुत्री संजना जायसवाल के हाईस्कूल के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो जायसवाल त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड में सन्नो देवी है। मेरी पुत्री के अंक पत्र/प्रमाण पत्र में माता का नाम सन्नो देवी किया जाय। **शपथी- सन्नो देवी पत्नी सतीश जायसवाल, निवासी बनकेपुर, थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**
मैं मो. इसराइल पुत्र अब्दुल हक निवासी ग्राम बनगवां थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर का हूँ। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मैंने अपने छोटे पुत्र मोहम्मद फिरोज जो मेरे कहने सुनने से बाहर है। इनके क्रियाकलाप से तंग आकर अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिया है। यदि इनके द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो उसकी जवाबदेही मेरे व मेरे परिवार की नही होगी। वे अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
मेरा वास्तविक नाम JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR है परन्तु त्रुटि वश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम BHIKKHU JITENDR VARDHAN व मेरे पिता का नाम KUWARE दर्ज हो गया है। जिसे संशोधित करके मेरे सभी अभिलेखों में JITENDRA KUMAR S/O RAM KUWAR लिखा पढ़ा व समझा जाये। **निवासी कनकहा, मोहनलाल गंज, लखनऊ**

**सूचना**
मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में आरुष पटेल लिखा है जबकि उसका सही नाम आरुष वर्मा है। मेरी पत्नी का नाम विद्यालय में गुड़िया वर्मा लिखा है जबकि उनका सही नाम रूबी वर्मा है। **विकास कुमार वर्मा पुत्र शिव कैलाश वर्मा ग्राम महरुपुर जनपद बाराबंकी वर्तमान पता जनपद कारागार बलरामपुर**

**सूचना**
वक्फ कनीज कुलसूम बेगम पंजीकरण संख्या-1-832 स्थित जमुनियांबाग, फैजाबाद जनपद अयोध्या जो वक्फकत्री के रजिस्ट्रीशुदा वक्फनामा दिनांक 14.07.1933 के अन्तर्गत शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, इन्दिरा भवन, लखनऊ में विधिवत् पंजीकृत वक्फ है जिसका गजट नोटिफिकेशन दिनांक 23 जनवरी, 1954 में हो चुका है। उपरोक्त वक्फ सम्पत्ति मकान नम्बर-पुराना 6/2/119 व नया नम्बर 6/2/164 पर अगर कोई अनुबन्ध, रजिस्ट्री आदि कोई व्यक्ति करता है तो वह अवैधानिक होगा।
(अहसन मेहदी रिज़्वी)
मुतावल्ली
वक्फ कनीज कुलसूम बेगम जमुनियांबाग, फैजाबाद जिला अयोध्या मो.नं.-8931833083

**आज का मौसम**

बुधवार को धूप खिली रहने के साथ उमसभरी गर्मी की संभावना है।

| 33.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 03 | सूर्यास्त 05 : 48 |

**सप्तम कालरात्रि**



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र- क्लीं ऐं श्री कालिकायै नम:

# घर में घुस महिला के साथ छेड़छाड़ में सिपाही बर्खास्त

## पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कराने के बाद की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शराब के नशे में सिविल ड्रेस पहनकर पहुंचा था यूपी-112 में तैनात सिपाही

**अमृत विचार**। महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 के सिपाही को बर्खास्त कर दिया है। मामले की जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

घटनाक्रम के अनुसार तालग्राम कस्बे की महिला का पति दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। महिला घर में दो बच्चों के साथ रहती है। छह अक्टूबर की रात महिला घर में अकेली थी, तभी मोहल्ले में ही किराये पर रहने वाला सिपाही उमेश चंद्र शराब के नशे में उसके घर में घुस गया। यह सिपाही यूपी-112 में तैनात था। महिला का आरोप था कि सिविल ड्रेस में पहुंचा सिपाही उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके विरोध करने पर पिटाई भी कर दी।

महिला ने उसका डटकर मुकाबला किया। सिपाही से गुत्थमगुत्था में उसका मंगलसूत्र भी टूट गया। शोर मचाने पर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने सिपाही को पकड़कर पिटाई कर दी। घर से निकलकर भागने के दौरान वह चबूतरे से गिरकर घायल हो गया। घायल सिपाही को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि आरोपी सिपाही ने पीड़िता के पति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। इस मामले में पीड़िता ने थानाध्यक्ष से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामला एसपी अमित आनंद तक पहुंचा तो उन्होंने तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया से पूरे मामले की जांच करवाई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर एसपी अमित आनंद ने सिपाही को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया।



आरोपी सिपाही उमेश चंद्र।

**जांच में सभी आरोपों की हुई पुष्टि: एसपी**

एसपी अमित आनंद ने बताया कि 6 अक्टूबर की रात्रि पीआरवी पर तैनात सिपाही उमेश चंद द्वारा शराब के नशे में महिला के साथ अभद्रता करने की सूचना मिली थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोपों की पुष्टि होने पर सिपाही को बर्खास्त कर दिया गया है। उधर, अभी तक महिला ने इस प्रकरण को लेकर कोई तहरीर नहीं दी है।

## दहेज के लिए बहू को जहर खिलाया

**गुरसहायगंज**। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद जहरीला पदार्थ खिलाकर धमकी दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डुंडवाबुजुर्ग निवासी कदीर खान पुत्र इकबाल खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि विगत वर्ष उसने अपनी बहन शबाना की शादी गांव के ही राहत हुसैन पुत्र शब्बीर हुसैन के पुत्र के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों ससुर राहत हुसैन, ननद उजमा, आसमा बेगम, फसाहत हुसैन, शाहनवाज ने अतिरिक्त दहेज न मिलने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया और घर से निकाल दिया था। 06 अक्टूबर को लगभग 03 बजे वह अपने घर में था। तभी ससुरालीजन घर आए और गाली गलौज करते हुए बहन के साथ मारपीट की। हाथ पैर बांध दिए और जान से मारने की नीयत से जबरदस्ती मुंह में जहरीला पदार्थ डाल दिया। इसके बाद धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच के बाद कार्रवाई होगी।



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते जिले के मीटर रीडर। अमृत विचार

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे रीडर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मीटर रीडर संघ ने आजीविका का उठाया गंभीर सवाल
- जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग

**अमृत विचार**। शहर में लग रहे स्मार्ट मीटर का विरोध मीटर रीडरों ने शुरू कर दिया है। उन्होंने आजीविका का सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी व अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौपा है।

स्मार्ट प्री पेड मीटर लगाने का काम जिला मुख्यालय से शुरू कर दिया गया है। इनके लगने से रीडिंग व बिल निकालने की समस्या नहीं होगी। जिले में सैकड़ों मीटर रीडर बेरोजगार हो जायेंगे। मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचे मीटर रीडरों ने विरोध प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंप स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग की। इस मौके पर मीटर रीडर संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य चौहान, उपाध्यक्ष गौरव दीक्षित, जिला मंत्री भरत प्रकाश, जिला मंत्री मुकेश कश्यप, जिला संगठन मंत्री प्रांशुल शर्मा, रितिक वर्मा, अंकित शर्मा, विजयपाल सिंह, मुकेश यादव, परवेज आलम, विश्व नाथ, आलोक कुमार, आदित्य कटियार, सुरेश चंद्र, राज किशोर यादव, रामू, तौफीक वारसी, गौरव दीक्षित, यकीन अहमद आदि मौजूद रहे।

**आज रात 10 बजे से सुबह तक नहीं मिलेगी बिजली**

**कन्नौज**। शहर की जर्जर बिजली केबिलों के बदलने के लिये बिजली विभाग शहर के कई मोहल्लों को बुधवार की रात 10 बजे से गुरुवार की सुबह पांच बजे तक बिजली नहीं देगा। पंसारियान, गढइया, सदर कोतवाली के पीछे, मोहल्ला काजीटोला की बिजली लाइन बदने का काम किया जायेगा। यह जानकारी जेई दीपक कनौजिया ने दी है। उन्होंने बताया कि चौधरियापुर विद्युत उपकेंद्र से इन मोहल्लों की बिजली कटी रहेगी। केबिल बदलने का काम कार्ययोजना के तहत किया जा रहा है। जर्जर केबिल बदल जाने से फाल्टों में कमी आयेगी।

**एक नजर**

**विधान परिषद की जांच समिति 16 को आएगी**

**कन्नौज**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति 16 अक्टूबर को आएगी। बताया जा रहा है कि समिति शिक्षा से जुड़े मामलों पर चर्चा करेगी। इसमें बेसिक से लेकर माध्यमिक व उच्च शिक्षा के प्रकरण, प्रगति पर विचार-विमर्श होगा। समिति में सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह (गुरुजी) व सदस्यों में विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू, रामतीर्थ सिंघल, विशाल सिंह चंचल, अविनाश सिंह चौहान, डॉ. आकाश अग्रवाल व मुकुल यादव शामिल हैं। समिति शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक भी करेगी।

**चोरी के सामान के साथ तीन चोर दबोचे गए**

**तिर्वा**। ठठिया थाना क्षेत्र के रंगियनपुर्वा निवासी नीतू पत्नी अमर सिंह बच्चो के साथ हापुड़ में रहती है। पति निजी कंपनी में काम करते हैं। 18 सितंबर को घर में लगे जंगला को तोड़कर गांव के अजय, पवन और लवकुश ने टीवी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया था। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों को पकड़कर उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए माल को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



हिरासत में चोर।

**पूर्व डीजीपी की पुण्यतिथि पर आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर**

**कन्नौज**। उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं शिक्षाविद श्रीराम अरुण की पुण्यतिथि पर आज यानि बुधवार को खैरनगर के नॉर्थ स्टार स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इसमें आंख, दांत, हड्डी आदि विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का परीक्षण करेंगे। साथ ही इलाज के लिए परामर्श और दवाओं का वितरण करेंगे। शिविर में मरीजों के खून की जांच भी हो सकेगी। मरीजों का पंजीकरण सुबह नौ बजे शुरू होगा। इस मौके पर 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों को आयुष्मान कार्ड भी बांटे जाएंगे। इस मौके पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल और प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव मौजूद रहेंगे।

# नवाब, नीलू की संपत्ति जब्त करायेगी पुलिस

**दुष्कर्म प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी नवाब सिंह यादव, उसके भाई नीलू यादव की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई पुलिस करायेगी। इसके लिये राजस्व के अलावा कई अन्य विभागों का सहयोग लिया जायेगा।

मामले में आरोपी नवाब सिंह यादव के अलावा भाई नीलू यादव व किशोरी की बुआ जेल में है। इनके खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि पुलिस लगातार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अब आरोपियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई करेगी। राजस्व समेत कई अन्य विभागों से इस कार्रवाई को इसके लिये लगाया जायेगा। कई विभागों से रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई आगे बढ़ेगी।

राजस्व विभाग जांच करेगा कि दोनों भाइयों के पास क्या-क्या संपत्ति है? कितनी भूमि है? जो नई भूमि बनाई है, वह कितने समय में बनाई है? इसके अलावा बैंक खाते भी चेक कराये जायेंगे। इनमें कितनी धनराशि जमा और किस स्रोत से जमा की गई है। आमदनी का जरिया क्या क्या है? यह प्रक्रिया के पूरी होने के बाद गैंगस्टर तीनों आरोपियों पर अब यह कार्रवाई होगी।

# विपरीत परिस्थितियों से निपटने में महिलाएं अधिक मजबूत

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार**। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि प्रकृति ने पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत बनाया है।

मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों से संवाद किया व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग जीवन पर्यन्त कुछ ना कुछ सीखते ही रहते हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हर मां-बाप, अभिभावक का सपना होता है। इसी को साकार करने के लिए जुटा रहता है। प्रकृति ने महिलाओं को सजृन की शक्ति व समझ दी है। एक महिला ही एक अच्छे परिवार का निर्माण करती है।



गांधी सभागार में बच्चों व उनके अभिभावकों से रूबरू होते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल।

# कक्षा 8 के छात्र ने पुलिस को दी लूट की झूठी सूचना

संवाददाता, सौरिख

- परिजनों की मारपीट से नाराज होकर गढ़ी झूठी कहानी

**अमृत विचार**। थाने पहुंचे कक्षा आठ के छात्र ने डीसीएम सवार लोगों पर साइकिल एवं किताबें लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सक्रिय हुई पुलिस ने झाड़ियों से सब सामान बरामद कर लिया। बाद में पता चला कि परिजनों की पिटाई से नाराज होकर झूठी कहानी गढ़ दी।

सकरावा थाना क्षेत्र के महमदगंज निवासी प्रशांत पाल पुत्र औसान सिंह औरैया जनपद के उमरैन कस्बा में एमएस इंटर कॉलेज का कक्षा आठ का छात्र है। मंगलवार को जूते फटे होने से उसने स्कूल जाने से मना कर दिया। इस पर परिजनों ने मारपीट करते हुए जबरन साइकिल से स्कूल भेज दिया। छात्र स्कूल के बजाय सौरिख थाने पहुंच गया।

प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह से स्कूल जाते समय डीसीएम सवार लोगों द्वारा साइकिल एवं किताबें लूटने की शिकायत की। पुलिस छात्र के बताए स्थान पर पहुंच गई और रोड के किनारे झाड़ियां से साइकिल एवं किताबें बरामद कर ली। परिजनों से जानकारी ली तो पता चला कि मारपीट से नाराज होकर बेटा ने झूठी कहानी रची है।

## विधायक निधि के कार्यों का लोकार्पण

**छिबरामऊ**। विकास खंड छिबरामऊ के माध्यम से कराए गए विधायक निधि के कार्य में से मोहल्ला कस्सावान बाल्मीकि बस्ती में 10 लाख 47 हजार की लागत से बने संस्कृतिक भवन का पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

वहीं एन एच 34 स्थित ग्राम निगोह खास रोड से प्रत्यूष प्रजापति के घर तक 8 लाख 97 हजार की लागत से बनी 180 मीटर की सड़क तथा ग्राम खल्लारूप मंगदपुर मेन रोड से राहुल सिसोदिया के घर तक 8 लाख 79 हजार रुपए की लागत से बनी 120 मीटर की सड़क का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान चेयरमैन मनोज दुबे, सभासद किशनलाल वाल्मीकि, सभासद गोपाल वाल्मीकि, हिमांक त्रिपाठी, प्रत्यूष प्रजापति, अमित प्रजापति, अश्विन दुबे, राहुल सिसोदिया व शैलेन्द्र चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# एक हेड कांस्टेबल के हवाले वन स्टॉप सेंटर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसआई की तैनाती नहीं, दो-दो सिपाही की रात-दिन की ड्यूटी

**अमृत विचार**। शहर के विनोद दीक्षित अस्पताल में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर पीड़िताओं के रुकने की जगह है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी हैं। एसआई की बजाय यहां कई महीनों से महिला हेड कांस्टेबल तैनात है। खास बात यह है कि वह भी इन दिनों ट्रेनिंग पर गई हैं। महज चार महिला सिपाही ही दो-दो कर दिन व रात में ड्यूटी कर रहीं हैं।

सकरावा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 साल की किशोरी को पांच अक्टूबर को वन स्टॉप सेंटर में रोका गया था। पुलिस ने उसे पुरुष मित्र के साथ बरामद किया था। पीड़ित परिजनों ने किशोरी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। छह अक्टूबर को सुबह आठ बजे के बाद वह टॉयलेट में लगे जंगला से निकलकर फरार हो गई थी। चर्चा है कि वन स्टॉप सेंटर में एक हिस्सा खुला हुआ है, उसी का फायदा लेकर किशोरी फरार हुई थी। यह दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। हालांकि अब तक किशोरी को तलाशा नहीं जा सका है।

दूसरी ओर चर्चा है कि वन स्टॉप सेंटर में पहले महिला पुलिस चौकी चलती थी तो एसआई के नेतृत्व में पुलिसकर्मी तैनात रहते थे। वर्तमान में यहां महिला हेड कांस्टेबल रंजना सिंह के साथ चार अन्य महिला सिपाही तैनात हैं। इन दिनों रंजना सिंह प्रशिक्षण ले रहीं हैं तो दो-दो महिला सिपाही दिन-रात में बारी-बारी से ड्यूटी के लिए रखी गईं हैं। ड्यूटी में लापरवाही से ही किशोरी निकल गई।

## प्रधान पर कब्जा कराने के आरोप

**सौरिख**। ग्राम पंचायत सकरावा के ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत कर प्रधान पर रुपये लेकर सरकारी जमीन कब्जाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

सकरावा के सतीश शर्मा, सानू मिश्रा, विशाल उर्फ मनु तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, कमलेश चंद्र शुक्ला ने डीएम शुभ्रांत शुक्ला से शिकायत कर प्रधान पर रुपये लेकर अरविंद नदी के पास सरकारी जमीन में स्थित तालाब में अवैध कब्जा कराने के आरोप लगाए। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इस संबंध में प्रधान पति श्रीराम उर्फ बंटू शाक्य एवं क्षेत्रीय लेखपाल आशीष कुमार अवस्थी ने बताया कि जिला पंचायत से नाला का निर्माण कराया गया था। इसके बाद कुछ लोगों का रास्ता बंद हो गया था। जिला पंचायत के अधिकारी एवं एसडीएम के आदेश से नाले पर पटिया डलवाई जा रही हैं।

# अधिक किराया होने से कैंटीन बंद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। रोडवेज बस अड्डे की कैंटीन एक वर्ष से बंद होने से विभाग को हर माह लाखों रुपये का चूना लग रहा है। विभाग ने कैंटीन का किराया कम नही किया है। इससे ठेका लेने के लिये लोग नहीं मिल रहे हैं।

राडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों के लिये खुली चाय-समोसा व अन्य खाद्य पदार्थ की कैंटीन बीते एक वर्ष से बंद हैं। इस की मुख्य वजह विभाग ने कैंटीन का किराया ज्यादा रखा है। कैंटीन का किराया 69413 रुपये हो गया था जिस के चलते जिस सौरभ गुप्ता नाम के ठेकेदार ने ठेका लिया था वह घाटे के चलते छोड़ कर चला गया। इस के बाद विभाग ने कई बार प्रयास किया कि कैंटीन का संचालन करने को किसी ठेकेदार को दिया जाये लेकिन विभाग को कोई ठेकेदार नहीं मिला। इसी तरह यहां पर पहले कन्नौज का प्रसिद्ध कलावती गट्टा बिक्री की दुकान थी। रोडवेज बस से बाहर से आने वाले यात्री गट्टा खरीदते थे। किराया अधिक होने से यह दुकान भी बंद हो गई। इसको भी बंद हुए करीव एक वर्ष का समय हो चुका है। बताया जाता है कि दुकान पर गट्टे की बिक्री कम होती थी जब कि किराया प्रति माह अधिक देना पड़ता था। यही नहीं किराया समय समय पर बढ़ा दिया जाता था। अब इस समय रोडवेज बस स्टैंड पर एक दुकान नमकीन व पानी के अलावा एक दुकान सेंट की खुली है। बताया जाता है कि यह दुकानें भी अधिक किराये के चलते बंद होने की कगार पर हैं। बस स्टैंड की सभी दुकानें बंद हो जाती हैं तो विभाग को प्रति माह एक लाख से अधिक रुपये की प्रति माह क्षति होगी। इस संबंधमें एआरएम स्वदेश निगम का कहना है कि हर माह प्रयास किया जा रहा है कि कैंटीन व अन्य दुकानों के संचालन का ठेका लेने लोग आएं।



खाली पड़ी रोडवेज बस स्टैंड की कैंटीन। अमृत विचार

- रोडवेज को प्रति माह लग रहा करीब एक लाख रुपये का चूना

**स्वीकृति पत्र सौंपे** | मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने सर्किट हाउस में की समीक्षा बैठक

# थाई मांगुर मछली की बिक्री पर करें सख्ती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बोले, योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र न रहे वंचित

**अमृत विचार**। प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने सोमवार रात सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। कहा, कि मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए जो योजना चल रहीं हैं, प्रत्येक पात्र को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने ग्रामसभा के तालाब में मत्स्य पालन के लिए केसीसी के लाभार्थी सुमित कुमार को 80 हजार और निर्मला को 10 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत होने का प्रमाण पत्र भी दिया।

मंत्री ने कहा कि तालाबों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। अविकसित तालाबों में मरम्मत कराई जाए और चारों तरफ पौधरोपण किया जाए। जो तालाब विकसित हैं उन्हें मछुआ समुदाय को आवंटित किए जाएं। उन्होंने सिंचाई व नलकूप विभाग को निर्देश दिए निरीक्षण कर तालाबों में जलापूर्ति की जाए। केसीसी की भांति मत्स्य पालकों के भी शिविर लगाकर क्रेडिट कार्ड बनाने का अभियान चलाने को कहा।

मंत्री डॉ. निषाद ने कहा कि प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर की बिक्री न होने दी जाए। उन्होंने प्रभारी सीएमओ डॉ. एके जाटव को मत्स्य पालक कल्याण कोष के तहत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिले, इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर एसपी अमित आनंद, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीडी लखनऊ, डॉ. हरेंद्र प्रसाद, डीडी कानपुर मंडल सुनीता वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य इटावा गायत्री पांडेय व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अजय कुमार मौजूद रहे।



लोन स्वीकृति पत्र देते मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद। अमृत विचार

# चार महीने में पांच हजार बुजुर्गों की पेंशन स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। चार महीनों में जिले के पांच हजार बुजुर्गों की पेंशन स्वीकृत हुई। जून से सितंबर तक डीएम को ओर से पात्रों को मंजूरी दी गई है। हर महीने एक हजार रुपये के हिसाब से आवेदकों को तिमाही लाभ दिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव की वजह से नए वित्तीय 2024-25 वर्ष अप्रैल व मई में आवेदकों की स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। छह जून को आदर्श आचार संहिता हटने के बाद तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने 1949 आवेदकों के लिए वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति दिलाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने जुलाई में 1523 पात्रों की सूची को डीएम से अनुमोदन दिलाया। अगस्त में 730 और सितंबर में 875 पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन में शामिल किया। इस तरह चार महीनों में कुल 5077 आवेदकों को पेंशन देने के लिए शासन को प्रस्ताव जा चुका है।

**पारिवारिक योजना में 2.50 करोड़ रुपये**

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 2024-25 में अब तक 818 पात्रों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30-30 हजार रुपये खातों में भेजे गए हैं। करीब ढाई करोड़ रुपये का बजट पीड़ित परिजनों को दिए गए हैं। बताया गया है कि 147 आवेदकों को लाभ देने के लिए स्वीकृति व बजट मंगाने की प्रक्रिया चल रही है।

**सार-संक्षेप**

**धोखाधड़ी के आरोप में दो लोग पकड़े गए**

**सौरिख**। सकरावा कस्बा में कॉस्मेटिक का सामान बेचकर महिलाओं से धोखाधड़ी करने के आरोप में ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने कार सवार दो को हिरासत में लिया है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन गांव निवासी अंजली गुप्ता पत्नी नितिन गुप्ता हसेरन में ब्यूटी पार्लर चलाती है। आरोप है कि एक वर्ष पूर्व कार सवार लोग कॉस्मेटिक का सामान बेचने आए थे और 45 हजार का सामान खरीदा था। एक युवक ने नशीला सेंट डालकर केवल 10 हजार का सामान छोड़ बाकी लेकर भाग गए थे। पिता ने एसपी समेत पुलिस से शिकायत की थी। मंगलवार को सकरावा में फिर से कार सवार कॉस्मेटिक का सामान बेचने पहुंच गए। तभी अंजली के पिता सतीश चंद्र गुप्ता ने अन्य लोगों के साथ दो लोगों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। अंजलि ने एक को पहचानते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है।

**कैमरे दिखावा, यातायात नियम उल्लंघन में कोई चालान नहीं**

**कन्नौज**। सरकार के लाखों रुपये खर्च कर यातायात पुलिस की ओर से पाल चौराहा समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के लगवाए कैमरे दिखावा बनकर रह गए हैं। एक माह से अधिक समय बीतने के बाद भी यातायात नियमों को तोड़ने वालों के चालान इनके माध्यम से नहीं किए गए। एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी आफाक खां ने बीते माह शहर के पाल चौराहा, सरायमीरा-तिर्वा रोड, ओवरब्रिज व पूर्वी ओवर ब्रिज के अलावा मरकंदनगर तिराहे पर कैमरे लगवाये गये थे। इनको लगवाने का मुख्य मकसद यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों का कैमरे देख कर चालान काटना था। इनको लगवाने के लिये लाखों रुपये सरकार का खर्च किया गया था। जिन चौराहों व ओवरब्रिज के निकट कैमरे लगवाये गये हैं वह स्थान संवेदनशील हैं। यहां पर वाहन चालकों की लापरवाही से दुर्घटनाएं होती रहतीं हैं। यातायात प्रभारी ने पुलिस लाइन में बने कंट्रोल रुम से इन कैमरों की न तो चेकिंग की और न ही यातायात नियम तोड़ रहे वाहनों के चालान काटे। इससे यह कैमरे बेमतलब साबित हो रहे हैं।

## एक नजर

### लोहिया अस्पताल के प्रांगण में जल्द खुलेगी पुलिस चौकी

**फर्रुखाबाद।** डॉ राम मनोहर लोहिया स्वयं चिकित्सालय आवासविकास में शीघ्र ही पुलिस चौकी खुलेगी। यह जानकारी देते हुए लोहिया अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि अक्सर ही अस्पताल में करते रहते हैं और कभी-कभी तो लड़ाई झगड़ा भी हो जाते हैं मरीज के त्योहार भी काफिला करते हैं, इसके अलावा बाहर के तत्व अस्पताल प्रांगण में शांति पैदा करने की संभावना बनाते रहते हैं ऐसे में उन्होंने मांग की थी कि लोहिया में पुलिस चौकी खोली जाए जैसे स्वीकार कर लिया गया है और लोहिया अस्पताल के प्रांगण में आर ओ प्लांट के पास इमरजेंसी के सामने पुलिस चौकी खोली जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर-थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान निवासी धनपाल पुत्र सुखपाल अमृतपुर कस्बे मे इण्डेन गैस एजेंसी पर आ रहा था। बांसी अड्डे के पास साइकिल मोड़ते समय अज्ञात वाहन ने साइकिल मे टक्कर मार दी। जिससे धनपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। साइकिल मे टक्कर लगने से लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेज दिया। तब तक अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

# 1 दिन की सीएमओ ने जिला अस्पताल का देखा हाल

## मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत सीएमओ बनी छात्रा जाह्नवी ने अस्पताल में गंदगी देख जताई नाराजगी


जिला अस्पताल लोहिया का निरीक्षण करतीं एक दिन की सीएमओ जाह्नवी।




जांच पड़ताल करते एसीएमओ व मरीजों से भी की बातचीत। अमृत विचार

फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत मंगलवार को एक दिन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी जाह्नवी अवस्थी पुत्री प्रमोद अवस्थी निवासी बनखड़िया फतेहगढ़ को बनाया गया। जाह्नवी अवस्थी के पिता एक टैक्सी चालक है। जाह्नवी रखा गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा है। उसने हाईस्कूल में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई जगह गंदगी मिली जिस पर नराजगी जताई।

एक दिन की सीएमओ जाह्नवी अवस्थी ने सीएमओ डॉ अवनींद्र कुमार के साथ जिला अस्पताल लोहिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला अस्पताल में स्टाफ बिना आईडी कार्ड और ड्रेस के भी मिला। महिला अस्पताल की मेस में रसोइया के पास गुटका मिला। वही एनआरसी वार्ड के इंचार्ज डॉक्टर विवेक सक्सेना अनुपस्थित मिले। एनआरसी वार्ड के गेमिंग रूम में गंदगी और अव्यवस्था मिली, जिसपर नाराजगी जताई है। निरीक्षण में डेंगू वार्ड के नाम पर खाना पूर्ति होती मिली। बर्न यूनिट के एक वार्ड को डेंगू वार्ड में तब्दील किया गया जिसमें बेड टूटे पड़े मिले और मच्छरदानी भी फटी मिली। जिला अस्पताल लोहिया में कमियां मिलने पर उन्हें सुधारने के निर्देश दिए। जाह्नवी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मुझे मुख्य चिकित्सा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर कर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। शासन और प्रशासन का धन्यवाद करती हूं जो मुझे इस कुर्सी पर बैठाया है। मैं एक प्रोफेसर बनना चाहती हूं। मुझे पढ़ाना ज्यादा अच्छा लगता है।

## एसीएमओ ने चलाया छापामार अभियान नर्सिंगहोम व एक्स-रे सेन्टर किया सील

**फर्रुखाबाद।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.रंजन गौतम ने मंगलवार को मसेनी चौराहा -कादरीगेट मार्ग पर स्थित मीरा हास्पिटल में छापा मारा। हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। इसके बाबजूद चार दिन पहले एक महिला का आपरेशन कर बालिका का जन्म कराया गया। एसीएमओ ने एम्बुलेंस बुलाकर प्रसूता को लोहिया अस्पताल भिजवाया और हास्पिटल सील कर दिया। उसकी ओटी भी सील की गई। उसी के सामने मां शक्ति डिजिटल एक्स-रे सेन्टर को भी सील किया गया।

## रिंद नदी पुल के दोनों ओर सड़क धंसने से हुए गड्ढे

संवाददाता, रूरा


पुल के पहले सड़क पर बड़ा गड्ढा।

- टोल टैक्स से बचाने के लिए भारी वाहनों का इसी पुल से होता आवागमन

**अमृत विचार।** मैथा-मड़ौली मार्ग पर मड़ौली और असेनी गांव के मध्य रिंद नदी पुल के पहले से दोनों तरफ सड़क धंसने के बाद बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं। मैथा-मड़ौली मार्ग कर करीब दस वर्ष पूर्व निर्माण कार्य कराया गया था। टोल टैक्स बचाने के चलते ही भारी वाहन भी सालों से इसी रास्ते से गुजर रहे हैं। जिससे जगह जगह सड़क पर गड्ढे हो गए है। वहीं रिंद नदी पुल के दोनों तरफ सड़क धंस गई है। जिसमे हुए गड्ढों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मड़ौली के राम नाथ, सत्यम मिश्रा, सरसी के अरविंद, रोशनमऊ के राम मोहन शुक्ला आदि ने बताया करीब 13 किलो मीटर मार्ग से आए दिन सैकड़ों ओवरलोड वाहन टोल बचाने के चक्कर में आवागमन करते हैं। जिससे सड़क खस्ताहाल होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

पुल के दोनों तरफ हुए गड्ढों में वाहनों के फंस का खतरा रहता है। इसके बावजूद अधिकारी मरम्मत नहीं करा रहे हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इस बावत लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन हेमंत सिंह ने बताया कि पुल के पास में सड़क पर गड्ढे होने की जानकारी मिली है। जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

### सिक्किम-महानंदा एक्सप्रेस का संचालन रद

**रूरा।** रूरा स्टेशन से दिल्ली और अलीपुरद्वार जाने वाले यात्री अब 4 दिसंबर से सिक्किम महानंदा ट्रेन से सप्ताह में दो दिन यात्रा नहीं कर सकेंगे। मुख्य जन संपर्क अधिकारी प्रयागराज शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि रूरा में रविवार और बुधवार रुकने वाली अप सिक्किम महानंदा ट्रेन का संचालन 4 दिसंबर से 8 जनवरी तक बंद रहेगा। जबकि सोमवार और शुक्रवार को रुकने वाली डाउन ट्रेन का संचालन 6 दिसंबर से 10 जनवरी 2025 तक बंद रहेगा। मौसम परिचालन के चलते ट्रेन को रद किया गया है।


श्रीराम, लक्ष्मण के साथ गुरु विश्वामित्र। अमृत विचार


दुर्गा मां की भव्य झांकी। अमृत विचार


श्रीकृष्ण की झांकी ने आकर्षित किया।

# बारात में दूल्हा राम को देखने उमड़ी भीड़

कमालगंज फर्रुखाबाद

- सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आया

**अमृत विचार।** राम को दूल्हा बना देखकर लोग मोहित हो गए जगह जगह राम व उनके भाइयों का भव्य स्वागत किया गया। बारात में जमकर आतिशबाजी चली। डीजे की धुन पर बाराती नाचते गाते नजर आए। प्रभु श्रीराम की बारात में पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

सोमवार देर शाम रामलीला समिति कमालगंज के द्वारा राम बारात का आयोजन किया गया। दूल्हा बने रघुनंदन को देखने के लिए देर रात तक सड़को पर लोग इंतजार करते रहे।राम बारात की शुरुआत तपस्वी वाले बाग से हुई इस बारात में लगभग तीन दर्जन झाकियों को शामिल किया गया। जिसमे मुख्य रूप से बाके बिहारी जी की ,काली मां का अखाड़ा, मां दुर्गा की छटा देखने में बहुत सुन्दर लग रही थी, वही नन्दी पर सवार मां पार्वती शिव जी , हनुमान जी पर जगह जगह पुष्पवर्षा कर सभी झाकियों का स्वागत किया गया। आधा दर्जन डीजे मैनपुरी से आए बैण्ड ने मधुर राम धुन बजाई जिसपर भक्त जमकर थिरके।इस बार रामलीला समिति के द्वारा राम लक्ष्मण के पात्र सगे भाइयों को ही बनाया गया है राम की भूमिका में आयुष तो लक्ष्मण की भूमिका में आदर्श नजर आ रहें है। वहीं बारात में सबसे आगे नासिक ढोल,काली का अखाड़ा तो पीछे गणेश जी, शंकर जी, नारद, विश्वामित्र बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष केशव चंद्र गुप्ता, अजय माहेश्वरी, शिवकुमार गोयल, संजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, उज्ज्वल हलवाई, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## गला रेतकर मारने में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबादः** खेत में नलकूप चलानें गये किसान की दबंग नें गला रेतकर हत्या कर दी । मामले में न्यायालय नें सुनवाई के दौरान दोषसिद्ध अभियुक्त करिया यादव को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदंड से दण्डित किया है।

18 मार्च 2021 को अंजू कटियार निवासी याकूतगंज फतेहगढ़ मुकदमा दर्ज कराया। जिसमे कहा कि उसके पिता शिव शंकर कटियार खेत पर नलकूप चलाने गये थे । दोपहर में लगभग दो बजे अंजू अपने भाई अजय कटियार के साथ वहां खाना लेकर पंहुची। उसी दौरान याकूतगंज निवासी करिया यादव आ गया और गाली-गलौज करने लगा। जब मना किया तो अभियुक्त करिया नें धारदार हथियार से में शिव शंकर को मारकर फरार हो गया । मौके पर ही शिवशंकर की मौत हो गई। मामले में न्यायालय फतेहगढ़ ने सुनवाई के दौरान करिया यादव को आजीवन कारावास व 24 हजार रूपये के जुर्माने से दंडित किया है।


क्रिश्चियन ग्राउंड के मैदान में रावण दहन की जगह का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# अफसरों ने देखी रावण दहन की तैयारी

फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में क्रिस्चियन कॉलेज ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी और सी एफ ओ शामिल रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से मुआयना किया और सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और जनसुविधाओं की व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रावण दहन समारोह के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने आयोजकों से भी अपील की कि वे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं।सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि समारोह को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभाग एकजुट होकर काम करेंगे। इस निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों ने समुचित तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## फर्जी आधार से दूसरे की भूमि बेचने में दो गिरफ्तार

फर्रुखाबाद


भूमि बिक्री में गिरफ्तार आरोपी।

**अमृत विचार।** फर्जी आधार कार्ड के मध्यम से दूसरे की भूमि बिक्री करनें में मसले में पुलिस नें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कंपिल थाना क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद निवासी विद्याराम पुत्र कामता प्रसाद की जमीन को फर्जी आधार कार्ड लगाकर बिक्री किया गया था। जिसमे विद्या सागर की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मुकदमे की जाँच के दौरान दो आरोपी प्रकाश में आये। मंगलवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक भभूती प्रसाद नें सतीश निवासी रौलिया कम्पिल व गुलजारी निवासी पट्टी नगला नया गाँव एटा को दी फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया है।

# श्रीराम की बारात पर हुई पुष्पवर्षा


समशाबाद कस्बा में निकलती राम बारात। अमृत विचार

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में श्री फैजाबाद समिति के तत्वाधान में हो रहे श्री वामपंथी महोत्सव के दौरान रविवार की शाम को प्रतिबंधित आदर्श भगवान श्री राम के गाजे बाजे एवं ढोल तमाशा के साथ बड़ी शान के साथ बारात शोभा यात्रा निकाली गई। बारात में चारों तरफ धार्मिक उल्लास का माहौल देखा गया। बारात में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात था।

पुलिस की ओर से बारात शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए जगह-जगह समाजसेवियों ने जलपान की व्यवस्था की थी। इस दौरान नगर क्षेत्र को भव्य रूप से अवतरित किया गया तथा डेफोबिया का निकट स्वागत किया गया। बारात नगर के मुख्य मार्गो से गुजर रही थी तो बारात ने दुकान और मकान की छत पर बारात का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। वधू ने राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न और बारात के साथ चल रही देवी देवताओं की हुंकारियों की आरती उतारकर पूजा की और प्रसाद चढ़ाया।

## पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**रूरा।** कल्यानीपुरवा बनीपारा की रीतू उर्फ़ अंकिता तिवारी ने शिकायती पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि उसका विवाह बीती 2 मार्च को गौरव तिवारी वार्ड नंबर तीन रामनगर रूरा के साथ हुआ था।

6 मार्च को चौथी में मायके आई और 12 मार्च को दोबारा ससुराल पहुंची। जहां पति गौरव तिवारी, जेठ सौरभ तिवारी, ससुर राजेंद्र तिवारी, देवर ऋषभ तिवारी व सास सुमन तिवारी ने उसे मारापीटा और पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज़ लाने की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि पति समेत 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।



सरेआम मारपीट करते दबंग का सीसीटीवी फुटेज।

## समुदाय विशेष के दो दबंगों ने लोगों से की मारपीट, वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद :** शहर कोतवाली क्षेत्र के पक्का पुल चौराहा पर

दोनों दबंगों ने ई-रिक्शा चालक के साथ सरेराह जमकर की मारपीट, सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।समुदाय विशेष के दोनों युवक मामूली विवाद में दबंगई के बल पर आए दिन झगड़ा,मारपीट करते है। दोनों युवकों का मारपीट करते हुए सीसीटीवी में घटना हुई कैद दबंगों ने पुलिस के सामने ही गरीब रिक्शा चालक के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी।

**लापरवाही** — हाउसहोल्ड कनेक्शन घर से दूर लगाने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

# जल जीवन मिशन की समीक्षा में चढ़ा पारा

फर्रुखाबाद, संवाददाता


जल जीवन मिशन की बैठक लेते जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने हाउस होल्ड कनेक्शन घर से दूर लगाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने रोड कटिंग रीस्टोर करने की रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर भी निराशा जताई और अधिकारियों को तीन दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने 15 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत रीस्ट्रोरेशन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश जारी किए।जिलाधिकारी ने कनेक्शन में लगने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता को बनाए रखने के भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, संबंधित अधिकारी और कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और सभी संबंधित पक्षों को निर्देश प्रदान देना था ताकि पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।

## बैंक में कनेक्टिविटी न होने से नहीं हो पा रहा कार्य, खातेदार परेशान

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सम्मान निधि की किस्त जारी कर दी गई है इसको लेकर एक तरफ किसानों में हर्ष दिखाई दे रहा है तो दूसरी तरफ निराशा हाथ नजर आ रही है। पीएम सम्मान निधि की किस्त निकालने के लिए भारी भीड़ बैंकों में नजर आ रही है लेकिन पीएम सम्मान निधि किसानों के बीचकनेक्टिविटी दूरियां बना रही है वही कस्बा राजपुर में स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में कनेक्टिविटी न होने के कारण खातेदारों को काफी समस्याएं देखने को मिल रही है सैकड़ो व्यक्ति बैंक में लाइन लगाकर खड़े हैं कार्य नहीं हो पा रहा है कुछ खातेदारों ने बताया कि वह दो दिन से लगातार आ रहे हैं लेकिन कनेक्टिविटी न होने के कारण मजबूरन लौटना पड़ रहा है।

# मेले में 100 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

संवाददाता, पुखरायां


रोजगार मेले में पंजीकरण कराते युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान एक सैकड़ा अभ्यर्थियों को प्रथम चरण में चयनित किया गया।

मंगलवार को रोजगार मेले में लेनवो ग्रुप ऑफ कंपनी के आलोक वर्मा, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के अमित सिंह, बालाजी ग्रुप आफ कंस्ट्रक्शन के नवनीत यादव व रूमिनेटिव स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के गौरव सैनी ने प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य कौशल के अनुसार लोगों को रोजगार मुहैया कराना है। जिसके तहत रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।

मेले में 230 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 100 प्रतिभागियों का साक्षात्कार लेकर रोजगार प्राप्त करने के योग्य पाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के मंत्री प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी, प्राचार्य प्रो. रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, डॉ. पर्वत सिंह, प्रो. मुकेश चंद्र द्विवेदी, प्रो. सविता गुप्ता, डॉ. हरीश कुमार सिंह, डॉ. हेमेंद्र सिंह, डॉ. कमलेश कुमार सिंह, डॉ. रमणीक श्रीवास्तव, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अंशुमान उपाध्याय, इदरीस खान, शिवनारायण यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्रकार को फंसाने का रचा षड़यंत्र, जांच की मांग

**बकेवर।** कस्बा बकेवर में एक व्यक्ति द्वारा थाने में फर्जी मनगढ़ंत कहानी बनाकर पत्रकार के ही खिलाफ थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पत्रकार ने एसएसपी के समक्ष शिकायती पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पत्रकार दीपक शर्मा ने एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा को दिये शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि कांशीराम कालोनी निवासी एक व्यक्ति का पड़ोस में विवाद चल रहा था। जिसकी शिकायत के आधार पर पीड़ित पत्रकार ने खबर चलायी। इसी बात को लेकर वह थाने में फर्जी शिकायती पत्र देकर उसे फंसाने में लगा हुआ है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

### एसडीएम ने चकरोड को खाली कराया

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम मीरखपुर पुठिया में उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने मौके पर पहुंचकर गाटा संख्या 207 की लेखपाल से नाप-जोख कराकर चकरोड को कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराया, साथ ही चकरोड पर तुरंत मिट्टी डलवाकर रास्ता खुलवाया। टीम में लेखपाल जहीर खान, मनीष दुबे, माजिद खान व विकास विभाग से सचिव विजेंद्र सिंह और जौनई पुलिस चौकी का स्टाफ मौजूद रहा।

# व्यापारियों ने मांगा मुआवजा

## हाईवे के चौड़ीकरण के दायरे में आई सुपर मार्केट, सिटी मजिस्ट्रेट से मिले व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 69 दुकानदारों के सामने रोजगार छिनने की समस्या
- व्यापार मंडल ने मुआवजे की राशि दिलाने की रखी मांग



सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह को कागजात दिखाते दुकानदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में नवीन मंडी परिसर स्थित सुपर मार्केट भी दायरे में आ रही है। मंडी समिति ने इन दुकानों का निर्माण कराकर किसानों को व्यापार के लिए आवंटित किया था। अब रोजगार छिनने की आशंका से किसान चिंतित हैं। किसानों की इस समस्या को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मंगलवार को मंडी समिति के प्रशासक एवं सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह से मिले और मुआवजे की मांग उठाई।

सुपर मार्केट की दुकानों के ध्वस्तीरण से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए किसान वर्तमान व्यवसायिक सर्किल रेट की दरों के हिसाब से मुआवजे की धनराशि मांग रहे हैं। हालांकि दुकानों का मालिकाना हक कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास है। ऐसे में मुआवजा की राशि के भुगतान को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। व्यापारी नेताओं का कहना है कि सुपर मार्केट के दुकानदारों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उनके हितों के लिए हर स्तर पर संघर्ष और आंदोलन किया जाएगा।

सुपर मार्केट में नवीन मंडी समिति ने किसानों को 69 दुकानों का आवंटन किया था। दुकानदारों को दुकानों के विक्रय का भी अधिकार दिया गया था। अब इटावा-बरेली राजमार्ग के चौड़ीकरण की परिधि में यह बाजार भी आ रहा है। सैकड़ों व्यापारी मंगलवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित की अगुवाई में सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह से मिले। व्यापारियों ने कहा कि व्यापारियों को जो क्षति हो रही है, उसका मुआवजा वर्तमान सर्किल रेट के हिसाब से व्यापारियों को दिया जाए। यह मार्केट व्यवसायिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है

### मुआवजे को लेकर फंसा पेंच, विधिक सलाह लेंगे

- सुपर मार्केट के मुआवजे को लेकर पेंच फंसा है। व्यापारियों की मांग पर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह जमीन नवीन मंडी समिति की है, अगर जमीन का अधिग्रहण होता है तो इसकी विधिक सलाह ली जाएगी कि मुआवजा मंडी परिषद को दिया जाए अथवा दुकानदारों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले की जांच की जाएगी। इस अवसर पर नरेश चन्द्र यादव, मनोज त्रिपाठी, अरविंद यादव सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## आधार में संशोधन के लिए शुल्क तय

**इटावा।** डाकघर में आधार कार्ड बनाए जाने और आधार कार्ड में संशोधन किए जाने का काम चल रहा है। इसमें यह व्यवस्था है कि नए नामांकन के लिए कोई फीस नहीं लगेगी। संशोधन के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है।

डाक अधीक्षक चंद्रशेखर बरुआ ने बताया कि इटावा और औरैया जिले के कई डाकघरों में आधार कार्ड की सेवाएं दी जा रही हैं, इसके लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि आधार नामांकन पंजीकरण के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा, लेकिन संशोधन कराने में शुल्क देना होगा। बिना बॉयोमेट्रिक संशोधन करने के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होगा। दस्तावेज अद्यतन करने के लिए भी 50 रुपये देने पड़ेंगे। यदि संशोधन बॉयोमेट्रिक के साथ कराना है तो उसके लिए 100 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने लोगों से कहा कि जो शुल्क निर्धारित किया गया है, आधार संशोधन के समय वही निर्धारित शुल्क दें। अगर कोई ज्यादा शुल्क मांगता है तो इसकी शिकायत की जा सकती है।

## सार-संक्षेप



नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य। अमृत विचार

### सपा की जिला और ब्लाक कमेटी का विस्तार

**इटावा।** सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने जिला कार्य समिति का विस्तार करते हुए मुईनुदीन मंसूरी उर्फ़ गुड्डू निवासी करनपुरा छिपेटी को सपा जिला सचिव मनोनीत किया। गढ़ाकासदा चकरनगर निवासी हेमरुद सिंह सेंगर को ब्लॉक चकरनगर का ब्लॉक अध्यक्ष तथा विशंभर सिंह यादव निवासी नगला कडोरी चकरनगर को ब्लाक महासचिव मनोनीत किया। नवमनोनीत पदाधिकारियों को सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, जिला सचिव दीपी सिंह, हुकुम सिंह यादव, डा .जय सिंह चौहान, बृजेंद्र यादव, उमेश यादव लंकू, प्रो ब्रजेन्द्र यादव, अखिलेश वर्मा, दीपक पाल, अनुज यादव, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, बंटी मंसूरी, नुरेन मंसूरी, सतीक मंसूरी, परवेज उर्फ मुन्नू मंसूरी, हाजी लड्डन मंसूरी, मुन्ना मंसूरी,राजू मंसूरी, बंटी मंसूरी आमीन भाई आदि ने बधाई दी।



गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### गो सेवा आयोग के सदस्य का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**इटावा।** सिरसागंज निवासी रमाकांत उपाध्याय का गोसेवा आयोग का सदस्य बनाए जाने के बाद पहली बार अपने गांव जाते समय स्वागत किया गया। इकदिल कस्बा के श्रीराम बीज भंडार पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि वह गोवंश की रक्षा के लिए काम करेगें। गृह जनपद फिरोजाबाद जाते समय इकदिल कस्बा के पश्चिमी तिराहा के पास श्री राम बीज भंडार पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि वह गोवंशों की रक्षा के लिए काम करेगें। उन्होने कहा कि प्रदेश की गोशालाओं की हालत में और सुधार कराए जाने का प्रयास करेंगें। गोसेवा आयोग के सदस्य ने टिक्सी मंदिर के पास स्थित सिद्व गुफा गौशाल का निरीक्षण किया। स्वागत करने वालों में जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, राम कुमार त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेवा अशोक चौबे, अमित कुमार उपाध्याय, उमेश शुक्ला, बृजेश दुबे, बृजेश उपाध्याय के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

### फायरिंग कर पत्नी-बेटे को धमकाने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** घरेलू विवाद को लेकर पत्नी और बेटे को धमकाने के लिए तमंचे से हवाई फायर करने वाले का बेटे ने ही वीडियो बनाकर पुलिस को भेज दिया। पड़ोसी के यहां छिपने के बावजूद फोर्स ने दबिश देकर उसे तमंचा-कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम इसी क्षेत्र के नगला बाबा छोटा गांव में रहने वाले शातिर चंद्रभान ने घरेलू मामले को लेकर पत्नी और बेटे को धमकाने के लिए तमंचे से हवाई फायर कर दिया। इससे गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया। बेटे ने फायर करते हुए इसका वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना दी। इस पर फोर्स के साथ गांव में दबिश दी गई तो वह पड़ोसी के घर में कूदकर छिप गया। आसपास के लोगों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से तमंचे के साथ तीन कारतूस और दो खोखा बरामद हुए। इसके खिलाफ जानलेवा हमला व अन्य मामलों के तीन अभियोग पहले से दर्ज पाए गए। आरोपी गांव में अक्सर इस तरह का उत्पात करके लोगों का जीना दुश्वार किए हुए था। इसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क हादसे का शिकार युवक की हुई शिनाख्त

संवाददाता, इकदिल

**अमृत विचार।** मानिकपुर मोड़ के पास सोमवार को हादसे का शिकार हुए युवक की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बदायूं जिले के कादर चौक थाना क्षेत्र के धनपुरा का शीश पाल (40) पुत्र पूरनलाल साथियों के साथ कराईपुरा के ईंट भट्टे में काम करता था। सोमवार को वह बाजार गया था। बाजार से भट्ठा लौट रहा था तभी मानिकपुरा मोड़ के पास वह हाईवे पार करने लगा, तभी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शिनाख्त न होने पर शव मर्च्युरी में रखा गया था। मंगलवार को साथियों ने शिनाख्त की।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर घायल

**इटावा।** भिंड रोड पर काली वाहन मंदिर के पास बाइक से जा रहे एक किशोर को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलरई थाना क्षेत्र के गांव सीसिया की मडैया निवासी 17 वर्षीय विक्रांत अपनी बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह काली वाहन मंदिर के पास पहुचां तभी चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक समेत सड़क पर जा गिरा जिससे उसको काफी चोटें आई। जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिवार के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर उसके मौसा नवीन मौके पर पहुंचे। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## होमगार्ड की संदिग्ध हालात में हुई मौत

**इकदिल।** थाना क्षेत्र के गांव कांकरपुरा में एक होमगार्ड की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर पर पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

क्षेत्र के कांकरपुरा निवासी हरी सिंह (55) होमगार्ड में था। उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जांच की जा रही है।

# पॉलीटेक्निक छात्रों ने काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा





हंगामा करते राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्रों ने कई विषयों में बैक पेपर लगने पर कॉलेज के बाहर हंगामा काटा। कॉलेज के सेकेंड और थर्ड ईयर के करीब 400 छात्रों में से 300 छात्रों की कई विषयों में बैक लगी है। छात्र चार दिन से कॉलेज प्रबंधन से गड़बड़ी की शिकायत कर रहे हैं।

छात्रों ने बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्र बोले समस्या का समाधान नहीं होने पर पढ़ाई छोड़ना पड़ेगी। छात्रों ने बोर्ड पर कॉपियां का पुनरीक्षण करने के नाम पर प्रत्येक विषय पर 500 फीस लेकर धन उगाही का बड़ा आरोप लगाया है। वहीं कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के आरोपों को बेबुनियाद बताया है ।

तीन अक्टूबर को छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। छात्रों के कई विषय में बैक लगी दिखाई दी। कॉलेज ने यह सारा मामला बोर्ड के ऊपर मढ़ते हुए हाथ खड़े कर लिए। छात्रों का कहना है कि हमारी उत्तर पुस्तिकाएं हैं। उनको एक बार देख लिया जाए या जो रिवॉल्यूशन फीस 500 रुपये लग रही है। उसको न लेकर उत्तर पुस्तिकाओं का पुननिरीक्षण किया जाए।

छात्र निखिल कुमार ने बताया है कि हमारी कक्षा में 70 बच्चों में से करीब 50 बच्चों के बैक लगी है। 600 छात्रों में करीब 300 से अधिक छात्रों के बैक लगी है। इसके पीछे यह कारण है कि एक सब्जेक्ट की 500 रूपये फीस लगती है। यदि कोई छात्र पांच विषय में फेल है तो उसको 2500 रुपये फीस जमा करनी होगी। जबकि छात्रों के पास इतने रुपये नहीं है।

# बिना अनुमति मस्जिद निर्माण पर रोक

संवाददाता, ताखा



मस्जिद निर्माण के बारे में जांच करतीं एसडीएम श्वेता मिश्रा। अमृत विचार

- हिंदू संगठनों की शिकायत पर एसडीएम ने लगाई रोक

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के कनकुआ गांव में बिना अनुमति के हो रहे मस्जिद के विस्तारीकरण पर हिंदू संगठनों में रोष फैल गया। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम व सीओ ने निर्माण कार्य को रोक दिया है। हिंदू संगठनों ने बिना अनुमति के किए गए पूरे निर्माण को गैर कानूनी बताया है।

ताखा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पटियायत के कनकुआ में पिछले कुछ दिनों से एक मस्जिद का धीरे-धीरे विस्तारीकरण कर दिया गया। मंगलवार को मस्जिद के ऊपर गुंबद बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी जब विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री भानू ठाकुर, बजरंग दल के सह संयोजक रजनीश मिश्रा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुदेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल राज वर्मा को हुई तो सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अवनीश राय व एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा को फोन पर सूचना दी।

पूरे जनपद में हिंदू संगठनों में रोष फैल गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने पहले मौके पर एक टीम को भेजा, लेकिन संगठनों के संतुष्ट न होने पर एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा और भरथना क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, तहसीलदार मोहम्मद असलम, थानाध्यक्ष मंसूर अहमद भी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम को निर्माण के संबध में कोई अनुमति नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद काम रोक दिया गया है।

एसडीएम श्वेता मिश्रा ने बताया कि मस्जिद निर्माण की शिकायत मिलने के बाद काम रोक दिया गया है। जांच की जा रही है कि कार्य के लिए अनुमति ली गई थी या नहीं। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से इस संबध में कोई भी निर्माण के लिए अनुमति नहीं दी गई है।

## युवक की बंबा में गिरने से मौत

**इकदिल।** क्षेत्र के गांव भूल पुरा में खेत में धान की फसल देखने गए युवक की बम्बा में गिरने मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।

भूलपुरा के रहने वाले रामलखन का 40 वर्षीय बेटा अमरेश उर्फ बबलू सोमवार शाम चार बजे घर से धान की फसल खेत में देखने के लिए निकला था। मंगलवार दोपहर के बाद उसका शव गांव कथगवां के सामने बंबा में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन रोते बिलखते पहुंचे। मृतक के पिता रामलखन ने बताया घर से धान की फसल देखने की कहकर आया था। देर रात तक घर नही पहुंचा मृतक बेटा शराब पीने का आधी था । शव बम्बा में पड़ा मिला है। मृतक दो भाइयों घर का बड़ा बेटा था। उसकी अभी शादी नही हुई थी। छोटा भाई पिंटू बाहर रहता है। मां चमेली देवी के साथ परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। करीबी लोग ढांढस बंधा रहे हैं।

# 117 बकाएदारों के घरों के काटे कनेक्शन, 4.21 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चेकिंग अभियान में बिजली चोरी करते पकड़े 13 लोग
- लाइन लास कम करने के लिए चल रहा अभियान

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से लाइन लास कम करने और चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मॉर्निंग रेड और दिन में भी चेकिंग जारी है। इस दौरान कम खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची लेकर उनके मीटर चेक किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत 13 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।

विद्युत विभाग के उप खंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार राणा की टीम ने फ्रेंड्स कॉलोनी और अंशुल कॉलोनी में चेकिंग की तो 7 उपभोक्ताओं को चोरी करते हुए पकड़ा गया। इनमें से 6 उपभोक्ता केबल बाईपास करके बिजली की चोरी कर रहे थे। एक व्यक्ति तो बिना कनेक्शन लिए ही बिजली का प्रयोग किया जा रहा था।

बिजली विभाग की एक अन्य टीम उप खंड अधिकारी पीयूष कुमार मौर्या और अवर अभियंता विनोद यादव के नेतृत्व में निकली। इस टीम ने आवास विकास कालोनी और पीपल अड्डा में कम खपत वाले उपभोक्ताओं की जांच की तो 6 उपभोक्ता केबल बाईपास करके चोरी करते हुए पकड़े गए। इन सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि बिल जमा न करने वालों के कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ऐसे 117 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए, जिन्होंने बिल जमा नहीं किया था। इस दौरान बकाएदारों से चार लाख 21 हजार रुपये के बिल की वसूली भी की गई।

## बसैयाहार में 11 को रामकथा का विश्राम

**महेवा।** बसैयाहर में मां बाराही माता मंदिर पर संगीतमय राम कथा का आयोजन धूमधाम से चल रहा है। सुप्रसिद्ध सरस कथावाचक पं रामबरन शर्मा ने राम वनवास की मार्मिक कथा सुनाई।

राम कथा के आयोजन के परीक्षित वंदना शुक्ला, प्रवीण कुमार शुक्ला, आयोजक उर्मिला शुक्ला, ह्रदय राम शुक्ला, सीता शुक्ला और प्रदीप कुमार शुक्ला आदि रहे। जानकारी दी गई कि कथा का विश्राम 11 अक्टूबर को तथा हवन और भंडारा 12 अक्टूबर को होगा। श्याम प्रकाश त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, रामनरेश राठौर सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

## मानसिक रोगों से बचाव के उपाय बताए

**महेवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मानसिक रोगों से बचाव के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीएचसी के अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने की। गोष्ठी में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को मानसिक रोगों से बचाव के उपाय बताए।

गोष्ठी में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. श्वेता यादव ने बताया कि मानसिक रोगी के प्रमुख लक्षणों में नीद काम आना, उदासी की भावना रहना, हीन भावना रहना, डर का भाव रहना तथा शक करना आदि बिंदु शामिल हैं। रामेश्वरी प्रजापति ने बताया कि कोई बच्चा जो पढ़ाई में कमजोर है। बार-बार समझाने के बाद भी नही समझता है। अक्सर बच्चों से मारपीट करता है या फिर अत्यधिक चंचल है, वह भी इस श्रेणी में हैं। विशेषज्ञों ने मानसिक रोग से बचने के लिए भरपूर नींद लेने की सलाह दी। इस दौरान डाक्टर दिलीप अग्रहरी, अमित कुमार सैनी, दिलीप कुमार चौबे, अविनाश द्विवेदी, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झलोखर वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मेमो केंद्रीय/पंचम वित्त/2024–2025 दिनांक– 08/10/2024

**निविदा सूचना**

केंद्रीय/ पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत झलोखर में नाली मरम्मत का कार्य बिहारी शिवहरे के घर से बऊवा यादव के घर तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 16/10/2024 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 16/10/2024 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 77 बैग |
| 2 | लोकल बालू | 00.00 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 11.64 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 00.00 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.50 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा | 12696 नग |

नोट– जो भी सामग्री निर्माण कार्य के समय उपयोगिता के अनुसार पाई जायेगी उसे कार्य स्थल पर देय होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत झलोखर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत झलोखर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

दिखाया दम — इकदिल के कंपोजिट विद्यालय में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# अंशू, आराध्या और वैष्णवी बनीं विजेता

कार्यालय संवाददाता, इटावा



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड बढ़पुरा की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी के तत्वावधान में पिलखर संकुल की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय इकदिल में किया गया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 मीटर, 100 मीटर की दौड़ और लंबी कूद में अंशू सिंह प्राथमिक विद्यालय नगला खादर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में आराध्या प्राथमिक विद्यालय नगला खादर ने प्रथम हासिल किया। लम्बी कूद में कम्पोजिट विद्यालय इकदिल की वैष्णवी ने प्रथम, जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जिलानी कम्पोजिट विद्यालय इकदिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में भोले देशरमऊ ने प्रथम, 400 मीटर में ओम नगला कुरट ने प्रथम, लम्बी कूद में नितिन देशरमऊ ने प्रथम, बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अंशिका इकदिल ने प्रथम, रेखा नगला कुरट ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम, खुशी इकदिल ने लम्बी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में देशरमऊ ने नगला कुरट को 14-04 से हराया। बालिका वर्ग कबड्डी में में इकदिल की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाद्ध प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता और बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में इकदिलने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में इकदिल की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। पिलखर संकुल के सभी संकुल शिक्षक और अध्यापक और अध्यापिकाओं का सहयोग रहा। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक करवाने में ब्लाक व्यायाम शिक्षक बढ़पुरा अजय पाल सिंह यादव, वेद प्रकाश, अमित यादव, नृपेंद्र चतुर्वेदी, और मनीष का सहयोग रहा।

# कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों को मिलेंगे 10 लाख

## मुख्यमंत्री योजना कोविड एवं स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत प्रति बच्चे को 4000-4000 रुपये दिए जायेंगे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज -5 के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में महिला अथवा बालिका लाभार्थी के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड- 19 तथा स्पॉन्सरशिप के अनाथ बच्चों से संवाद किया, जिसमें दो बच्चे ऐसे पाए गए थे जिनके माता पिता की कोविड -19 के दौरान मृत्यु हो गई थी। उनको पीएम केयर फण्ड से उनके डाकघर में खुलवाए गए। खाते में 7 लाख रुपये की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। शेष 3 लाख रुपये की धनराशि अगली किस्त में उनके खाते में हस्तानान्तरित हो जायेगी। उनकी पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री योजना कोविड एवं स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत प्रति बच्चे को 4000-4000 रुपये कुल धनराशि 8000 रुपये प्रतिमाह लाभार्थियों को दिया जा रहा है। तत्पश्चात् 4 बच्चों को बाल सेवा योजना के अन्तर्गत उनकी पढ़ायी हेतु एक-एक लैपटाप प्रदान किया गया तथा 50 बच्चों को एक-एक स्कूल बैग एक - एक पानी की बोतल देकर आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे बच्चों में खुशी की लहर उत्पन्न हुई। इस अवसर पर बच्चे व अभिभाक भी जिलाधिकारी से सीधा संवाद कर अपने आपको गौरान्वित महसूस किये। कार्यक्रम में आये तीन लाभार्थियों के प्रकरणों पर उनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार, रीना चौहान संरक्षण अधिकारी को उनके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर महिला थाना अध्यक्ष, संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं महिला कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी आदि मौजूद रहे।


बच्चे को लैपटॉप देते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर।


निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

### डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सेहुद स्थित निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति सहित अन्य व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही सभी कार्य मानक और गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किये जाने के दिये निर्देश। उन्होंने हॉस्टल, ब्वॉय हॉस्टल, लाइब्रेरी, पुस्तकालय आदि को देखते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि इनका कार्य मानक और गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे पंजीकृत छात्र-छात्राओं को रहने व शिक्षण कार्य में कोई असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित को यह भी निर्देश दिए कि परिसर में साफ सफाई बेहतर रखी जाए जिससे किसी प्रकार की कोई बीमारी आदि न फैले। उन्होंने कहा कि परिसर में कोई शिकायती कार्य न हो यदि किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधितों को परिसर में पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, कार्यदाई संस्था सहित संबंधित आदि मौजूद रहे।

## समाज सेविका के निधन पर नगर में शोक की लहर

**बिधूना औरैया।** कस्बे के किशोरगंज निवासी समाजसेविका सरला दुबे पत्नी अशोक कुमार दुबे का 69 वर्ष की उम्र में पीजीआई लखनऊ में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह बीते कुछ दिनों से हृदय संबंधी बीमारी से ग्रस्त थीं। उनके निधन पर मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शोक में कार्य नहीं किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य,रिया शाक्य पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बिधूना,तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह कुशवाह एडवोकेट, शमीम अख्तर महामंत्री, रविन्द्र कुमार पांडे पूर्व अध्यक्ष, अरविंद दुबे पूर्व अध्यक्ष, सुरेन्द्र नारायन तिवारी पूर्व अध्यक्ष, अमरेश सिंह सेंगर पूर्व महामंत्री, विजय कुमार अग्निहोत्री,सदन सिंह शाक्य यादवेंद्र शरणं त्रिवेदी , धीरेन्द्र सिंह सेंगर एडवोकेट राकेश यादव, नरेन्द्र यादव, कुलदीप सिंह कुशवाह, विक्रांत सिंह चौहान,सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


विधार्थियों को जानकारी देते ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार।

### विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**औरैया।** मंगलवार को गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियम और उनके पालन के तरीकों को विस्तार से समझाया गया। गेल सुरक्षा विभाग और जिला ट्रैफिक पुलिस की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में औरैया ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बड़े ही विस्तार से सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों को विस्तार से बताया, उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल, संकेत , नियम और सड़क सुरक्षा के पांच ई (एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर, एंपैथी) के बारे में बताया। सभी विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने और वाहन चलाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सुकेश सांगवान (गेल सुरक्षा अधिकारी) ने विद्यार्थियों से सुरक्षा संबंधित प्रश्न भी पूछे और उन्हे प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर गेल सुरक्षा अधिकारी बासप्पा असुंडी और शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य दीपा शरण ने सभी आगंतुकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।


छात्राओं को बधाई देते प्रधानाचार्य व शिक्षक। अमृत विचार

### अंडर-19 बालिकाओं ने मंडल स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता जीती

**औरैया।** वैदिक इंटर कॉलेज की अंडर -19 बालिकाओं ने मंडल स्तरीय खो - खो प्रतियोगिता जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बीते 7 अक्टूबर को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन कानपुर में मंडल स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में वैदिक इंटर कॉलेज की बालिकाएं कंचन ( कप्तान) दीपाली , ऋषिका , मानसी आरती , राखी एवं दिव्या ने प्रतिभाग किया था। मंडल स्तर पर बालिकाओं ने औरैया जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए मंडल स्तर पर अंडर -19 बालिका वर्ग में इटावा को हराकर विजेता बनी थीं। सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबला शानदार हुआ। औरैया का सेमीफाइनल मुकाबला फर्रुखाबाद से खेला गया जिसमें औरैया ने मुकाबला 7 - 1 से जीतकर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। फाइनल मुकाबला 2 - 2 से बराबरी पर रहा। मैच टाई होने के कारण मुकाबला एक बार फिर से खेला गया जिसमें औरैया की बालिकाओं ने मुकाबला 4 - 5 से अपने नाम किया। औरैया ने अंतिम 3 सेकंड में प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज किया। अंडर -19 बालिकाओं का चयन प्रदेश स्तर पर हो गया है। बालिकाएं अब कानपुर मंडल का प्रतिनिधि करेंगी। खो - खो प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता अयोध्या में 17 अक्टूबर को बालिका प्रतिभाग करेंगी।


डीआईओएस से भुगतान के लिए मांग करते प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री व अन्य।

### तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान की उठाई मांग

**औरैया।** उ. प्र. प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डीआईओएस बृजेश कुमार से भेंट कर जनपद के तदर्थ शिक्षको के वेतन भुगतान की मांग उठाई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रधानाचार्यो ने बताया कि पिछले वर्ष से शासन के आदेश पर इन शिक्षको का वेतन भुगतान बन्द कर दिया गया था। अब तदर्थ शिक्षक न्यायालय में लम्बी लड़ाई लड़कर और जीतकर आए है तो अन्य जनपदों की भांति इन शिक्षकों के भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र ने जनपद के विद्यालयों का समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार माह के प्रथम सप्ताह में भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह कार्यालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जितेंद्र सिंह, अरुण कुमार त्रिपाठी संजय पांडे मौजूद रहे।


शिक्षकों को सम्मानित करते भाविप के पदाधिकारी। अमृत विचार

### छात्र और शिक्षकों को किया गया पुरस्कृत

**भरथना।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा भरथना ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत एसएवी इंटर कालेज और संस्कृति इण्टरनेशनल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता कराई। सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्र- छात्राओं व गुरुजनों को पुरस्कृत किया गया। संस्कृति इण्टरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ निदेशक अंकित यादव, प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह सहित शिक्षक अश्वनी को पट्टिका व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं एसएवी इण्टर कालेज में भी स्कूल के सीनियर व जूनियर वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार, शिक्षक आशुतोष को प्रतीक चिन्ह व पट्टिका भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष चन्द्रशेखर राठौर, कोषाध्यक्ष अशोक पोरवाल, डा.आरएन दुबे, अवधेश चौधरी, अनिल श्रीवास्तव, रामप्रकाश पाल, संजय माधवानी, नीलू पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार पोरवाल, मक्खन सिंह, विनोद पोरवाल, बृजेश पोरवाल, बन्टी, दिव्यांशु दुबे, ललित पाल, दीपक दुबे, सन्तोष आदि की उपस्थिति रही।

## एक नजर

### गरिमा ने संभाला अजीतमल एसडीएम का चार्ज

**अजीतमल, औरैया।** मंगलवार को तहसील अजीतमल में 2022 बैच की पीसीएस उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया ने कार्यभार ग्रहण किया है। अजीतमल तहसील में रहे एसडीएम अमित त्रिपाठी को जिले के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के पद पर भेजा गया है। नावांगतुक एसडीएम गरिमा सोनकिया ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा। तहसील में आने वाले सभी फरियादियों को न्याय दिलाया जायेगा।


एसडीएम गरिमा सोनकिया।

### ट्रैक पार कर रहे युवक की मालगाड़ी से कटकर मौत

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के गपकापुर गांव के सामने ट्रैक पार कर रहे 45 वर्षीय युवक की डाउन मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिबियापुर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नईम अहमद ने बताया की बीती रात्रि थाना क्षेत्र के गपकापुर गांव के सामने भट्टा बस्ती से अपने घर सैनिक नगर जा रहे। 45 वर्षीय युवक सुरेश चंद्र की डाउन मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई।

### ईट-भट्टे पर मिले शव की नहीं मिली तहरीर

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट भट्टा पर मिले मजदूर के शव के मामले में पुलिस अभी तहरीर का इंतज़ार में बैठी हुई है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जायेगा। जगन्नाथपुर गांव निवासी राजकुमार का शव बीते सोमवार की देर रात मोहारी गांव स्थित एक ईंट भट्टा पर मिला था जहां मृतक भट्टा पर बतौर ईट निकासी मजदूरी करता था। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए परिजन, ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंच गए थे। जहां कार्रवाई का आश्वाशन मिलने के बाद वापस लौट गए थे। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी अभी नहीं आई है।

## 5000 रुपये की रिश्वत लेते लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जमीन की पैमाइश करने के नाम पर लिये थे रुपये

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित किसान ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि लेखपाल जमीन की पैमाइश करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है। टीम ने रिश्वत लेते हुए उसे दबोच लिया।

अजीतमल के गांव गौहानी खुर्द निवासी मनोज कुमार यादव अपनी जमीन की पैमाइश के लिये तहसील के चक्कर काट रहा था। पैमाइश के लिए लेखपाल अनिल यादव उससे 5 हजार रुपये की मांग कर रहा था। इस पर किसान ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। एंटी करप्शन टीम योजना बनाकर अजीतमल तहसील परिसर पहुंची। आरोप है कि लेखपाल अनिल यादव ने किसान से कैंटीन में 5 हजार रुपये लिये। जैसे ही किसान ने लेखपाल को रुपये दिए उसी वक्त एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल अनिल यादव को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की टीम लेखपाल को लेकर औरैया कोतवाली आई, जहां पर उनकी कानूनी लिखा पढ़ी कि गई। एंटी करप्शन टीम ने मीडिया में कुछ भी बोलने से इनकार किया।


लेखपाल अनिल यादव।

## रावण ने छल से किया सीता का हरण

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** विश्व पटल पर अपनी अलग ख्याति बिखेरने वाली यहां की ऐतिहासिक मैदानी रामलीला में मारीच वध, सीता हरण, कंवध वध, किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव मिलाई की मैदानी लीलाओं का मार्मिक प्रस्तुतीकरण ने दर्शकों का मन मोहा।

साधु के भेष में रावण सीता से भिक्षा लेने आता है। इस दौरान सीता को छल से लक्ष्मण रेखा से बाहर भिक्षा देने के लिए बुलाकर उनका हरण कर लेता है। तब रास्ते में सीता अपने आभूषण गिराती जाती है। राम भक्त जटायु रावण का विरोध करता है और दोनों में युद्ध होता है। इधर प्रभु श्री राम मारीच का वध कर पंचवटी लौटते हैं। सीता को न पाकर उनकी खोज में वन में निकल पड़ते हैं। जटायु राम को बताता है कि रावण सीता का हरण कर ले गया।

राम-लक्ष्मण को मार्ग में शबरी मिलती है, जो सीता की खोज में मदद के लिए किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव से मिलने को कहती है। प्रभु श्री राम और लक्ष्मण किष्किंधा पर्वत पर जाकर वानर राज सुग्रीव से मिलते हैं, जहां दोनों में मित्रता होती है। रामलीला समिति के अध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, संयोजक ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, राजीव माथुर, राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट, जितेंद्र यादव मोना, रतन पांडेय, शुभ गुप्ता, प्रभाकर दुबे, प्रण दुबे आदि लीलाओं के सफल संचालन में लगे रहे।


सीता का हरण कर ले जाता रावण। अमृत विचार

## धनुष टूटते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल, भक्तों ने की पुष्पवर्षा

संवाददाता फफूंद, औरैया

- परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला देखने को सुबह तक डटे रहे श्रद्धालु
- अतिथियों ने पंडाल में पहुंच कर प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण की उतारी आरती

**अमृत विचार।** कस्बे में चल रहे रामलीला महोत्सव में विशाल धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला देखने के लिए पंडाल में सुबह तक लोगों की भारी भीड़ डटी रही और रामलीला का आनंद लिया।

कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे 154 वें रामलीला एवं दशहरा मेला महोत्सव में सोमवार रात रामलीला कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। समाजसेवी विनोद यादव ने राम दरबार की आरती उतारकर लीला का उद्घाटन किया। धनुष यज्ञ लीला के मंचन में राजा जनक का दरबार सजा है सीता विवाह की तैयारियां चल रही हैं स्वयंवर में तमाम राजा मौजूद हैं। जनक की शर्त के अनुसार तमाम राजाओं ने धनुष को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे तब गुरु की आज्ञा पाकर स्वयंवर में मौजूद श्री राम ने धनुष को उठा लिया और प्रत्यंचा चढ़ाकर धनुष को दो भागो में विभाजित कर दिया। धनुष टूटते ही पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा धनुष टूटने ही परशुराम क्रोधित होकर जनकपुरी आ पहुंचे। इसके बाद लक्ष्मण-परशुराम संवाद हुआ जिसे देखने के लिए श्रोता सुबह तक पंडाल में डटे रहे और रामलीला का आनंद उठाया। कार्यक्रम सुबह नौ बजे तक चलता रहा। कमेटी अध्यक्ष कृपा शंकर शुक्ला, मयंक शुक्ला ,उमेश अवस्थी, अनुराग तिवारी, दीपक तिवारी, नितिन त्रिपाठी, राजू पांडे, हरिओम शर्मा, कल्लू यादव, अन्नू शर्मा आदि रहे।


राम दरबार की आरती उतारते विनोद यादव। अमृत विचार

## 2 अंतर्जनपदीय पशु चोर किए गये गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- ग्रामीणों के जागने पर कार छोड़कर भाग गये थे चोर

**अमृत विचार।** थाना बेला पुलिस ने 2 अंतर्जनपदीय पशु चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को पुलिस मुख्यालय ककोर के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने प्रेस वार्ता में बताया कि बीते 24 सितंबर 2024 को थाना बेला क्षेत्रांतर्गत ग्राम जियायत पूर्वा याकूबपुर में बकरी चोरी करने के प्रयास व ग्रामीणों के जागने पर गृहस्वामी से मारपीट करने के मामले में अभियुक्त तौफीक को रौशननगर व अंकित को माधवपुरम जनपद कानपुर से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। एवं प्रकाश में आये अन्य साथी अभियुक्तगण की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों की तलाश हेतु मैन्यूली एवं इलेक्ट्रानिक सर्विलास के माध्यम से बेला पुलिस को जानकारी करने पर पता चला कि कार नं. यूपी 78 सीजे 4059 कार के वाहन स्वामी तौफीक निवासी नौरंगाबाद थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के नाम पंजीकृत है। अभियुक्त तौफीक ने पूछताछ में बताया कि बीते 23/24 सितम्बर की रात्रि में अपने साथियों अंकित व दो अन्य के साथ कन्नौज के इन्दरगढ़ तिर्वा रोड से एवं ऐरवाकटरा से तथा बिधूना से बकरी चोरी की थी और याकूबपुर क्षेत्र में चोरी करने के प्रयास में वालों के जागने पर गाड़ी छोड़कर भाग गए थे। बरामदगी से 2 अदद मोबाइल फोन,एक अदद कार नं.यूपी 78 सी.जे. 4059 मिली है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में बेला थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा, उ.नि.मूलेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी आदि मौंजूद रहे।

**हरियाणा का चुनावी परिणाम** जिला कार्यालय में भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर की नारेबाजी

## भाजपा की सरकार बनने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर जिला कार्यालय तुर्कीपुर में भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को आए चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं ज़िला प्रभारी आनन्द सिंह ने कहा कि भाजपा लोकतन्त्र और संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास करती है मुझे हरियाणा के परिणाम पर गर्व है वहीं जम्मू कश्मीर के जनादेश का भी हम स्वागत करते हैं। इन चुनाव परिणामों ने भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया है। जिलाध्यक्ष भुवनप्रकाश गुप्ता ने कहा कांग्रेस और विपक्ष के लोगों को जनता पर विश्वास नहीं है वे जम्मू कश्मीर के परिणाम पर खुश है और हरियाणा की हार पर तरह तरह के बहाने गढ़ रहे हैं। सुबह से ही जश्न मनाने वाले कांग्रेसियों ने ईवीएम पर रोना शुरू कर दिया है।

इस अवसर पर जिला महामन्त्री कौशल राजपूत , सदस्यता अभियान के संयोजक अमरचन्द्र राठौर जिला मंत्री,राहुल गुप्ता ,अनुराग दीक्षित ,सत्येन्द्र राजपूत ,सौरभ राजपूत ,मनीष राजपूत , दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान, कार्तिक गुप्ता,मंगल नायक, लालू वर्मा आदि लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।


भाजपा कार्यकताओं को मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता एवं ज़िला प्रभारी आनन्द सिंह। अमृत विचार

### पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी का जनपद में आगमन आज

**औरैया।** भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बुधवार 9 सितंबर को असम, नागालैंड व मिजोरम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी का जिले में आगमन होगा। अपने जनपद प्रवास के दौरान पूर्व राज्यपाल भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान-2024 के संबंध में अपराह्न 3 बजे वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला प्रभारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी , मोर्चा के जिलाध्यक्ष की बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने सभी अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है ।

## मेले में 265 प्रशिक्षार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** स्व. शिवबालक राम स्वर्णकार स्मृति शिक्षा प्रसार संस्थान के अंतर्गत ब्रिलिएंट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट दिबियापुर में आयोजित रोजगार मेले में वोकेशनल ट्रेनिंग एवं स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रशिक्षणर्थियों को दिबियापुर नगर पंचायत चेयरमैन राघव मिश्रा ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

रोज़गार मेले में संस्था की ओर से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजना, राज्य पिछड़ा वर्ग विभाग उत्तर प्रदेश से ओ लेवल का कोर्स कर चुके छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संस्था में ऑनलाइन माध्यम से 651 ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा कुल 180 छात्र-छात्राओं ने रोज़गार मेले में पंजीयन कराया था। इस अवसर पर कंपनियों ने प्रतिभाग किया। क्वेस कॉर्प से मनीष कुमार, बार्बिक्चेनेशन ने अनुज मिश्रा, चेरिश पर्सनल हेल्थ केयर से मिस रोशिनी, स्टीव स्टार फाउंडेशन से पीयूष यादव, हेल्थ 2050 से प्राची सिंह, विज़न इंडिया से उदय कुमार, संगम इलेक्ट्रॉनिक्स, एस बाई कार्ड, स्तर कूल प्राइवेट लिमिटेड आदि ने प्रतिभाग किया ।

मुख्य अतिथि दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, विशिष्ट अतिथि राजकीय आई टी आई के प्रधानाचार्य संजीव कुमार एवं बॉस प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट हेड रोहित गुप्ता एवं शिक्षण प्रकोष्ठ के सह क्षेत्रीय संयोजक सुवेंद्र सिंह गौर उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री वीरेन्द्र सिंह निगम पुत्र श्री वृन्दावन निवासी गण ग्राम मलेपुरा इगुर्री तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने... जिसका रकवा ... पूर्व पश्चिम ... उत्तर दक्षिण ... है। जिसकी सीमा पूर्व में आराजी विक्रेता पश्चिम में प्लाट आशा राम उत्तर में 15 मीटर छोड़कर दक्षिण में खेत आशा राम मोहल्ला श्रीमती प्रभा चौहान पत्नी श्री प्रदीप सिंह निवासी मोहल्ला राम लीला मैदान शहर इटावा से क्रय किया गया है। और प्रार्थना कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी सुरेश कुरावाह निवासी गण मो0 खेड़ा पति इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने... जिसका रकवा ... पूर्व पश्चिम ... उत्तर दक्षिण ... है। जिसकी सीमा पूर्व में मकान अनन्तराम व सुदेश पश्चिम में रास्ता खंराजा लगभग 15 फीट चौड़ा उत्तर में मकान शिव राज सिंह पाल दक्षिण में मकान विनोद पाल आदि मोहल्ला श्री अरविन्द पाल पुत्र श्री प्रेम शंकर निवासी मोहल्ला मो0 खेड़ा पति इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**

# मां कत्यायनी को शहद का भोग लगा मांगी समृद्धि

## मंदिर व पंडालों में छठवें दिन पूजी गईं मां कात्यायनी, जगह-जगह आयोजित हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन मंगलवार को देवी मंदिरों में माता के छठवें स्वरूप कात्यायनी देवी की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने की। जैसे-जैसे नवमी की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे देवी मंदिरों एवं दुर्गा पांडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। सिद्ध शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में माता के जयघोष गुंजायमान हो रहे हैं। वहीं भजन-कीर्तन व लांगुरियों की भी धूम मची हुई है।

आदिशक्ति मां दुर्गा का छठवां स्वरूप माता कात्यायनी का है। माना जाता है कि कत नामक महर्षि के पुत्र ऋषि कात्य ने मां भगवती की उपासना की थी और उनसे अपने घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने की प्रार्थना भी की थी। माता ने ऋषि कात्य की प्रार्थना को स्वीकार किया और इन्हीं कात्य गौत्र में मर्हिष कात्यायन उत्पन्न हुए थे। कुछ काल के बाद दैत्य महिषासुर का अत्याचार जब पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया था। तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों ने अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया था। सर्वप्रथम मर्हिष कात्यायन ने देवी की पूजा की थी। इसी कारण से मां कात्यायनी देवी कहलाईं।

वहीं गांव से लेक शहरों तक भजन -कीर्तन व लांगुरियों की भी धूम मची हुई है।


मातारानी की पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

### जिला कारागार में हुआ कन्या भोज

■ शारदीय नवरात्र के छठवें दिन जिला कारागार में रहने वाली महिला बंदियों की बच्चियों का इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा कन्या पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। सभी बच्चों को जय माता दी पटके को मस्तक में सुशोभित किया गया, फिर चारों बच्चियों को खाद्य सामग्री (फल, बिस्कुट, चॉकलेट) श्रृंगार सामग्री, पठन पाठन सामग्री (कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर) व दक्षिणा देकर स्नेह प्रदान किया गया। सभी बच्चे उपहार पाकर खुश हुए। इस मौके पर डिप्टी जेलर केपी सिंह, माया सिंह, अभिनव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### कन्या रत्न पाकर गदगद हुईं माताएं

■ 12 अक्तूबर तक चलने वाले नवरात्र के शुभ दिनों में गर्भवती महिलाओं में मातृत्व का सुख पाने की होड़ है। महिलाओं की चाह में उनके परिजन भी साथ दे रहे हैं। बेटी होने पर परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे। कई महिलाओं ने बेटियों का नामकरण देवी दुर्गा के नाम पर रखने की तैयारी भी की है। हिंदू समाज में शरदीय नवरात्र को बेहद शुभ माना जाता है। नौ दिन और नौ रात तक चलने वाले नवरात्र में देवी मां के विभिन्न स्वरूपों की आराधना की जाती है। गर्भवती महिलाएं भी नवरात्र को लेकर खासी उत्साहित रहती हैं। कई महिलाएं तो इन दिनों में डिलिवरी कराने के लिए डॉक्टर से विशेष आग्रह तक कर रही हैं। वहीं डॉक्टर महिलाओं को जांच के बाद डिलीवरी कराने की सलाह दे रहे हैं। नवरात्र के दौरान जिला अस्पताल में अब तक 6 बच्चियों ने जन्म लिया है। नवरात्र में जन्मी इन बच्चियों को परिजन देवी का स्वरूप बताते हुए फूले नहीं समा रहे हैं। कई महिलाओं ने अपनी खुशी जताते हुए कहा कि नवरात्र पर उनकी गोद भरने और कन्या स्वरूप में मां लक्ष्मी के आने से उनकी खुशी दो गुनी हो गई है। नवरात्र में घर पर कन्या ने नहीं साक्षात देवी ने जन्म लिया है।

### शहद का भोग लगाने से शक्ति में होती है वृद्धि

■ माना जाता है कि देवी भगवती को शहद का भोग लगाने से आकर्षण शक्ति में वृद्धि होती है। इसी कारण से श्रद्धालु नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाते हैं। मंदिर समेत दुर्गा पांडालों पर त्रिशक्ति माता के साथ मां कात्यायनी का पूजन अर्चन श्रद्धालुओं ने किया।

# सर्पदंश से युवक की गई जान

**किशनपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के मडौली गांव निवासी लखनलाल का पुत्र सूरिज भान देर रात खाना खाने के बाद घर के अंदर चारपाई में सो रहा था। इस दौरान कहीं से जहरीला सांप आ गया और सो रहे युवक की पैर में डस लिया। सर्प के डसने के बाद युवक जोर-जोर से चिल्लाने लगा।


सूरिज भान।

युवक को चीखने चिल्लाने की आवाज सुन परिजन मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे परिजनों से युवक ने सर्प काटने की बात बताई। इसके बाद परिजनों ने युवक का घरेलू उपचार शुरू किया। घरेलू उपचार के बाद हालत में सुधार न होने के बाद परिजन युवक को निजी वाहन के सहारे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो ले गए। जहां डॉक्टर ने युवक की हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीबीएसई परीक्षा में नकल रोकने को लगेंगे हाईटेक कैमरे

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- बोर्ड की सेंटर पॉलिसी में बदलाव सीसीटीवी को बनाया अनिवार्य
- जिले के तीन विद्यालयों को बनाया जाता रहा है परीक्षा केन्द्र

**अमृत विचार।** सीबीएसई ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष तैयारियां शुरू की हैं। पहली बार हाईफाई सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा के लिए नीति तैयार की गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए जाने से लेकर अत्यधिक जानकारी वाले सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीबीएसई वर्ष 2025 की परीक्षा में तकनीक का उपयोग करेगा। यूपी बोर्ड कैमरों से निगरानी, स्थानीय व केंद्रीय स्तर पर परीक्षा कक्षों की निगरानी विगत तीन वर्षों से कर रहा है। अब सीबीएसई ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन विद्यालयों में उच्च स्तरीय कैमरे नहीं होंगे और मानकों का पालन नहीं करेंगे उन्हें सेंटर नहीं बनाया जाएगा।

**बोर्ड ने यह शर्ते रखीं :** बोर्ड कोऑर्डिनेटर व प्रिंसिपल को भेजे गए बोर्ड के पत्र ने स्पष्ट किया है कि कैमरे हाई रेजोल्यूशन वाले 1080 पिक्सल वाले हों। इनकी फोर के क्वालिटी हो। पीटीजेड कैमरे हों यानी इन्हें रिमोट से दूर बैठकर किसी भी पोजीशन पर लाया जा सकता हो और जूम किया जा सकता हो।

केंद्र में डीवीआर और एनवीआर दोनों सिस्टम हों। एनवीआर और डीवीआर सिस्टम होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कम रोशनी में भी पूरी तरह कैमरे कार्य करने वाले होने चाहिए। इससे केंद्र या शहर के अंदर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग हो सके।

> बोर्ड के नए दिशा निर्देश मिल चुके हैं। सारे मानकों को पूरा कराया जा रहा है। इस बार परीक्षा केन्द्र भी बढ़ने की सम्भावना है।
>
> –प्रमोद कुमार त्रिपाठी, डिस्ट्रिक कोआर्डीनेटर

# महिला पुलिस कर्मियों ने निकाली रैली

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पुलिस लाइन परिसर से प्रयागराज के एडीजी प्रेम गौतम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई।

रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी और चार पहिया वाहनों के माध्यम से शहर के विभिन्न इलाकों जैसे जय रामनगर, राधा नगर और देवी गंज में जाकर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। रैली का मार्ग स्व. अटल बिहारी चौक, ज्वालागंज, बाकरगंज, सदर अस्पताल तिराहा, बिंदकी बस स्टैंड और पत्थर कटा चौराहा से होकर वापस पुलिस लाइन में समापन हुआ। एडीजी प्रेम गौतम ने बताया कि यह रैली प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण के तहत आयोजित की गई है, जिसमें लगभग 150 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। रैली में 50 स्कूटी और 15 चार पहिया वाहन शामिल थे। उन्होंने कहा कि महिला अपराध पर त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए महिला हेल्प डेस्क खोले गए हैं। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए महिलाएं 1090 या डायल 112 पर संपर्क कर सकती हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा और आन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।


रैली निकालतीं महिला पुलिस कर्मी। अमृत विचार

- प्रयागराज एडीजी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मार्निंग वाक पर निकली महिला की छीनी चेन

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के मानू का पुरवा निवासी उमाकांत बाजपेयी ने बताया कि उनकी मां कमला बाजपेयी सुबह टहलने पूर्वी बाईपास की ओर गई थी। टहलकर लौटते समय किराना सेवा समिति धर्मशाला के पास पहुंची थीं। बाइक सवार दो बदमाश पीछे से पहुंचे और मां के गले से चेन छीनकर भाग निकले। मां के शोर मचाने पर आसपास के लोग आए। बाइक सवार दूर जा चुके थे। घर आने पर मां ने आपबीती बताई। बाइक सवारों के पूर्वी बाईपास की ओर भागना मां ने बताया है। कोतवाली में उमाकांत ने तहरीर दी। कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# एसआई और कांस्टेबल को एसपी ने किया निलंबित

संवाददाता फतेहपुर

- ड्यूटी में लापरवाही पर एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने एक महीने पहले कार्यभार संभालने के बाद से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। थाना निरीक्षण और क्राइम मीटिंग में उन्होंने कार्यों में लापरवाही और विवेचना में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए थे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के बावजूद विवेचना में लापरवाही बरतने पर असोथर थाना के उपनिरीक्षक संजीव कटारिया को तुरंत निलंबित कर दिया गया। इसी तरह, ड्यूटी के दौरान लापरवाही की लगातार मिल रही शिकायतों के चलते जहानाबाद थाना में तैनात सिपाही योगेश कुमार राय को भी निलंबित किया गया। इन कार्रवाईयों से जिले के थाना चौकी में तैनात उपनिरीक्षक और सिपाहियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ ने बताया कि दोनों निलंबित कर्मियों को पुलिस लाइन में अमद कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ने एक माह मंष दो सैकड़ा से अधिक उपनिरीक्षकों और सिपाहियों के तबादले किए हैं, जिसमें कई कर्मियों को पुलिस लाइन से थानों में नियुक्त किया गया है। अब तक, लापरवाही बरतने पर 20 से अधिक पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

## सार-संक्षेप


रैली निकालते विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

### प्रभात फेरी निकाल बाल अधिकारों के लिए किया जागरूक

**फतेहपुर।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के दौरान मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भिटौरा में वार्डन के नेतृत्व में बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चे मिशन शक्ति के संबंध में हाथों में तफ्तियां लिए हुए थे। आवासीय विद्यालय से रैली की शुरुआत करते हुए नगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए नारी सशक्तिकरण द्वारा शासन द्वारा चलाए जा रही योजनाओं का विस्तार से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों के अलावा महिला सुधार के लिए चलाए जा रहे सरकार के कार्यक्रमों का भी लोगों को जानकारी दी गई। बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत बाल अधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह, साइबर क्राइम, पास्को एक्ट से संबंधित रैली का प्रदर्शन किया गया। जिसके तहत छात्राओं ने प्रभात फेरी भी निकाली गई। रैली में स्कूल की वार्डन रंजना सिंह के साथ-साथ स्कूल की शिक्षिकाएं नीरज सिंह परिहार, शालिनी सिंह, कमला देवी और सुलोचना देवी मौजूद रहीं।

### फॉगिंग न होने से मच्छरों का आतंक, फैल रहीं बीमारियां

**फतेहपुर।** बारिश के मौसम में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए मलेरिया और डेंगू का खतरा मंडराने लगा है। रात के अंधेरे के साथ ही दिन के उजाले में भी मच्छरों का प्रकोप है। मच्छरों से लोग परेशान हैं लेकिन जिम्मेदार औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं। नगर पालिका की ओर से फॉगिंग औपचारिक तौर पर कराई गई है। नियमित फॉगिंग नहीं होने के चलते भी मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। एंटी लार्वा का छिड़काव अब तक हुआ नहीं है। वहीं कस्बे के लोगों का कहना है की सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण मच्छरों का प्रकोप है। नालों की सही से सफाई नहीं कराई गई है। इससे ही मच्छर पनप रहे हैं और फॉगिंग भी नियमित नहीं की जा रही है। जिला अस्पताल के डा. रघुनाथ सिंह का कहना है कि मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही मलेरिया के मरीज सामने आने का खतरा रहता है। इसलिए मच्छरों से बचाव किया जाना जरूरी है। नगरवासी अखिलेश सिंह, मयंक वर्मा, संतोष आदि का कहना हैं कि मच्छरों का प्रकोप जब से बढ़ा है तब से लोग बुखार से जूझ रहे हैं। बताया कि पहले मच्छरों से परेशानी रात के समय हुआ करती थी, लेकिन अब दिन के उजाले में भी मच्छरों से बेहद परेशानी है। नालों की सफाई नहीं है और नियमित फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। जिससे समस्या और विकराल हो रही है।

### नरसिंहानन्द सरस्वती पर हो कार्रवाई : शहर काज़ी

**फतेहपुर।** गाजियाबाद के डासना के महंत नरसिंहानन्द सरस्वती ने 29 सितंबर को पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखियां की। जिसकी कडे शब्दों में निन्दा करते हुए काजी शहर कारी फरीद उद्दीन कादरी ने कहा कि मुसलमान सब कुछ बर्दाश्त कर सकता है लेकिन अपने आका की शान में राई के दाना के बराबर भी तौहीन बर्दाश्त नहीं कर सकता। काज़ी शहर कादरी ने कहा कि वतन-ए-अजीज हिन्दुस्तान के अम्नो भाई चारा की खातिर हमारे सब्र को कमजोरी न समझा जाए। मुजरिमों को सजा देना हुकुमतों का काम है। यदि हुकुमते अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगी तो मुल्क में अम्नो अमान कायम होगा। नरसिंहानन्द सरस्वती जैसे लोगों के बयानात से मुल्क को बचाना और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करके सख्त से सख्त सजा दिलवाना, हम सभी हिन्दुस्तानियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने खुसुसियत के साथ रेयासती हुकुमत के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मोतालबा किया कि नरसिंहा नन्द सरस्वती पर एनएसए के तहत गद्दार वलन का मुकदमा चलाया जाए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत

**फतेहपुर।** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार 3 युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से भाग गया। टक्कर लगने से बाइक सरवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर प्रयागराज हाईवे पर बिलंदा पूर्वी बाईपास के पास देर रात प्रयागराज की ओर से फतेहपुर जा रहे बाइक सवार 3 युवकों को पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। टक्कर लगने से बाइक सवार खुदवा निवासी अनिख (24) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके दो अन्य साथी दिवाकर और राहल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी

**फतेहपुर।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इससे ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दोनों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। राधानगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर के पास स्थित ईट भट्ठा पर ईटें उतारने के बाद वापस लौटते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इससे ट्रैक्टर ट्राली पर सवार दो दो मजदूर लक्ष्मणपुर गांव निवासी जगमोहन और महिपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ड्राइवर को भी मामूली चोटें आई। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों मजदूरों की हालत गंभीर देखकर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक काफी तेज स्पीड में था, तभी नियंत्रण खोने के कारण सड़क किनारे पलट गया। जिससे ट्रैक्टर का आगे का पहिया निकलकर बाहर आ गया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली कहीं से ईट उतार करके वापस लौट रही थी। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

# युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नशेबाजी में विवाद के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से भाग निकला।

ललौली थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी बबलू सिंह उर्फ बवाली सिंह रात में बंधवा चौराहे पहुंचा था। जहां महाखेड़ा गांव का एक युवक ट्रैक्टर लेकर पहुंचा था। दोनों ने बंधवा चौराहे पर शराब पी। इसके बाद एक पान की दुकान पर पहुंचे। बबलू और ट्रैक्टर मालिक के बीच किसी बात पर विवाद होने लगा। बीच बचाव में दुकानदार से भी विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि चालक ट्रैक्टर तेज रफ्तार में ट्रैक्टर लेकर निकला। बैक करते समय ट्रैक्टर की टक्कर से बबलू सिंह गिर पड़ा। इसके बाद चालक बबलू को कुचलकर भाग निकला। हादसे की खबर पर परिजन पहुंचे। परिजन बबलू सिंह को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने बबलू सिंह उर्फ बवाली सिंह को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बीएल प्रसाद ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने पर जांच की जाएगी।

# चयनित हज यात्री पहली किश्त जमा करायें

**फतेहपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज कमेटी आर्फ इण्डिया द्वारा सकुर्लर-8 जारी कर दिया गया है। जिसमें हज-2025 के चयनित हज यात्रियों को अपनी पहली किश्त 1,30,300 रुपये जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पहली किश्त 21 अक्टूबर तक जमा की जा सकती है। कहा कि चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट व हज सुविधा ऐप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिग यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकते हैं। धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक इण्डिया के खाते में भी जमा की जा सकती है

# मां के दरबार में लगाया गया किसान मेला

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

**अमृत विचार।** मां दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा संचालित नवदश दुर्गा पूजा एवं मां भगवती के भव्य श्रृंगार कार्यक्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर, ब्लाक स्तरीय किसान मेला एवं पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजीव नयन गिरी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार की अगुवई में डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न प्रकार के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्हें जांच और दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई। वहीं कृषि विभाग के अफसर द्वारा स्टॉल लगाकर किसान सम्मान निधि, मृदा परीक्षण एवं निशुल्क बीज वितरण संबंधी सुविधाएं किसानों को उपलब्ध कराई। वहीं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा वृद्धा विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों की परेशानियों को दूर किया गया। शिविर में कुल 507 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण। वहीं कृषि मेला में 42 किसानों को पूसा मस्टर्ड 32 के निःशुल्क बीज वितरित किए गए। वहीं समाज कल्याण विभाग के द्वारा पेंशन संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया। विधायक ने कहा कि कमेटी की यह मुहिम जन हितकारी है। कमेटी के संरक्षक सुरेंद्र कुमार तिवारी, अवधेश कुमार तिवारी, शिक्षिका शुभा देवी रहीं।


स्टॉल में किसानों से जानकारी लेते क्षेत्रीय विधायक। अमृत विचार

**राजनीति** | असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी का जिला मुख्यालय में हुआ आगमन

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अब तक की सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से ली जानकारी

**अमृत विचार।** असम के पूर्व राज्यपाल व दिल्ली के पूर्व मंत्री जगदीश मुखी मंगलवार को भाजपा द्वारा जेल रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अब तक पूरी की गई सदस्यता पर जानकारी ली। उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी प्रतिस्थापित होने की बात कही।

मुख्य अतिथि ने सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण के शेष दिनों में सदस्यता अभियान में तेजी लाने को लेकर सुझावों को साझा किया। उन्होंने कहा कि चीन का एक राजनीतिक दल कभी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल हुआ करता था, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ताओं की लगन व विश्वास की ताकत पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्रतिस्थापित हुई है। आज पार्टी के पास देश को आगे ले जाने वाले नेतृत्व कर्ता के रूप में देश के प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पास हैं, जो लगातार सेवा कार्य में लगे रहते हैं। जिसका सबसे बड़ा कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के रूप में हम सबके सामने है। हम सबको मिलकर देश के प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के आधार पर हमारी नीतियों का सम्मान करने वाले जन-मन के घर घर पहुंच कर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलानी है। वहीं जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने जिले की सदस्यता अभियान की वस्तु स्थितिओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी प्रभुदत्त दीक्षित, खागा विधायक कृष्णा पासवान, विधायक राजेंद्र पटेल ,श्रेत्रीय मंत्री देवेन्द्र गुप्ता, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उदय लोधी, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, बैजनाथ वर्मा, अपर्णा सिंह गौतम, अर्चना त्रिपाठी, जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, खागा चेयरपर्सन गीता सिंह, खखरेरू चेयरमैन ज्ञानचन्द्र केसरवानी, किशुनपुर चेयरमैन सुरेन्द्र सोनकर सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्व राज्यपाल मुखी का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

### हरियाणा की हैट्रिक पर कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंगलवार को हरियाणा राज्य में पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन पर कार्यकर्ताओं में जोश दिखा। बैठक लेने आए पूर्व असम के राज्यपाल जगदीश मुखी का जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने मुंह मीठा करा कर प्रसन्नता जाहिर की। गौरतलब हो कि दिल्ली राज्य में कई बार विधायक रहे श्री मुखी मूल रूप से हरियाणा राज्य के रहने वाले हैं।


महर्षि विद्या मंदिर में डांडिया नृत्य करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# समाज निर्माण में अनंत काल से रही नारियों की सहभागिता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विश्व शान्ति के लिए गठित सहस्र शीर्षा देवी मंडल का स्थापना दिवस मंगलवार को शहर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण रहीं।

शारदीय नवरात्र के छठें दिवस पर शक्ति के आराधना के महापर्व के रूप में मनाया गया। वैदिक गुरु परम्परा पूजन एवं भावातीत ध्यान के अभ्यास से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि ज्योति प्रवीण ने कहा कि यह पर्व नारी शक्ति को समर्पित है। अनन्त काल से नारियों की सहभागिता देश व समाज के निर्माण में रही है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की जिला संयोजिका अन्जू त्रिपाठी ने सभी को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी। वहीं नारायण हाउस से अभिलाषा, सुहाना दीपाली, अंशिका, सोनाक्षी, वैष्णवी, परासर हाउस से प्रतीक्षा, जान्हवीं, अर्पिता, श्रद्धा, नैनम, निष्ठा, मानवी, आरूषी, जूनियर वर्ग में शिवांगी, प्राची, आव्या, सुहानी, वाटिका आदि ने डांडिया नृत्य किया।

परस्वानां च हरणं परदाराभिमर्शनम्।
सचह्रदामतिशङ्का च त्रयो दोषा : क्षयावहा : ॥

दूसरों के धन का अपहरण, पर स्त्री के साथ संसर्ग और अपने हितैषी मित्रों के प्रति घोर अविश्वास ये तीनों दोष जीवन का नाश करने वाले हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण मुद्दा

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए स्वास्थ्य के विषय को कतई हल्के से नहीं लिया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अभी भी बहुत अधिक नहीं हो रहा है। यही वजह है कि हाल-फिलहाल में भारत की स्वास्थ्य नीति में यह ऐसा मुद्दा बनकर उभरा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान जारी किए हैं। अनुमानों के मुताबिक सकल घरेलू उत्पाद में स्वास्थ्य में सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.84 प्रतिशत हो गई। जबकि सामान्य सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 3.94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में) को दर्शाती है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, वो बताते हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस दौरान सरकारी स्वास्थ्य खर्च (जीएचई) 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। जीएचई का लगातार बढ़ना भारत की स्वास्थ्य नीति के लिहाज़ से उपलब्धि है।

गौरतलब है कि सरकारों की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जो भी खर्च किया जाता है, उसका लगभग दो-तिहाई हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा और एक-तिहाई हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया गया है। बढ़ते सरकारी स्वास्थ्य व्यय, कम होते जेब खर्च और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा व्यय जैसे प्रमुख संकेतक एक लचीली और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का संकेत देते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को लगातार सुधारना है, तो स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता एवं लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने पर ध्यान दिए जाने और इसके लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की जरूरत है। राज्यों की सरकारें एवं केंद्र सरकार इस बात पर जोर दें कि देश में सरकारी स्वास्थ्य खर्च में गिरावट नहीं आए। जाहिर है कि ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ऐसा होने पर भारत की सफलता से दुनिया के विकासशील देश सबक लेंगे और भारत द्वारा उठाए गए कदमों को अपने यहां लागू करेंगे। स्पष्ट है कि अगर इस तरह की कोशिशें कामयाब होती हैं तो भारत पूरी दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर उभरेगा।

# जम्मू-कश्मीर: चुनाव परिणामों के निहितार्थ



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं।

खस्ताहाल सड़कें, बदहाल साफ-सफाई, बिजली-पानी की अनियमित आपूर्ति, आवागमन में असुविधा और अव्यवस्था के अलावा शिक्षा और सेहत की बुनियादी सुविधाओं का अभाव जन सामान्य को हर समय उद्वेलित करता है। राजनीतिक तौर पर अवसर मिलने पर नागरिक अपने मताधिकार से इन सुविधाओं की उपलब्धता, निरंतरता और गुणवत्ता पर अपनी सहमति-असहमति प्रकट करता है।

दस साल बाद जम्मू-कश्मीर की 63.88 प्रतिशत यानी दो तिहाई आबादी का जनादेश इसे जाहिर करता है। नतीजे बता रहे हैं कि 5 अगस्त 2019 के बाद बहुप्रचारित नए जम्मू-कश्मीर में सब कुछ नहीं बदला। पुरानी रियासत में सियासत का दो दशक पुराना दौर जारी है। सरकारों और सत्ता को भ्रम हो सकता है, लेकिन जनता मतदान के समय उचित फैसला करती है। अनुच्छेद 370 और 35 ए, पत्थरबाजों की रिहाई, जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) खत्म करने, सशस्त्र बल विशेषाधिकार (अफस्पा) की वापसी, पाकिस्तान से बातचीत-व्यापार, पीओके का भारत में विलय जैसे राजनीतिक विमर्श के मुद्दे जनहित के कारक नहीं बन पाए। केंद्र सरकार, भाजपा, अंतर्राष्ट्रीय जगत, उपराज्यपाल और अलग-अलग गठबंधन करने वाले सियासी सूरमाओं के लिए स्थिर और स्पष्ट संदेश है।

जम्मू, पीर पंजाल, चिनाब घाटी, कश्मीर घाटी में पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों, दक्षिण कश्मीर घाटी में आतंक के गढ़ में मतदाताओं ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। बता दिया है कि दस साल बाद वे पहले से परिपक्व हो गए हैं। उन्हें अपने मुद्दे मालूम हैं और वे अपने हितैषी नेताओं के बारे में बेहतर तरीके से जानते हैं। सहूलियतें चाहिए तो निर्णायक जनादेश जरूरी है। अन्यथा जनता से जुड़ी नीतियों को नजरअंदाज करने का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। कश्मीर घाटी में लोगों ने कारोबार और कैरियर की कश्मकश के बावजूद जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टर संगठन को तवज्जो देने के बजाय नेशनल कांफ्रेंस पर ज्यादा भरोसा जताया। दूसरी ओर जम्मू की जनता की जद्दोजहद ने भी

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था।

भाजपा को चुनाव की जंग नहीं जीतने दी। लोग जानते हैं कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद से उपराज्यपाल के नेतृत्व में जो व्यवस्था चल रही थी, उसके पीछे दिशा-निर्देश केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के ही रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को शिकस्त देने के लिए बारामुला से निर्दलीय सांसद शेख रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के बीच कराए गए समझौते का असर कश्मीर में ही नहीं पड़ा। भाजपा ने कश्मीर घाटी की 47 में से 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। जम्मू क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पीपुल्स आजाद पार्टी के सदर गुलाम नबी आजाद और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के संस्थापक अल्ताफ बुखारी के साथ पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद गनी लोन की चुनाव के समय अनदेखी भी भाजपा को भारी पड़ गई।

90 सदस्य वाली विधानसभा में बहुमत के लिए अवाम को भाजपा के नारों, दावों और संकल्प पर विश्वास नहीं हुआ। उन्हें लगा कि सारा प्रचार राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय छवि बनाने के लिए है। औद्योगिक विस्तार के लिए पूंजी निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि पर खर्च के आंकड़े अविश्वसनीय और अवास्तविक हैं। राज्य का दर्जा छीने जाने की कसक तो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तक है। इसकी संवेदनशीलता को ऐसे समझा जा सकता है कि चुनाव नतीजे आने से एक दिन पहले 7 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में दो महीने में राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध के साथ बताया गया है कि अनुच्छेद-370 खत्म करने की वैधता पर अंतिम फैसले के 11 महीने बाद भी सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के बाद भी केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया।

2014 के विधानसभा चुनाव में पहली बार सर्वाधिक 25 सीटें जीतने वाली भाजपा ने 28 सीटें हासिल करने वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर दो बार सरकार बनाई थी। इसके बाद तीसरी बार केंद्र में मंत्री जितेंद्र सिंह और सांसद जुगल किशोर ने आम लोगों की सुनवाई नहीं की। यही कारण रहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ जम्मू संभाग की दो ही सीट पर चुनाव लड़ने के बाद वोटों के प्रतिशत में बड़ी गिरावट आई। पार्टी से इसे समझने में देर हो गई। पूरी ताकत झोंकने के बाद भी भाजपा 2014 की स्थिति में सुधार नहीं कर पाई। भाजपा और मौजूदा केंद्र सरकार दुनिया को कभी भी यह नहीं बता पाएगी कि उसे 370 हटाने का क्या सिला मिला है? केंद्र सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद विदेशी दलों को घाटी में घुमाया था। 16 देशों के प्रतिनिधियों को चुनाव भी दिखाया। बेमेल सरकार में शामिल होने का नुकसान महबूबा मुफ्ती को भी हुआ, बेटी इलतिजा मुफ्ती परंपरागत सीट से हार गई।

पांच साल से सारा तंत्र ब्यूरोक्रेसी अर्थात नौकरशाही के हाथ में है। कश्मीर के युवाओं ने इसे वोटोक्रेसी का नाम दिया। बेलगाम नौकरशाही से आजिज अवाम ने एकतरफा मन बना लिया था। अब नई सरकार तनातनी के बावजूद उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और भाजपा के दावों की सच्चाई जनता को बताएगी। ध्यान रहे। जादू की उम्मीद में भाजपा नेता आम लोगों से जुड़े नहीं। परोक्ष रूप से पार्टी का शासन था। फिर भी प्रशासन से वे जनहित के काम ज्यादा नहीं करा पाए। तंत्र पर नियंत्रण में बाहरी लोगों को महत्व, हस्तक्षेप और उनके नीति-नियमों ने भी जनता को पार्टी और प्रशासन के प्रति बेरुखी बरतने के लिए मजबूर कर दिया। 25 लाख युवाओं की अनदेखी और बेरोजगारी के साथ-साथ बेवजह के बयानों ने भी भाजपा की बात बिगाड़ दी। आम आदमी को नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के दावे ज्यादा भरोसेमंद लगे। एक तरह से अगले पांच साल उन्होंने चुनाव की घोषणा से पहले ही विपक्ष को देने का मन बना लिया था। सत्ता पक्ष इसे परख नहीं पाया। स्थानीय कद्दावर नेताओं को टिकट न देने का प्रयोग किया गया। बाद में चुनाव का प्रबंधन भी दिल्ली से आयातित नेताओं के हाथ में आ गया। टिकट वितरण में मनमानी के साथ ही आर्थिक लाभ लेकर प्रत्याशी बनाने की बातें भी छिपी नहीं रह पाईं।

बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी छोटी-छोटी बातें कैसे बड़ा निर्णय करवा देती हैं, जम्मू-कश्मीर में यह साबित हो गया। केंद्र सरकार और भाजपा के सुरक्षा, स्थिरता, विकास, अनुच्छेद 370 हटाने, राजनीतिक आरक्षण, राज्य के दर्जे की बहाली का वादा जैसे बड़े मुद्दे, बड़े दावे, बड़े वादे सब एक झटके में ध्वस्त हो गए। मतदाताओं ने एक ऐसे गठबंधन को सरकार बनाने का अवसर दे दिया, जिस पर देश विरोधी, पाकिस्तान परस्त, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए। पहले दौर में मतदान के आगाज से ही परिणाम का अंदाज लग गया था कि अंजाम क्या हो सकता है। व्यवस्था बदलने के लिए युवाओं में ज्यादा जोश दिखा। नौकरशाही के प्रति आक्रोश दिखा।

आकलन है कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कि चिंगारी कहीं न कहीं दबी हुई है। बोल नहीं रहे थे, क्योंकि डर अधिक था। भय का आतंक इस कदर हावी रहा कि उन्होंने गली-मोहल्ले, गांव-कस्बों की बुनियादी समस्या उठाने से भी गुरेज किया। विधानसभा चुनाव में उन्हें इन मुश्किलात से सामना करने का साहस मिला। उन्होंने त्रिशंकु विधानसभा बनाने के लिए भाजपा द्वारा अवामी इत्तेहाद पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के साथ अघोषित गठबंधन को तरजीह नहीं दी। मतदाताओं को मतदान के समय ही मालूम था कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को उनके स्पष्ट जनादेश से पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली में विलंब होगा। फिर भी उन्होंने भयमुक्त होने को प्राथमिकता दी।

## प्रसंगवश

# सांस्कृतिक और सांगीतिक विरासत

इन दिनों देशभर में रामलीलाओं की धूम है। अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न बोली-भाषाओं और शैलियों में श्रीराम की लीला का मंचन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। उत्तराखंड भी इससे अलग नहीं है, परंतु कुछ बातें हैं, जो यहां के रामलीला मंचन को अन्य स्थानों से अलग ही नहीं वरन विशिष्ट बनाती हैं।

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं।

रामलीला एक सांस्कृतिक विरासत है, क्योंकि इसमें न केवल धार्मिक आस्था और परंपराएं जुड़ी हैं, बल्कि यह कला, संगीत, नाटक और सामुदायिक जीवन के गहरे आयामों को समेटे हुए है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होने वाला रामलीला का मंचन अनेक तरह के वैशिष्ट्य लिए हुए है और इसे न केवल सांस्कृतिक धरोहर माना जाता है, बल्कि इसे संरक्षित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कुमाऊंनी रामलीला की शैली कालांतर में इतनी लोकप्रिय हुई कि अल्मोड़ा नैनीताल से निकलकर आज न केवल गढ़वाल और तराई सहित संपूर्ण उत्तराखंड वरन उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों तक भी इसका प्रसार हो गया है। इस शैली में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को बिना किसी विशेष परिवर्तन के, गेय नाटक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हालांकि अब कुछ मंचों पर पद्य संवादों के स्थान पर गद्य संवादों (डायलॉग) का भी काफी प्रयोग होने लगा है, परंतु अधिकतर बड़े मंचों पर इसे मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाता है। कुमाऊंनी रामलीला में पारंपरिक संगीत और लोक धुनों से अधिक शास्त्रीय राग आधारित धुनों का प्रयोग होता है, जो क्षेत्रीय संगीत शैली का हिस्सा हैं।



मोहन चंद्र पाठक
रामनगर

इसका संगीत अत्यंत विविधता लिए हुए है। तालों और धुनों का संयोजन इतना विशिष्ट और शोधपरक है कि न केवल भिन्न परिस्थितियों के लिए भावानुरूप रागों का चयन कर धुनें बनाई गई हैं। साथ ही धुनों के संयोजन में पात्रों का भी विचार किया गया है। जैसे कि राक्षसी चौपाई जो कि आक्रामकता लिए हुए होती हैं उसकी धुनें कल्याणी जैसे रागों पर आधारित हैं जबकि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि पात्रों की चौपाइयों के लिए खम्माच जैसे कोमल भाव लिए रागो का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त भी राग देस, खम्माच, बिहाग, जैजैवंती, भैरवी, मांड, बागेश्वरी आदि लगभग सभी प्रचलित रागों का प्रयोग रामलीला की धुनों के संयोजन में किया गया है। विशेष बात यह है कि ये धुनें अत्यंत प्रभावी होने के साथ ही सरलता लिए हुए होती हैं। यही कारण है कि कुमाऊं क्षेत्र में रामलीला मंचन से जुड़े कलाकार इस संपूर्ण प्रक्रिया में अनायास ही शास्त्रीय संगीत की आधारभूत जानकारी पा जाते हैं और फिर इसके लगभग ठीक कुछ समय बाद में कुमाऊंनी होलियों के गायन की महफिलों का दौर आरंभ हो जाता है और यहां पर सहभागिता से स्वर और ताल की यह प्रारंभिक जानकारी और अधिक पुष्ट होती है। अन्य स्थानों की भांति ही कुमाऊंनी रामलीला में भी तबला, हारमोनियम और ढोलक आदि पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक वेशभूषा और अलंकरण से इसका एक विशेष सांस्कृतिक रूप उभरता है। गांव या कस्बे के लोग इसमें विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करते हैं और हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में इसमें शामिल होता है।

इस आयोजन से समाज में एकता और सामूहिकता की भावना प्रबल होती है, जो हमारे सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। रामलीला के माध्यम से जीवन में सत्य, धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम जैसे मूल्य समाज में प्रसारित होते हैं। रामायण की कथाएं लोगों को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और बच्चों से लेकर बड़ों तक को इन मूल्यों के बारे में शिक्षा मिलती है। रामलीला का आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी देखा जाता है। कुल मिलाकर, कुमाऊंनी रामलीला एक धार्मिक नाटक तो है ही साथ ही यह समाज को एकजुट रखने, सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने और अगली पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर हस्तांतरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसीलिए यह न केवल कुमाऊं, बल्कि पूरे भारत की एक अनमोल सांस्कृतिक विरासत है।

# आम आदमी और समाज का इतिहास

अमृतसर के पार्टीशन म्यूजियम में एक छोटा सा कोना सिंध के विस्थापितों को मिला है। यहां एक खत रखा है। खत 1948 के शुरुआती दिनों में एक पिता ने अपने बेटे को लिखा है, जो भारत गया है ताकि अपने परिवार को बुला सके। पिता ने खत में उस समय के शहर और समाज के हालात लिखे हैं। खत पढ़ते हुए, लफ्जों के दरम्यान फैली बेचैनी और उस समय के सामाजिक ताने-बाने में हो रहे बदलाव आप तक पहुंचते हैं। सोचिए क्या उस पिता को पता था कि एक दिन उसका एक मामूली खत इतिहास का एक दस्तावेज बन जाएगा?

आज हम जिन चीजों को मामूली समझकर फेंक देते हैं क्या पता कुछ बरसों दशकों बाद इतिहास उनका क्या मोल लगाएगा? इंसान के उलट चीजें समय के साथ पुरानी नहीं ताकतवर हो जाती हैं। सोचिए अगर आपके घर पर दादा का लिखा कोई खत आपको विरासत में मिला होता, जिसमें पानीपत की लड़ाई का जिक्र कुछ इस तरह होता, आदरणीय चाचा जी, आगे समाचार यह है कि इस बार गेहूं की बुवाई में देर हो जाएगी, क्योंकि हमारे पड़ोस के खेत में पानीपत की तीसरी लड़ाई चल रही है।

ये खत इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इतिहास की किताबों में तो बस राजे महाराजाओं की जीवनियां हैं। आम आदमी और समाज का इतिहास तो पुराने संदूकों में रखे खतों , फोटुओं, कपड़ों गहनों और पुराने बर्तनों में पर छपा है, जिसे सहेजना और अगली पीढ़ी को सौंपना हमारी जिम्मेदारी है। अगर इस बात को माने तो हम सब अपनी तरह से इतिहास के क्लर्क हैं, पृथ्वी नामक इस अजायबघर के क्यूरेटर हैं। क्या आपको अपनी इस जिम्मेदारी का एहसास है? मैं



संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे।

कुछ समय पहले हरिद्वार गया था। वहां हमारे खानदानी पंडा जी ने एक बड़ी बेलनाकार पोथी में एक बहुत पुराना पीला कागज दिखाया जिस पर मेरे पिताजी के हस्ताक्षर थे। मैं बचपन से अपने पिता को लगातार फाइलों पर साइन करते देखा था। इतना ज्यादा कि मुझे उनके हस्ताक्षर उनकी शक्ल से भी ज्यादा याद हैं।

मैंने उस सर्पिलाकर रास्ते पर अपनी उंगली उसी रास्ते चलाई जिस तरह उनका पेन चला था। मुझे लगा मैंने उन्हें छुआ। मेरा मन भीगा, तृप्त हुआ। पंडा जी सबके लिए पुरोहित होने के नाते पूज्य हैं, पर मुझ नास्तिक ने उन्हें अपने परिवार के इतिहासकार के रूप में प्रणाम किया दक्षिणा दी। मनुष्य स्मृतियों के सहारे जीता है। स्मृतियों के बिना हम कुछ भी नहीं! डीमेंसिया नाम की बीमारी में आदमी की याददाश्त चली जाती है, फिर उसके हाथ-पैर सर धड़ सब कुछ वही होते हैं, पर फिर भी वह आदमी वह नहीं होता कुछ और हो जाता है। मतलब आदमी और घास-फूस में बस स्मृतियों भर का फर्क है। सोचिए अगर किसी समाज की स्मृतियां चली जाएं तो वह कैसा होगा? इसलिए ही हर आक्रांता पराजित देश के पुस्तकालय में आग लगाता है। उसकी स्मृतियों को मिटाता है। पिछले दिनों मैंने गोवा में एक पुर्तगाली घर का म्यूजियम देखा, जिसमें उन्होंने पुराने पुर्तगाली जीवन के तौर तरीके दिखाए हैं। यूरोप वालों ने हर बड़े वैज्ञानिकों, चिंतकों यहां तक की घटनाओं के लिए अलग-अलग म्यूजियम बनाए हैं। इंग्लैंड के लिवरपूल में मैंने एक पूरा म्यूजियम सिर्फ गुलाम प्रथा पर देखा था।

अजीब बात है हम भारत के लोग कोई ऐसा म्यूजियम नहीं बनाते? और कुछ नहीं तो हमें कम से कम कोरोना का एक म्यूजियम बनाना चाहिए, जो हमारे समय की सबसे बड़ी घटना थी, जिसने हमारे सोचने, जीवन को देखने की नजरिए को किस तरह प्रभावित किया है। यह शायद 100 साल बाद एक बड़ी रिसर्च का मुद्दा होगा, तब आपकी सहेजी अखबारी कतरने, डॉक्टरों के लिखे पर्चे, एक्स रे, फोटोग्राफ्स, यहां तक कि फेसबुक पोस्ट्स भी शायद उस समय के शोधार्थियों को मदद करेंगे। फिलहाल के लिए इस दिवाली की सफाई में निकली पुरानी चीजों को फेंकने से पहले देखिएगा। शायद कोई चीज आप अपनी अगली पीढ़ी को सौंपने के लिए सहेजना चाहें।

## सोशल फोरम

# सपनों का कंगाल सौदागर

मैं कालिकट विश्वविद्यालय जाने के मार्ग में बेंगलुरु एक दिन के लिए रुक गया। मुझे नतिनी से मिलना था। एयरपोर्ट से डेढ़ घंटा दूर एक आईटी हब के पास उसके फ्लैट में जाना था, जहां वह अपनी एक फ्रैंड के साथ रहती है और जॉब करती है। बैंगलुरु इतनी दूर-दूर तक फैल गया है। बहुत ऊंचे नहीं, पर तकनीकी कहारों के चमत्कृत करने वाले आकर्षक कार्यभवन हैं। सुंदर सड़कें हैं। मॉल हैं। फैशन है, पर सड़कों पर एक भी जगह राजनीतिक प्रचार वाले वैसे होर्डिंग, कटआउट नहीं हैं, जैसे दिल्ली, पटना, लखनऊ, कोलकाता में कदम-कदम पर दिखते हैं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जैसे-जैसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बाजार का विस्तार होगा, टेक्नोलॉजी की लोकप्रियता बढ़ेगी और मोबाइल में नए-नए ऐप आएंगे, लोगों के जीवन से अवकाश के घंटे घटते जाएंगे, उनकी राजनीति में दिलचस्पी घटती जाएगी? क्या अब राजनीति सिर्फ भरपूर अवकाश वालों या निठ्ठल्लों का कारोबार होकर रह जाएगी? अब सामान्यतः लोगों की प्रवृत्ति ही भिन्न है, दुनिया को बदलने की जगह खुद को सुखी और समृद्ध बनाओ। दुनिया बदलने वाले बीच रास्ते में ही सो चुके हैं। ऐसे भी राजसत्ता पर बाजारसत्ता इतनी हावी होती जा रही है, बल्कि राजसत्ता व्यापारियों की इतनी गुलाम होती जा रही है कि टीवी के न्यूज चैनल तथा होर्डिंगों कटआउटों में जितनी राजनीतिक हलचल दिखाई दे। वस्तुतः लोग राजनीति से धीरे-धीरे उदासीन होते जा रहे हैं, जो चिंताजनक है।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में राजनीतिक समाचारों और अखबारों के प्रति उत्सुकता पहले से काफी घटी है। भारत में वकीलों, शिक्षकों, परंपरागत दफ्तर बाबुओं और अवकाश प्राप्त सज्जनों को छोड़ दें तो खासकर नौजवान अब राजनीतिक समाचारों में दिलचस्पी नहीं लेते। वे इस चिंता में होते हैं कि कैसे जल्दी अमीर बनें। सुबह से रात तक की उनकी भागदौड़ या व्यस्तता भी उन्हें राजनीतिक बयानबाजियों के प्रति बेखबर रखती है। सोचने की जरूरत है, क्या उच्च टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बाजार ने राजनीति को पिछवाड़े में फेंक दिया है। क्या अब राजनीति सपनों का एक कंगाल सौदागर है?

-फेसबुक वॉल से

# कांशीराम की बहुजन वैचारिकी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात कर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है।

कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकारें बना करती थीं। साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का असर राजनीति से लेकर उत्तर प्रदेश भी अछूता नहीं था, लेकिन राजनीतिक दबदबा तो कांग्रेसियों का ही था। कांग्रेस के साथ सभी धर्म और जाति के लोग थे। देश की आजादी के लिए आंदोलन और देश की स्वतंत्र जनता कांग्रेस का अहसान मानती थी। स्वतंत्रता से पहले भी और बाद भी तेज हवाओं में भी पारखी दृष्टि रखने वाले भी थे, उन्हीं में से एक नाम है मान्यवर कांशीराम का, जो कि वैज्ञानिक की सरकारी नौकरी छोड़ समाज विज्ञानी बन गए।

कांशीराम की पारखी नजरों ने देखा कि देश पर राज करने वाले बहुजनों के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। न राजनीति में, न नौकरी व शिक्षा में। तब वे चुनौती बनकर उभरे और नारा दिया, "वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा"। "जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी"। जैसे नारों ने, सत्ताधारियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। पिछड़े दलित साथ होने लगे। सरकारी नौकर आंबेडकर के नारे को मान पे बैक टू सोसाइटी यानी मान्यवर साहब को आर्थिक मजबूती प्रदान करने लगे। तब जन्म हुआ बहुजन राजनीति का आंबेडकर के सपने को साकार किया। कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सरकारें बनाई और पूरे देश के वंचितों के मन में राजा बनने की ललक पैदा की। बिहार और तमिलनाडु में जरूर समाजवाद और पेरियार की राजनीति का असर पहले आ गया था। बाकी हिंदी प्रदेशों से लेकर पंजाब तक बहुजन वैचारिकी प्रसारित होने लगी। अब मान्यवर कांशीराम साहब केवल बहुजन समाज पार्टी के ही नहीं अन्य दलों में भी पोस्टर बैनरों में दिखते थे और बल्कि भाषणों में भी सुने जाते थे। मान्यवर कांशीराम के नाम पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम की स्थापना करने वाले अतिशीघ्र ही सफलता पा गए और संसद में प्रवेश पा गए। संसद में चन्द्रशेखर आजाद ने शपथ ग्रहण के दौरान बुद्ध, फुले ,आंबेडकर और कांशीराम जी को कोड कर बहुजन वैचारिकी की बाते भी की।



इसी प्रकार राहुल गांधी जाति जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बातकर कांशीराम साहब के विचारों से प्रभावित लगते हैं। समाजवादी पार्टी ने पीडीए के लोगों को आह्वान किया। संविधान और आरक्षण के सम्मान के लिए पीडीए बहुजन समाज का ही दूसरा नाम है। सामाजिक परिवर्तन और बहुजन राजनीति के सृजनकर्ता मान्यवर कांशीराम 9 अक्टूबर 2006 को दुनिया को अलविदा कह गए, लेकिन बहुजन राजनीति के केंद्र में सदा जिंदा रहेंगे।

# विकसित भारत की जीत

हरियाणा में जनता जीती है, राज्य जीता है, राष्ट्र जीता है, क्योंकि वहां धर्म, जाति, जाट या नान जाट से इतर राज्य और राष्ट्र के लिए वोट डाला गया। हरियाणा चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया कि दस साल का भाजपा का कुशासन, जातीय जनगणना, संविधान खतरे में है, आरक्षण खत्म हो जाएगा, भाजपा सांप्रदायिक पार्टी है जैसे विपक्ष के अनर्गल आरोपों के बदले हरियाणा की जनता ने भाजपा को विकसित भारत के संकल्प के लिए वोट दिया है।



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

भाजपा ने इस बार पिछली बार से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्म कर इस बात को पुख्ता किया है कि यदि आप देश, प्रदेश और जनहित में व्यापक निर्णय लेते हैं तब नया भारत आपकी बात को समझकर बग़ैर प्रतिबद्धताओं के निष्पक्ष निर्णय करता है। चुनावी विश्लेषण देखकर महसूस हुआ कि जाट, नान जाट, दलित , मुसलमान, अग्निवीर इत्यादि से हटकर हरियाणा के लिए वोट देकर विकसित भारत के संकल्प को मज़बूत किया है। चुनाव के दौरान जीवन की सबसे बेहतरीन जलेबी खाकर पैक कराकर ले जाने और जलेबी की फैक्ट्री लगाकर एक-एक फैक्ट्री में पचास-पचास हज़ार लोगों को नौकरी देने वाला जुमला भी नहीं चला। कांग्रेसी नेताओं की अंदरघात और भाजपा के नेतृत्व ने एकजुट व एकनिष्ठ होकर यह चमत्कार कर दिखाया है।भाजपा पर हरियाणा की जनता ने विश्वास किया है। एक बार फिर से कांग्रेस प्रवक्ताओं ने अपनी और अपनी पार्टी की खिल्ली उड़ाई, रुदाली की, जब भाजपा की विजय पर कहते सुने गए कि लोकतंत्र हार गया, ईवीएम जीत गया, निर्वाचन आयोग जीत गया, पत्रकारों ने भाजपा को जिता दिया, सेफोलॉजिस्ट ने खेलकर दिया।

कांग्रेस सभी को इस हार के लिए दोष दे रही है। इन्हें नहीं दिख रहा कि विभाजनकारी नीतियां, देश को जातियों, धर्मों, भाषा के आधार पर बंटना राष्ट्र को मंजूर नहीं है। कांग्रेसियों का भ्रष्टाचार, विदेशी शक्तियों से मदद, जेहादियों के आतंक पर चुप्पी का जवाब हरियाणा की जनता ने दे ही दिया है।

## एक नजर

### कुंभ मेला सुरक्षा में 15 पीपीएस अधिकारी तैनात

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुंभ मेला की सुरक्षा को देखते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को 15 पीपीएस अधिकारियों की तैनाती की है। डीजीपी मुख्यालय से जारी सूची में तीन अपर पुलिस अधीक्षक और 12 डिप्टी एसपी की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को जारी सूची के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्विवेदी, विशाल यादव व दुर्गा प्रसाद तिवारी को कुंभ मेला से संबद्ध किया गया है। वहीं, डिप्टी एसपी विनोद कुमार, प्रकाश राम आर्या, अभिषेक यादव, हर्ष कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह यादव, रंजीत यादव, रजनीश कुमार यादव, महिपाल सिंह, विनोद कुमार दुबे, विजय प्रताप यादव-2, पवन कुमार-2 और विजय मल्ल सिंह यादव की तैनाती की गई है।

### नीट पीजी काउंसिलिंग में धरोहर राशि जमा करने का अंतिम मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी की ऑनलाइन काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने के बाद भी जो धरोहर राशि जमा करने में चूक गए हैं, उन्हें मंगलवार से गुरुवार तक का मौका मिला है। इस दौरान पोर्टल खोल दिया गया है और इच्छुक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा कर पीजी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने मंगलवार को बताया कि पीजी की काउंसिलिंग में 30 सितंबर तक धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि थी। बावजूद इसके कई अभ्यर्थी राशि जमा नहीं कर सके हैं, अभ्यर्थियों के अनुरोध पर 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर दोपहर 2 बजे तक पोर्टल पर राशि जमा की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि नीट पीजी के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों में एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी आदि पाठ्यक्रम में दाखिला मिलेगा।

### डेंगू मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में डेंगू रोगियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को डेंगू रोगियों की संख्या 263 पहुंच गयी, जबकि सोमवार को मात्र 226 और इसके पहले 197 थी। वहीं 102 मलेरिया रोगियों की पुष्टि हुई है, जबकि बीते दिनों में 106 और 120 रोगियों में पुष्टि हुई थी। सबसे ज्यादा राजधानी समेत पश्चिम उप्र के कई जिले प्रभावित हैं।

### सड़कों पर निराश्रित पशु दिखे तो होगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगरीय निकायों में तीन दिवसीय विशेष कैटिल कैचिंग अभियान मंगलवार से शुरु हो गया। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने सभी निकायों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के दौरान निराश्रित व बेसहारा गोवंशों को संवेदनशीलता से पकड़कर कान्हा गौशाला, गौ-आश्रय स्थलों में रखते हुए उनके भरण-पोषण एवं संरक्षण की व्यवस्था की जाए। अभियान के बाद अगर किसी भी निकाय में निराश्रित पशु विचरण करते नजर आये तो सम्बंधित अधिकारी पर कठोर कार्रवाई होगी।

# पीड़ितों को न्याय दिलाने में उदासीन अधिकारी होंगे दंडित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**अमृत विचार :** उप्र. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में उदासीन रवैया अपनाने वाले अफसर दंडित होंगे। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान आयोग में उपस्थित न होने वाले अफसरों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अनुसूचित वर्ग के लोगों को शासन से अनुमन्य सुविधाओं का लाभ हर हाल में सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप छात्रवृत्ति के साथ ही सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोग के सदस्यों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अमेठी हत्या प्रकरण में कार्रवाई से आयोग संतुष्ट है। मुख्यमंत्री ने स्वयं इस घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर परिजन से मुलाकात कर पुलिस की कार्रवाई की समीक्षा की व त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों पर आयोग सतर्क नजर रख रहा है। आयोग के सदस्य स्वयं मौके पर पहुंचकर घटनाओं के तह तक पहुंचेंगे, ताकि सही जानकारी मिल सके। जांच के बाद दोष पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अनुसूचित वर्ग के स्वावलंबन के लिए हर संभव उपाए किए जाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, एससी-एसटी आयोग की टीमें मंडल व जिलों में करें भ्रमण, बनाएं संवाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के नेतृत्व में सदस्यों की टीमें बनाकर मंडल व जिलों में भ्रमण किया जाए व समाज के लोगों से संवाद स्थापित किया जाए। अनुसूचित वर्ग के व्यक्तियों के सामाजिक व आर्थिक स्वावलंबन के लिए हर संभव उपाय किए जाएं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सरकारी आवास पर आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित वर्ग से जुड़े लोगों के साथ कोई घटना घटित होने पर प्रशासन से समन्वय बनाकर उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का कार्य किया जाए। आयोग के पदाधिकारी नियमित बैठक कर मामलों का निस्तारण मेरिट के आधार पर किया जाना सुनिश्चित करें। आयोग की टीमें पहले चरण में मंडल मुख्यालय व दूसरे चरण में जिला मुख्यालयों पर क्षेत्र भ्रमण करे। छात्रावासों का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के कार्यालय में उचित व्यवस्था बनाकर कार्य करना चाहिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य।

पदाधिकारियों के बीच कार्य का वितरण किया जाए। कार्यालय में बैठने की उचित जगह, स्वच्छता, आवश्यक कर्मचारियों व पदाधिकारियों-शिकायतकर्ताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें। बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से भी की जाएं। प्रत्येक बैठक से सम्बन्धित बिन्दु अवश्य तैयार करें, ताकि नीति निर्धारण के समय इसकी सहायता ली जा सके।

### पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पहुंचाया जाए : नरेंद्र कश्यप

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं व दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए चल रहीं योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पहुंचाया जाए। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान राज्यमंत्री ने द्वितीय चरण के कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की समीक्षा की। इस योजना के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के युवाओं को 'ओ' लेवल और 'ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में आवश्यक तकनीकी कौशल प्राप्त कर पिछड़े वर्ग के युवा न केवल रोजगार योग्य बनेंगे, बल्कि वे स्वरोज़गार के नए अवसरों का सृजन कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसे उच्च मानकों वाली संस्थाओं के माध्यम से संचालित किया जाए।

# राजस्व वसूली में कमी पाए जाने पर दो निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता रामबाबू व मेरठ के उप खंड अधिकारी पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** राजस्व वसूली में कमी पाए जाने व बिजली चोरी रोकने में लापरवाही के आरोप में बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता रामबाबू व मेरठ के उप खंड अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अध्यक्ष ने कई मुख्य अभियंताओं से लेकर अधीक्षण अभियंता तक को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी के साथ-साथ प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। अध्यक्ष मंगलवार को शक्ति भवन में राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि असिस्टेड बिलिंग, नेवर पेड उपभोक्ता, राजस्व वसूली, मीटर खराब होने के प्रकरण, 10 किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं पर शत-प्रतिशत डबल मीटरिंग, बिजली चोरी रोकने, सही बिलिंग, झटपट व निवेश मित्र के तहत बिजली कनेक्शन व बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए चली आरडीएसएस योजना के तहत सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र सरकार से मिले धन का सदुपयोग करते हुए लक्ष्य प्राप्त किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि हमें सभी उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल समय से उपलब्ध कराना है, इसलिए मीटर रीडिंग सही ढ़ग से होना चाहिए। सभी अधिकारी-कर्मचारी मीटर रीडर के जरिए लिए गए बिलों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही बिल ससमय से मिल सकें।




मंगलवार को शक्ति भवन में राजस्व वसूली की समीक्षा करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

### नई बिजली दरों के निर्धारण प्रक्रिया अंतिम चरण में

प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राज्य विद्युत नियामक आयोग विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की दरों को अंतिम रूप देने में लगा है। इस माह दरों के घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से दरों को बढ़ाने के बजाय घटाने पर जोर दिया जा रहा है।

**हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति**

कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति हर हाल में दुरुस्त की जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर रहे। स्थानीय दोषों को कम से कम समय में ठीक किया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों, इस पर पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर अधिक लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होगा तो सम्बन्धित अवर अभियंता व लाइनमैन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजनेस प्लान 2024-25 के कार्य तत्काल शुरू किए जाएं, ताकि गर्मी के दिनों में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों व भवनों के साथ-साथ कारखानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों का बढ़ सकता है मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** उप्र. के 1.40 लाख शिक्षामित्रों, 25 हजार अनुदेशकों और रसोइयों को दीपावली से पहले मानदेय बढोत्तरी की खुशखबरी मिल सकती है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के साथ विभिन्न संगठनों की बैठक में इस पर सकारात्मक सहमति बनी है। मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसका प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखा जाना है।

इस संबंध में विचार-विमर्श के लिए मंगलवार को एक बैठक विधानसभा स्थित राज्य मंत्री, बेसिक शिक्षा विभाग (स्वतंत्र प्रभार) के कार्यालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार संगठनों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। साथी इनके मानदेय बढ़ाने के संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके समक्ष इस विषय को रखा जाएगा। इसके अलावा मंत्री संदीप ने शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों की भूमिका को भी सराहा। बैठक के दौरान छात्रों के मध्याह्न भोजन से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, रसोइयों और अनुदेशकों के मानदेय, उनकी उपस्थिति और अन्य समस्याओं पर विचार किया गया। बैठक में शिक्षामित्रों, अंशकालिक अनुदेशकों और रसोइयों के पंजीकृत संगठनों के राज्य स्तरीय अध्यक्ष, महामंत्री और उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचार और समस्याएं सरकार के सामने रखीं।

# भाजपा मुख्यालय पर मनायी जीत की खुशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मिठाइयां बंटीं और जमकर हुई आतिशबाजी

**अमृत विचार :** भाजपा के राज्य मुख्यालय पर मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा की विजय की खुशी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी की। पार्टी मुख्यालय पर हुए विजयोत्सव में पार्टी के पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, सुभाष यदुवंश प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह व अतुल अवस्थी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र कन्नौजिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, डॉ. अंकुश त्रिपाठी सहित अन्य प्रमुख नेता व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और भाजपा की उत्कृष्ट विकास नीतियों व गरीब कल्याण योजनाओं का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जनता ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का जनादेश देकर विपक्ष द्वारा संविधान और आरक्षण को लेकर लगातार फैलाए जा रहे झूठ और षडयंत्र का भी जवाब दिया है।

# 7500 छात्राएं बनेंगी एक दिन के लिए अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ परिषदीय व केजीबीवी की छात्राओं को मिलेगा अवसर

▸▸ हर जिले से चयनित की जाएंगी 100-100 बालिकाएं

▸▸ ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर बनेंगी एक दिन की अधिकारी

▸▸ हर वर्ग, जाति और श्रेणी की बालिकाओं को मिलेगा एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर

**अमृत विचार :** हर जिले से 100 और कुल 7500 बालिकाएं आने वाले दिनों में डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। राज्य सरकार की मंशा है कि इससे उनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। योजना तैयार कर ली गई है जिसके लिए सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर दिया जाएगा।

यह पहल राज्य सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने की है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं।

### नेतृत्व का भाव होगा जाग्रत

**लखनऊ :** बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं। मिशन शक्ति के माध्यम से सरकार की यह पहल उन बालिकाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपनी नेतृत्व क्षमताओं को पहचानना चाहती हैं और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा रखती हैं। चुनी गई बालिकाएं एक दिन के लिए सरकारी अधिकारियों की भूमिका निभाएंगी। वे न सिर्फ लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी, बल्कि उनके निस्तारण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।

### शालू, भूमिका समेत कई बन चुकी हैं अधिकारी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद संभल जिले के बहजोई स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा शालू और कासगंज जिले की टॉपर छात्रा कुमारी भूमिका को एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी बनाया जा चुका है। चित्रकूट स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा मनोरमा पटेल को भी एक दिन के लिए सांकेतिक रूप से डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) बनाया गया था। वहीं, केजीबीवी की बालिकाओं को मुख्य विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा एवं कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी के रूप में भी एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिल चुका है। चित्रकूट की पारो नाम की छात्रा को भी एक दिन का बीएसए (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) बनाया गया था।

## वर्ग पहेली-216

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प; न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।




### वर्ग पहेली -215 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | | 2 अँ | | | |
| मीं | | 3 जु | 4 बा | द | |
| | 5 ज़ | ली | ल | | 6 आ |
| | | | वा | | ति |
| | 7 घ | रा | ड़ी | | श |
| | | | | | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | | ज़ी |

## सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | | 7 | | 8 |
| | 2 | | 4 | | | | | |
| 7 | 6 | | 3 | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 7 | | 5 | 9 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 7 | | 9 | | 3 | | | 4 |
| | | | | 3 | 1 | | 2 | 5 |
| | | | | | 6 | | 3 | |
| 4 | | 1 | | 9 | | | 7 | |

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 12.14 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10 अक्टूबर 05.15 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज प्रेम संबंध काफी संवेदनशील रहेंगे। विदेश यात्रा में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। रूढ़िवादी विचारों को त्यागें व लचीलापन अपनाएं। नजदीकी संबंधों में कड़वाहट आ सकती है।

**वृष** – आज किसी ही दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले अच्छी तरह से पढ़ लें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राजनीति से जुड़े लोगों को समस्या हो सकती है। आपके निजी खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। यात्रा के दौरान परेशानियां होंगी।

**मिथुन** – आज बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। सभी काम समय पर हो जाएंगे।

**कर्क** – आज विवादों में मध्यस्थता करने से आपको बचना चाहिए। बनते कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। परिजनों की चिंता रहेगी। कानूनी मामले अटक सकते हैं।

**सिंह** – आज म्यूचुअल फंड में निवेश करना शुभ नहीं है। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव रहेगा। बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन अवश्य करें। आपके विचारों में नवीनता आएगी, लेकिन फिर भी लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे।

**कन्या** – आज कारोबार सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। मन में उत्साह भाव कम रहेगा। मन में अनहोनी की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य समस्याओं को हल्के में न लें। सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। नींद भरपूर मात्रा में लें।

**तुला** – आज बॉस आपका उत्साहवर्धन करेंगे। धार्मिक स्थल की यात्रा करने के लिए दिन शुभ है। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। सहकर्मी आपसे प्रसन्न रहेंगे। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर नया टाइमटेबल बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज किसी घनिष्ठ व्यक्ति को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। अपनी बात मनवाने के लिए किसी पर जोर न डालें। आप भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। दार्शनिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं। आंखों में कुछ समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज शारीरिक परेशानियों का निवारण हो सकता है। बॉस आपकी तरफ काफी ध्यान देंगे। पारिवारिक प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। किसी के प्रति दुर्भावना न रखें।

**मकर** – आज अचानक खर्च आपको प्रभावित कर सकते हैं। चित्त में व्याकुलता का भाव रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य व व्यवहार थोड़ा नकारात्मक हो सकता है।

**कुंभ** – आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। परिवार के साथ उत्तम समय का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर हल्कापन महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। शत्रु अचानक से सक्रिय हो सकते हैं।

**मीन** – आज अपनी कमियों पर गौर करें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें। छोटे बच्चे घर में शोरगुल मचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कनफ्यूज हो सकते हैं, किंतु आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
राज तिलक — सुबह : 10.34
रन — शाम : 05.33

**&pictures**
शिवम — सुबह : 10.51
जुदाई — रात : 07.30

**Sony Pix**
पैसिफिक रिम — दोपहर : 12.01
गूसबम्प्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
सीटीमार — सुबह : 11.36
सूर्या 3 — रात : 08.00

**Zee Action**
सरदार गब्बर सिंह — सुबह : 10.54
जंग — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

# किराना दुकानदार की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

## हमलावर दोस्तों ने शव को नलकूप के टैंक में फेंका, मृतक बेटे के तीन साथियों के नाम पुलिस को बताए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


घटना स्थल पर जांच करती फारेंसिक टीम। अमृत विचार


रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना जरिया के पवई गांव स्थित खेत में बने ट्यूबवेल के हौज में दुकानदार का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। दुकानदार की लाठी डंडों से हत्या कर अज्ञात हमलावरों ने शव को छिपाने की गरज से पानी से भरे हौज में फेंक दिया। इसके बाद उसके ऊपर लकड़ी रख दीं ताकि उसकी पहचान नहीं हो सके। पीड़ित पिता ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगा थाने में तहरीर दी है। तहरीर में मृतक बेटे के तीन साथियों के नाम उजागर किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जरिया थाने का सबसे निकट का पवई गांव है। पवई निवासी प्रदीप गुप्ता (38) पुत्र धूराम थाना जरिया के ठीक सामने किराना की दुकान किए था। सोमवार शाम वह दुकान बंद कर घर से राठ जाने को कह बाइक से निकला। शाम करीब साढ़े

- घर से राठ जाने को कहकर बाइक से निकला था

सात बजे गोहांड तिराहे पर स्थित सत्तू होटल में खाना खाया, तब पिता से खाना लाने की कही लेकिन उसने खाना खा लेने की बात कही, पीड़ित पिता ने बताया कि इसके बाद वह घर नहीं लौटा। रात में वह घर नहीं लौटा तो परिजन भी परेशान रहे। उसका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर बताता रहा। मंगलवार सुबह वह परिजनों और ग्रामीणों के साथ उसकी खोज में निकले तो पता चला कि वह रात करीब नौ बजे सुशील पुत्र धीरा से साथ देखा गया है। उन्हें अमगांव मार्ग में प्रदीप की बाइक मिली। इस पर उसकी आसपास खोजबीन की गई। तो भूप सिंह राजपूत के खेत में लगे निजी नलकूप के टैंक के अंदर प्रदीप का शव पड़ा मिला। उसके ऊपर लकड़ियां डाली गई थीं, ताकि किसी को जल्दी शव का पता न चल सके। प्रदीप का शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं पास में खून से सने टूटे लाठी डंडे मिले। पीड़ित पिता ने अज्ञात लोगों पर लाठी डंडे से हत्या कर शव छिपाने की बात कही है। वहीं उसने बेटे प्रदीप के साथियों अप्पू पुत्र राधे राजपूत, हरिश्चंद उर्फ किल्लू पुत्र लल्लू राजपूत व दीपक पुत्र चंद्रपाल के नाम पुलिस को बताए हैं। सूचना पर जरिया पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल को संरक्षित कर स्थानीय लोगों व मृतक के पिता से जानकारी ली।

पुलिस को प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक के शराबी दोस्तों के द्वारा अज्ञात कारणों से घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस की फील्ड यूनिट टीम साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर रही है। क्षेत्राधिकारी सरीला विनीता पहल ने कहा घटना के सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है। परिजनों से तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के मवइया गांव में सोमवार की शाम करीब 6:00 बजे पेड़ से लटकते हुए एक युवक का शव देखते ही गांव में यह खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और युवक की पहचान कर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारिश के बीच शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्र के मवइया गांव निवासी अजय पुत्र चुनूबाद ने अज्ञात कारणों के चलते सोमवार को खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी डाल गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम ग्रामीणों ने जब युवक को फांसी के फंदे में लटकता देखा तो यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा।

# समस्याओं के निस्तारण में जिले का प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी धनश्याम मीना के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद को आईजीआरएस में जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह सितंबर की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह सितम्बर की रैंकिंग में जनपद को 95.38 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी द्वारा लंबित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की जाती है एवं निस्तारण सुनिश्चित कराया जाता है। जिलाधिकारी जनता दर्शन में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़े रहकर शिकायतकर्ता की समस्याओं के संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हैं। जिससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो रहा है। आईजीआरएस सन्दर्भों सहित संपूर्ण समाधान दिवस संदर्भ, ऑनलाइन संदर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ की शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं संबधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण के निर्देश दिए हैं। समस्या का निस्तारण नियत समय में करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराने एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा मौके पर निस्तारण का जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस टीम सहित सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कहा।

# फिल्म कजिन ईशा की हीरोइन होंगी हर्षिता

संवाददाता,सुमेरपुर(हमीरपुर)


अभिनेता विक्रांत राय व अभिनेत्री केवलरामानी।

**अमृत विचार।** आगामी आठ नवंबर से फिल्म अभिनेता विक्रांत राय की फिल्म कजिन ईशा की उन्नाव में शुरू होने वाली शूटिंग के लिए हीरोइन का चयन हो गया है। फिल्म में हर्षिता केवलरामानी हीरोइन की भूमिका अदा करेंगी। उन्नाव के भगवंत नगर के आसपास आगामी 8 नवंबर से शुरू होने वाली फिल्म की शूटिंग कजिन ईशा की लोकेशन देखकर वापस मुंबई जाते समय कस्बे के लॉज में ठहरे फिल्म अभिनेता विक्रांत राय ने यह जानकारी मीडिया से बातचीत के दौरान दी।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के निवासी तत्क्षण फिल्म में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले विक्रांत राय ने बताया कि उनकी आगामी फिल्म कजिन ईशा आ रही है। इस फिल्म के कुछ हिस्सों का उन्नाव के भगवंत नगर में फिल्माया जाना है। इस फिल्म में टीवी की मशहूर कलाकार हर्षिता केवलरामानी हीरोइन की भूमिका निभाएंगी। इसके पूर्व वह फिल्म फ्रेडी में आ चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी आठ नवंबर से फिल्म की शूटिंग भगवंत नगर में होनी है। उसके लिए लोकेशन देखी गई है। अब यह फिल्म की शूटिंग के लिए टीम के साथ पांच नवंबर को मुंबई से भगवंत नगर आएंगे। उन्नाव से वापस जाते समय वह कुछ देर के लिए कस्बे के एक रेस्टोरेंट में ठहरे हुए थे।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**सरीला।** जरिया थानाक्षेत्र के पचखुरा गांव में अधेड़ ने खेत में पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

महोबा जनपद के सिमरिया गांव निवासी धनीराम उर्फ़ धन्नू (46) पुत्र मातादीन पिछले करीब 20 साल से पचखुरा गांव में अपने जीजा जसीराम पुत्र गोपाला के यहां परिवार के साथ रहता था। उसके दो बेटों में पुष्पेंद्र (28), श्रवण (16) व बेटी ज्ञानवती (18) एवं पत्नी धर्मवती है। मंगलवार को घर के लोग खेतों में तिल फसल काटने गए थे। पत्नी धर्मवती का ऑपरेशन हुआ था जो घर पर मौजूद थी। दोपहर में ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी कि गांव के पुरानी मराठी के पास जसीराम के खेत में लगे पेड़ की डाल में धनीराम उर्फ धन्नू ने गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी है। थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था। फांसी लगा आत्महत्या की है।

# रंजिश को लेकर प्रधान प्रतिनिधि पर हुआ हमला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- परिवार के पांच लोगों ने गाड़ी रोक की तोड़फोड़,लाखों रुपये लूटकर ले जाने का आरोप


घटना की जानकारी देता विनय कुमार

**अमृत विचार।** कोतवाली के करगवां गांव में घर लौट रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की कार को रोककर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की कार तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर लाखों रुपये भी लूट लिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ की गई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार तहरीर देकर बताया कि सोमवार की शाम वह गोहांड विकास खंड कार्यालय से कार से वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में करगवां गांव के पास पहुंचते ही लाठी डंडों से लैस उसके परिवार के ही 5 लोगों ने ग्राम प्रधानी की रंजिश के चलते उसकी कार को घेर लिया। आरोप लगाया कि सभी लोगों ने लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया और उसकी कार में भी तोड़फोड़ दी। मारपीट से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को चोटें आईं हैं। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी कार की डिग्गी में ढाई लाख रुपये मारपीट की घटना के बाद गायब मिले हैं। इस पूरी घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि कार चढ़ाने के विवाद को लेकर मारपीट हुई है। कार्रवाई हो रही है।

# किशोरी ने मंगेतर से फोन पर बातचीत के बाद फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


घटना स्थल पर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बड़ी बहन के घर आई किशोरी ने मंगेतर से फोन पर बातचीत करने के बाद फंखे में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी ईदगाह निवासी अजय कुमार पाठक की साली 17 वर्षीय मुस्कान ने बड़ी बहन कंचन के मोबाइल से मंगलवार दोपहर लगभग पौने तीन बजे मंगेतर से फोन पर बातचीत के बाद कमरे में लगे पंखे में साड़ी का फंदा डाल आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।मृतका की बड़ी बहन कंचन ने बताया कि वह ऊपर कमरे कुछ काम कर रही थी तभी मुस्कान को आवाज लगाने के बाद जवाब ना मिलने पर नीचे आई तो छोटी बहन को फांसी पर लटका देखा तभी उन्होंने पति अजय कुमार पाठक को सूचना दी। बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के ग्राम बिलौटा निवासी विजय कुमार की 17 वर्षीय पुत्री मुस्कान एक माह पूर्व यहां आई थी। बताया कि मृतका की तीन माह पहले जनपद जालौन के गुढ़ा गांव निवासी गुड्डू से शादी की बातचीत चल रही थी। इसी दौरान दोनों की फोन पर बातचीत शुरू हो गई। बताया कि कुछ दिन पूर्व मुस्कान ने गुड्डू से पांच हजार रुपये लिए थे जिसमें उसने दो हजार वापस कर दिए थे। बाकि पैसों को लेकर गुड्डू बार बार मुस्कान को फोन कर रहा था। जिससे नाराज होकर मुस्कान ने कंचन के मोबाइल से गुड्डू का नंबर ब्लॉक कर दिया था। मंगलवार को लगभग एक बजे गुड्डू ने नए नंबर से फोन कर मुस्कान पैसों को लेकर कुछ बात कही थी। जिससे परेशान हो नीचे के कमरे में उसने फांसी लगा ली। बताया कि मृतक का भाई गांव में रहकर पढ़ाई करता है।

# बाईपास के निर्माणाधीन पुलों को जिलाधिकारी ने मौके पर देखा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- समय से सेतुओं का निर्माण कराने के निर्देश दिए
- पिछले करीब आठ साल से निर्माणाधीन है बाइपास


निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार।** शहर में निर्माणाधीन बाईपास पुल व एप्रोच मार्ग का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने निरीक्षण किया। यह पिछले करीब आठ साल से निर्माणाधीन है। इसके निर्माण को 132.57 करोड़ मिले हैं।

जिलाधिकारी ने बाईपास के निर्माणाधीन सेतुओं की साइडों को देखा। बेतवा नदी के सेतु में पिलर्स के काम पूर्ण हो चुके हैं। पाथवे व स्लैब निर्माण शेष है। उन्होंने सेतु निगम के कास्टिंग यार्ड का निरीक्षण किया। यहां सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने रोहाइन नाला एवं यमुना नदी पर बन रहे सेतु का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी प्रकार के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। कहा आईआईटी आदि के माध्यम से नियमित रूप से थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। कहा पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था कर सभी कंपोनेंट में एक साथ निर्धारित समय से कार्य पूर्ण करें। बाईपास प्रोजेक्ट पिछले करीब आठ साल से निर्माणाधीन है। इसकी लागत 132.57 करोड़ है। जिसमें कुल लंबाई 8.9 किमी है। सेतु निगम एवं पीडब्ल्यूडी के अभियंता एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।


बस स्टैंड में लगे जाम में फंसे वाहन।

# ट्रैफिक पुलिस व रोडवेज कर्मियों के बीच झड़प

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के बस स्टैंड में रोडवेज चालकों की मनमानी के चलते दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे नाराज ट्रैफिक पुलिस व रोडवेज कर्मचारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। जिसका किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

शहर के बस स्टैंड में रोडवेज चालकों की मनमानी के चलते दिन में कई बार जाम लगता रहता है। जिसमें स्थानीय लोगों सहित राहगीरों को तपती धूप में खड़ा रहना पड़ता है। मंगलवार की दोपहर रोडवेज चालकों द्वारा लापरवाही से बसों को सड़क पर आड़ा तिरक्षा खड़ी कर सवारियां भरने लगे। जिससे नाराज ट्रैफिक पुलिस ने चालान करने की प्रक्रिया शुरू की। इसी बीच रोडवेज कर्मचारियों व ट्रैफिक पुलिस के बीच कहा सुनी होने लगी।

# 6 शातिरों को किया गया जिलाबदर

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही/ प्रभावी पैरवी के तहत न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट एडीजे द्वारा जनपद के विभिन्न थानाक्षेत्र के छह गुंडा अपराधी लोगों के खिलाफ जनपद की सीमा से 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है।

इन शातिर अपराधियों में अंकित तिवारी उर्फ ऋषभ तिवारी निवासी मोहल्ला मांझखोर रमेड़ी, बृजेश कुमार लोधी उर्फ बिज्जू राजपूत निवासी जिगना थाना चिकासी, कमल सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम गहतौली थाना सुमेरपुर, विजय करन उर्फ बउवा निवासी ग्राम पचखुरा खुर्द थाना सुमेरपुर, जय प्रकाश द्विवेदी उर्फ बोंदा निवासी ग्राम धुन्धपुर थाना सुमेरपुर, मिर्चू सिंह उर्फ जसवन्त सिंह निवासी ग्राम बैजेमऊ थाना सिसोलर शामिल है।

## सार-संक्षेप

### नवयुवक संघ द्वारा भंडारे का किया गया आयोजन


आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

**हमीरपुर।** शारदीय नवरात्र के छठवें दिन भक्तों ने मां के छठवें स्वरूप माता कात्यायनी की आराधना की। शहर के मुख्य मां चौरा देवी मंदिर में तड़के ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। उधर घरों में हवन-पूजन व सुंदरकांड पाठ के अलावा कन्या भोज के आयोजन जारी है। दुर्गा पंडालों में सुबह शाम होने वाली आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। उधर रात्रि में पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे है। नवरात्र का छठवां दिन मां कात्यायनी का है। मंगलवार को मां के इस स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। उधर शहर के रमेड़ी तिराहा, आदर्श नगर, विवेक नगर, देवदास मंदिर, कांशीराम कालोनी सहित अन्य देवी पंडालों में सुबह शाम होने वाली आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। किंग रोड स्थित पूजा पंडाल में नवयुवक संघ की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया।

### अवैध खनन के मामले में तीन डंपरों को किया सीज

**मौदहा (हमीरपुर)।** अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में सुबह कानपुर सागर राष्ट्रीय हाईवे पर एडीएम व खनन अधिकारी की संयुक्त जांच में तीन डंपरो को अवैध खनन का माल ले जाते हुए पकड़ कर सीज किया गया है। उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र ने बताया कि आज सुबह 8 :00 बजे जिला खनन अधिकारी की टीम के साथ ही कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के गोस्वामी ढाबा के निकट अवैध रूप से गिट्टी,डस्ट ले जाते 3 डंपर पकड़े गए। जिन्हें सीज कर दिया गया है।

### लोकनायक जयप्रकाश की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित किए

**सुमेरपुर।** आजादी के संघर्ष में देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में जिनका देश ऋणी है के तहत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डॉ .भवानीदीन सहित अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि श्री नारायण सही मायने में लोकसेवी और समाजवादी विचारों के नायक थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका पूरा जीवन संघर्ष और साधना से भरा रहा। इनके निर्देशन में जनता पार्टी बनी। 1977 में जनता दल की सरकार बनी। उनका 8 अक्टूबर 1979 को निधन हो गया। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, आयुष शिवहरे, संतोष प्रजापति, महावीर प्रजापति, रिचा, भोलू सिंह, सागर, अजय और दस्सी आदि शामिल रहे।

### बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर ठगे 1 लाख

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में विद्युत पावर हाउस के समीप एक किसान के साथ ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। किसान ने विद्युत विभाग के एक लाइनमैन और फर्जी जेई पर ट्यूबवेल कनेक्शन के नाम पर 1 लाख 25 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नरसिंह राजपूत ने बताया कि दो साल पहले उन्होंने अपने क्षेत्र में ट्यूबवेल कनेक्शन कराने के लिए विद्युत विभाग के लाइनमैन से संपर्क किया था। लाइनमैन ने उनसे 30 हजार रुपये और जरूरी कागजात लिए थे। जब उसने जानकारी मांगी तो आरोपी लाइनमैन ने ने उसे पावर हाउस ले जाकर संदीप नाम के एक युवक को फर्जी जेई बताकर उसके सामने पेश कर दिया। इस फर्जी जेई ने किसान से 95 हजार रुपये और लिए लेकिन कनेक्शन अब तक नहीं कराया। किसान ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली के इंस्पेक्टर ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सूना घर पाकर चोरों ने जेवरात उड़ाए

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के इटैलिया बाजा गांव में सोमवार की दिनदहाड़े सूना घर पाकर चोरों ने घर में घुसकर लाखों के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है। इटैलिया बाजा गांव निवासी दशरथ कुशवाहा पुत्र खिलाड़ी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने परिवार के साथ खेत गए थे। करीब तीन बजे अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

खेल के मैदान से

100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में समीर एवं बालिका वर्ग में प्रतिभा रहे अव्वल

# खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का दिखा दम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


दौड़ प्रतियोगिता की शुरुआत कराते शिक्षक।

- तीन दिवसीय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू

**अमृत विचार।** तीन दिवसीय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक हमीरपुर एवं चेयरमैन मौदहा ने किया। जिसमें जनपद के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रजा मुहम्मद ने किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक सीनियर वर्ग में हमीरपुर के समीर प्रथम, राठ के आकाश द्वितीय एवं प्रवेंद्र तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रतिभा, द्वितीय आसनी एवं तृतीय स्थान पर रोशनी रहीं। 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग में अब्दुल अरमान प्रथम, युसुफ द्वितीय एवं अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में प्रथम अनिकेत, द्वितीय यश कुमार एवं तृतीय विकास यादव रहे। 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में सेजल प्रथम, निशा द्वितीय व दीक्षा तृतीय रही। 100 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में सचिन प्रथम एवं बालिका वर्ग में हिमांशी प्रथम रही। इस दौरान नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजेन्द्र किशोर, प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक दयाशंकर त्रिपाठी, रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ.रज़िया सुल्ताना, गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इसराइल खान, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या अंजली गौतम सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं क्रीड़ा अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार एवं आरिफ सिद्दीकी ने किया।

# गलत इंजेक्शन लगाने से वृद्ध महिला की मौत

संवाददाता,मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से एक महिला को गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण मौके पर ही मौत हो गई । चिकित्सक ने अपने सहयोगियों के साथ मृतका को गाड़ी में लेकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सको ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्करा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसकी मां किशोरी गुप्ता (60) पत्नी रामगोपाल के मुंह में छाले होने की शिकायत पर कस्बे के गल्ला मंडी गेट के सामने सारा क्लीनिक एंड हेल्थ केयर सेंटर में इलाज के लिए लेकर आए। जहां चिकित्सक डॉ.अफजाल अहमद ने तत्काल इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगाते ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने अपनी गाड़ी में महिला को लेकर स्टाफ के साथ कस्बे की सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सक सानिब ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पुत्री सुनीता ने बताया कि प्राइवेट अस्पताल सारा क्लीनिक के चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने पर उसकी मां की मौत हुई है। खास बात यह है कि जनपद भर में उच्च अधिकारियों के संरक्षण में चल रहे झोलाछाप डॉक्टर किसी न किसी मरीज को आए दिन मौत के घाट उतार देते हैं और कुछ दिन बाद मामला रफा दफा हो जाता है।

# सड़क हादसे में मां व 1 साल की बेटी की मौत, पिता गंभीर

## बाइक को हार्वेस्टर ने मारी टक्कर, एक अन्य भी घायल

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)


घटनास्थल पर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार


घायल शिवचरित्र।


अमरनाथ।

**अमृत विचार।** रामनगर-कमासिन मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार मां और एक साल की बेटी की मौत हो गई। पिता और एक अन्य रिश्तेदार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक में हार्वेस्टर की टक्कर से यह दुर्घटना हुई।

पनौती निवासी किसान शिवचरित्र राजपूत (35) उसकी पत्नी संतोषिया (30) और रिश्ते के भाई अमरनाथ (25) के साथ एक ही बाइक से राजापुर में प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में स्वयं सहायता समूह के लिए हस्ताक्षर करने जा रहा था। संतोषिया अपने साथ एक साल की बेटी उपासना को गोद में लिए थी। रामनगर-कमासिन रोड पर मिश्रनपुरवा के पास अपराह्न लगभग तीन बजे कमासिन की ओर से पीछे आ रहे एक हार्वेस्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे चारों लोग छिटककर दूर जा गिरे। संतोषिया व पुत्री उपासना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक चालक अमरनाथ और शिवचरित्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और ग्रामीणों ने इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

घटनास्थल पहुंचे कनकोटा प्रधान जगदीश शुक्ला ने प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह को सूचना दी।

इस पर एसओ, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, कन्हैयाबक्स सिंह, सिपाही प्रकाश मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी ली और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हार्वेस्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया, जबकि इसका चालक भाग निकला। गांव निवासी श्यामू सिंह ने बताया कि दंपति के एक पुत्र शिवम (6) व पुत्री उमा (4) है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में केक काटती बच्ची।

# 11 नवजात बच्चियों का मनाया गया हैपी बर्थडे

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की मौजूदगी 11 नवजात बच्चियों का केक काटकर बर्थडे मनाया गया।

नवरात्र पर हुए इस अनूठे कार्यक्रम में अधिकारियों ने बच्चियों को आशीर्वाद देकर उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इन बच्चियों में अनिका, अदिति, आंचल, विनीता, अविका ,नाव्या रिया, मानसी, मानवी, वैनसी आदि शामिल रहीं। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने वहां पर मौजूद एक बच्ची से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया। मांओं-बेटियों को उपहार एवं मिष्ठान भी वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि लड़का-लड़की में भेदभाव न करें। दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है।

### बेटियों को भी खूब पढ़ाएं और लिखायें माता-पिता

मुख्य विकास अधिकारी ने अभिभावकों को बालक-बालिका में किसी प्रकार का भेदभाव न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों को आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करें। बेटियां किसी से कम नहीं हैं।

## मिलीभगत से सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

**भरतकूप (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत अकबरपुर अंतर्गत भरतकूप में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के आरोप लग रहे हैं। मुख्य मार्ग के किनारे स्थित इस बेशकीमती जमीन के अतिक्रमण के पीछे ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत बताई जा रही है। इस संबंध में एएसडीएम पूजा साहू ने कहा कि लेखपाल से बात कर कब्जा हटवाया जाएगा।

ग्रामीणों ने नाम छिपाते हुए आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और लेखपाल ने मिलकर इस जमीन पर भू-माफियाओं से साठगांठ कर अवैध कब्जा करवाया है। ग्रामीण बताते हैं कि इस जमीन का बाजार मूल्य काफी ज्यादा है। आरोप यह भी है कि कब्जे के बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ग्राम समाज की कीमती जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा करवाना न केवल गैरकानूनी है बल्कि यह ग्राम पंचायत के विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इस संबंध में एसडीएम पूजा साहू ने आश्वस्त किया कि वह लेखपाल से इस संबंध में बात करेंगी और मामले की जानकारी लेंगी। अगर अवैध कब्जा पाया गया तो कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप


रास्ते में फैला पड़ा कीचड़। अमृत विचार

### खदान संचालकों की मनमानी से आने-जाने में दिक्कत

**भरतकूप (चित्रकूट)।** कर्वी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंडा स्थित देवी मंदिर में दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं का आरोप है कि खदानों का पानी रास्ते में छोड़ा जाता है, जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। ग्राम प्रधान राममिलन ने बताया कि उन्होंने खदान मालिकों से कई बार अनुरोध किया कि खदानों में ब्लास्टिंग और पानी छोड़ने की प्रक्रिया ठीक तरीके से संचालित करें लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। इस मुद्दे पर ग्रामवासियों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में ध्यान नहीं दे रहा। श्रद्धालुओं ने भी रोष जताया कि कीचड़ में मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई होती है। श्रद्धालु राम सिंह ने बताया कि असुविधा के चलते देवी दर्शन करना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालने की अपील की है कि देवी जी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।


कृषि मंत्री का स्वागत करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही का किया स्वागत

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार के कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मंगलवार को जिला मुख्यालय आने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि ने स्वागत किया गया। मंत्री ने कामतानाथजी के दर्शन व पूजा अर्चना की। इसके पूर्व मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों से फसलों, बीज, उर्वरक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी की।


गरिमा का स्कूल में किया गया स्वागत। अमृत विचार

### अब वास्तव में अधिकारी बनना चाहती है गरिमा

**रामनगर (चित्रकूट)।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर में सोमवार को एक दिन की खंड विकास अधिकारी बनी उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरुवा की कक्षा सात की छात्रा गरिमा मिश्रा मंगलवार को जब स्कूल पहुंची तो सहपाठियों ने उसे बधाई दी। गरिमा पियरियामाफी छीबों की मूल निवासी है, जो अपने ननिहाल रेरूवा में रहकर उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रही है। गरिमा ने कहा कि अब वह पढ़ लिखकर वास्तव में एक अधिकारी बनकर देशसेवा करना चाहती है। ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा, अधिवक्ता अरुण द्विवेदी, पशु चिकित्साधिकारी डा. नरेंद्र ओझा, बीईओ एनपी सिंह, शिव भूषण त्रिपाठी, शिवपूजन शुक्ला, साकेत बिहारी शुक्ला, राजकुमार शर्मा, अखिलेश पांडेय, रामेश्वर शुक्ला, अंबिका मिश्रा, हरी नारायण पांडेय आदि ने शुभकामनाएं दीं।


लखनऊ में सम्मान ग्रहण करतीं शिक्षिका कविता।

### कविता को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

**चित्रकूट।** मछरिहा की सहायक अध्यापिका कविता सिंह को बीते दिनों लखनऊ में गिजुभाई बधेका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिला। उनको यह सम्मान शैक्षिक संवाद मंच ने 47 कवि/ लेखकों के संग्रह पुस्तक नदी बहने लगी है को विमोचन के दौरान दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ बाल साहित्यकार बंधु कुशवर्ती, डॉ. पवनपुत्र बादल, बाल कथाकार जाकिर अली रजनीशव पद्मश्री उमाशंकर पांडेय मौजूद रहे। शैक्षिक संवाद मंच के संस्थापक प्रमोद मलय दीक्षित एवं कार्यक्रम संयोजक दुर्गेश्वर राय ने बताया कि 84 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। नदी बहने लगी है पुस्तक में कविता सिंह की तीन रचनाएं सम्मिलित हैं।

### शिविर लगाकर वितरित किये गये चश्मे

**मऊ (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत मवईकला में गरीबों को नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया। भारतीय नव निर्माण संस्थान के परियोजना प्रबंधक सृजन त्रिपाठी की अगुवाई में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के तत्वावधान में मंगलवार को मवईकला में शिविर लगाकर चश्मे बांटे गये। नेत्र परीक्षण एवं आई ड्राप वितरण प्रयागराज के डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. कौशिकी एवं डॉ. जूली सिंह ने किया। इस मौके पर नरेंद्र खरे, क्रांति कुमार, आकाश त्रिपाठी, बीरेंद्र बाजपेई, धर्मराज सिंह, शिवम, दिलीप तिवारी आदि मौजूद रहे। परियोजना प्रबंधक सृजन त्रिपाठी ने बताया कि तीस ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा।

### वाहनचालकों को किया गया जागरूक

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत परिवहन विभाग ने वाहनचालकों को जागरूक किया। यह जानकारी प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने दी। बताया कि उन्होंने और यात्रीकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। निजी बसों को भी चेक किया गया।

## एक नजर

### एचआईवी पाजिटिव रोगियों को दी पोषण किट

**चित्रकूट।** समाजसेवी संस्था सेवा भारती ने मंगलवार को एचआईवी पॉजिटिव रोगियों को पोषण किट बांटी। जिला अस्पताल सोनेपुर में संस्था की अगुवाई में सीएमएस डॉ. शैलेंद्र कुमार और जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने रोगियों को सामग्री दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शुक्ला, राजकिशोर शिवहरे, प्रचार प्रमुख शंकर यादव, राजकिशोर त्रिपाठी, रवि मिश्रा, संदीप कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, गुड़िया, सुमित्रा गर्ग, राखी शुक्ला, सुषमा खरे आदि रहे।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि में लेखाकार हरिश्चंद्र श्रीवास्तव को सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई। कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी, डा. सच्चिदानंद ओझा, उप कुलसचिव डा. ललित कुमार सिंह और डा. साधना चौरसिया, रमाकांत त्रिपाठी, नील कमल कुमावत और जनसंपर्क अधिकारी डा. जयप्रकाश शुक्ल ने उनको भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## घर में घुसकर मारपीट करने में 6 साल की कैद

**चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश (डकैती कोर्ट), अपर जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने घर में घुसकर मारपीट करने में दोषी चौधरी उर्फ रजोला को 4 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी। साथ ही 6 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। मामला 25 अक्टूबर 2016 का है। श्यामकली निवासी ग्राम करहुआ ने बहिलपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चौधरी उर्फ रजोला पुत्र शिवमंगल निवासी नौबस्ता ने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर लाठी-डंडों, बंदूक की बटों से मारपीट कर बेहोश कर दिया। 29 सितंबर 17 को आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित हुए। प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी शिवआसरे, पैरोकार आरक्षी अमरेंद्र प्रताप सिंह, विनोद कुमार शुक्ला की गहन पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के फलस्वरूप दोषी को सजा मिल सकी।

# हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से दो युवकों की मौत


रोते बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार


सांत्वना देने पहुंचे सदर विधायक अनिल प्रधान। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** कोतवाली कर्वी अंतर्गत द्वारिकापुरी मुहल्ले में मंगलवार देर शाम हाईटेंशन तार गिरने से उसकी चपेट में आकर एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसने बाद में दम तोड़ दिया। धू धूकर जलते युवक को जिसने भी देखा, रोंगटे खड़े हो गए। घटना से कुछ ही दूरी पर बिजली विभाग का कार्यालय है।

● धू-धूकर जलते युवकों को देख लोगों के खड़े हो गए रोंगटे

जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम लगभग 7 बजे द्वारिकापुरी मुहल्ले में हाईटेंशन लाइन में स्पार्किंग के बाद तार गिर पड़ा। घर के बाहर बैठा युवक मनीष प्रजापति (24) और चाट की ठेलिया लगाने वाला राजा, जो बाहर का निवासी बताया जाता है, इसकी चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। मनीष को धू धूकर जलते देख घरवाले रो पड़े। उसने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि राजा की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर विधायक अनिल प्रधान मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान लोगों ने विधायक को बताया कि जर्जर तारों की वजह से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने बताया कि तार स्पार्किंग के बाद जलते रहते हैं। इसकी सूचना विभाग को कई बार दी गई लकिन आजतक कोई नहीं इसक सही करने नहीं पहुंचा और आज एक बड़ा हादसा हो गया। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए विद्युत् विभाग के अधिशासी अभियंता को कई बार फोन किया पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की। सपा विधायक ने सरकार को घेरते हुए कहा कि अगर कोई गरीब बिजली चोरी करता है तो पूरा विभाग उस पर टूट पड़ता है पर जर्जर तारों, खंभों को ठीक करने पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने मृतकों के परिजनों को सहायता देने का आश्वासन दिया।


गरबा नृत्य करतीं युवतियां। अमृत विचार

# नवरात्र उत्सव में दिखे गुजरात के गरबा के रंग

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में इस वर्ष भी नवरात्र उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसमें रोजाना 300 से अधिक श्रद्धालु मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं।

कार्यक्रम का आयोजन सद्गुरु महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन की देखरेख में हो रहा है। उषा ने बताया कि लगभग 40 वर्ष से नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है।


परिसर में स्थापित देवी प्रतिमा।

पहले ढोलक की थाप पर महिलाएं गरबा नृत्य कर मां की आराधना करती थीं। समय के साथ इसका स्वरूप और बढ़ गया। सद्गुरु परिवार के छोटे-छोटे बच्चों बालक-बालिकाओं के साथ सभी प्रकल्प के कार्यकर्ता भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इस वर्ष कुल 16 टीमों में 300 से भी अधिक हर उम्र के प्रतिभागी डंडिया-गरबा की प्रस्तुति दे रहें हैं। इस वर्ष की प्रतिभागी टीमें नन्ही परियां, बालगोपाल, सनातनी, मां अंबे, जगदंबे, ईश्वरी, वैशाली, विनायक, छलिया, सिद्धि, वीणावादिनी, वैदेही, अनंता, वैष्णवी, विराटेश्वरी एवं गुरुकृपा हैं। प्रतिदिन सर्वप्रथम सभी माताजी का थाल और आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं एवं तदुपरांत टीमें प्रस्तुति देती हैं। शक्ति आराधना के इस महापर्व नवरात्र पर ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, डॉ. इलेश जैन एवं उषा जैन ने सभी से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अनुरोध किया।

● 300 से अधिक श्रद्धालु प्रतिदिन दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

धरोहर — लौरी गांव में है प्राचीन कालका देवी मंदिर, 3 मूर्तियां ही अपने मूल स्वरूप में बची हैं

# पहाड़ की चोटी पर देवी दर्शन को पहुंच रहे हैं श्रद्धालु

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में भी प्राचीन देवी मंदिरों में आस्थावानों की भीड़ जुट रही है। यहां पर देररात तक पूजापाठ का सिलसिला चलता रहता है। तहसील अंतर्गत रामनगर ब्लाक मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित लौरी गांव की पहाड़ की चोटी पर प्रसिद्ध कालका देवी के प्राचीन मंदिर में भी क्षेत्र तथा क्षेत्र के बाहर के लोग पूजा अर्चना करने के लिये पहुंच रहे हैं।

मंदिर में देवी कालका की प्राचीन मूर्ति विराजमान है। बुजुर्गों की मानें तो मंदिर को चंदेलकाल का माना जाता है। परिसर में एक दर्जन से भी अधिक मूर्तियां स्थापित हैं। माना जाता है कि मंदिर जिले का एकमात्र चौंसठ योगिनी मंदिर है। मंदिर की ऐतिहासिकता परिसर में बिखरे ध्वंसावशेष से साफ पता चलती है। लोग बताते हैं कि मंदिर में योगिनी की चौंसठ मूर्तियां थीं, जिनकी बेहतरीन नक्काशी और प्राचीनता को तस्करों का ग्रहण लग गया और बीते दशकों में चरणबद्ध तरीके से मूर्तियां चोरी हो गईं। कुछ मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। तीन मूर्तियां ही अपने मूल स्वरूप में हैं। लेकिन अब भी लोगों को इस मंदिर में पूरी श्रद्धा और भक्ति है और यहा भारी संख्या में पहुंचते हैं।


रैपुरा थाने में स्थापित मूर्ति।


तृष्णायोगिनी वृषानना मूर्ति।


बकरे के सिर वाली योगिनी की मूर्ति।

### क्या होती हैं योगिनियां

योगिनी पंथ का विकास छठी से10वीं शताब्दी के बीच हुआ था। इसका उल्लेख स्कंद पुराण व अग्नि पुराण में है। योगिनी देवी व दैत्य का मिश्रण है। ऐसा माना जाता है कि यह देवी अपने भक्तों को विजयी होने का आशीर्वाद देते हुए उन्हें जादुई शक्तियां प्रदान करती हैं।

### चोरी भी हो चुकी हैं दो मूर्तियां

जानकारी के मुताबिक एक 400 किलोग्राम की मूर्ति को फ्रांस में कला संग्रहकर्ता रॉबर्ट स्क्रिम्फ ने रख लिया था। उसकी पत्नी मार्टिन स्क्रिम्फ ने वर्ष 2008 में इसको भारतीय दूतावास को दान में दे दिया था। इसका प्रदर्शन फरवरी 2013 में राष्ट्रीय संग्रहालय में किया गया था। बलुवा पत्थर की यह मूर्ति भैंस के सिर वाली महिला वृषानना योगिनी की है, जो एक पत्थर के पाट पर बैठी हैं। बाएं हाथ में डंडा व दाहिने में एक फल है। इनका वाहन हंस है जो फल पर चोंच मार रहा है। सुंदर महिला के जैसे शरीर वाली इस मूर्ति में देवी चिंतन मुद्रा में है और उनकी आंखें बंद हैं। एक अन्य मूर्ति 40 साल पहले 1980 में चोरी हो गई थी। अक्टूबर, 2021 में लंदन में भारतीय उच्चायोग को इंग्लिश कंट्री गार्डन में योगिनी की मूर्ति होने की जानकारी मिली थी। इसे 2022 के दौरान भारत लाया गया।

### क्या कहते हैं लोग



करीब बीस वर्ष पहले चोर एक मूर्ति ले जा रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस की सहायता से मूर्ति तो छुड़ा ली लेकिन चोर फरार हो गए। वह मूर्ति रैपुरा थाना परिसर में मंदिर बनवाकर वहीं स्थापित करवा दी गई।
– प्रधानपति अरुण कुमार उर्फ मुन्ना सिंह



क्षेत्र में बहुतायत में ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं लेकिन पुरातत्व विभाग इनकी अनदेखी कर रहा है। ऐतिहासिक स्थलों में संरक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही हैं।
–सपा यूथ ब्रिगेड प्रदेश सचिव अजयराज त्रिपाठी



मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए पुरातत्व विभाग को इसे संरक्षण करते हुए मंदिर को प्राचीन स्वरूप देने का प्रयास करने चाहिए। पर्यटन विभाग को भी इस पर ध्यान देना चाहिए।
– अमित पांडेय



यहां परदूरदराज से लोग पूजा अर्चना के लिए आते हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता के चलते सैकड़ों की तादाद में आस्थावान लोग मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर लोग मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं।
– पुजारी गोरेलाल

## समितियों के गठन के लिए पोर्टल शुरू

**चित्रकूट।** नई मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई है। यह जानकारी सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने दी। उन्होंने बताया कि मछुआ समुदाय के लोगों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए इन समितियों का गठन किया जा सकता है। इसमें न्यूनतम 27 सदस्य अनिवार्य हैं, जो प्रस्तावित कार्यक्षेत्र के रहने वाले हों।

**भूमि सम्बन्धी सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान् अपर कमिश्नर न्यायालय चित्रकूट धाम मण्डल बांदा में भूमि गाटा सं0– 44, 45, 10, 11 मौजा किला बांग तथा भूमि गाटा सं0– 949, मौजा सीतापुर रूलर तथा मौजा दिलौरा के गाटा सं0– 35 मि0 की विवाहित वरासत का वाद सं0– 1280 /2024 धारा 210 की निगरानी अपील लम्बित है। न्यायालय ने दिनांक 23.09. 2024 को अभय पक्षों को अग्रिम आदेश तक मौके पर यथा स्थिति बनाये रखने तथा भूमि को खुर्द, वुर्द न करने का आदेश पारित किया गया है।

सुशीला देवी पत्नी
स्व0 राम बाबू चौधरी
निवासिनी– श्री जी भवन के
सामने राघवपुरी सीतापुर, चित्रकूट,
मो0: 9450200032

# मिलावटी खाद्य सामग्री पर लगे रोक

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता महोबा



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी । अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में त्योहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री पर हर हालत में अंकुश लगाए जाने की निर्देश दिए गए।

बैठक का उद्देश्य जनमानस को शुद्ध खाद्य, पेय पदार्थ एवं औषधि उपलब्ध कराना तथा मिलावटी खाद्य, पेय पदार्थों एवं मिलावटी औषधियों के विनिर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि इसका आम जनमानस, व्यापारियों, विद्यार्थियों, गृहणियों में प्रचार-प्रसार किया जाय कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय, उपयोग करते समय तथा बाजार के ठेला, से चाट, फल, सब्जी, बर्गर चाऊमीन आदि खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना है। विभाग द्वारा इसे जल्द ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से अमल में लाने की बात कही गयी। अधिकरियों ने यह भी सुझाव दिया कि प्रचार-प्रसार के समय विभाग द्वारा एक मोबाईल नम्बर की व्यवस्था हो जिससे मिलावटी खाद्य, पेय पदार्थों एवं मिलावटी औषधियों पाये जाने की स्थिति में आम जनमानस शिकायत कर अपनी समस्या का समाधान कर सके। जिसे विभाग द्वारा शीघ्र ही उपलब्ध कराने को कहा है। उपरोक्त अधिकारियों एवं विभाग द्वारा ऐसे खाद्य कारोबार कर्ता जो तेल में तलकर खाद्य पदार्थ बेचते हैं, उनको यह निर्देशित किया जाता है कि तीन बार से अधिक उस तेल को गरम कर उपयोग में न लाया जाये।

बैठक में डीडीओ पंकज यादव डीएसओ राजीव तिवारी ईयो नगर पालिका महोबा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन प्रशासन विभाग जय प्रकाश तिवारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत वाजपेयी, औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं व्यापारीगण उपस्तिथ रहे।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहरा में बारिश के चलते खरीफ की फसल बर्बाद हो जाने से आहत किसान ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। उर्द तिल की फसल बर्बाद होने से किसान बेटी के हाथ पीले करने को लेकर परेशान था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के करहरा गांव का मामला है। यहां का रहने वाले 45 वर्षीय किसान रामप्रकाश ने मंगलवार एक बजे उस समय फांसी लगा ली जब घर पर कोई नहीं था। मृतक के पुत्रने बताया कि कि पिता फसल नष्ट होने से आहत थे क्योंकि उनके ऊपर साहूकारों का तकरीबन 8 लाख रुपये का कर्ज था वहीं बहन की शादी भी करनी थी। उधर किसानों का जुताई बुवाई के लिए लिए गए कर्ज की अदायगी की चिंता भी सता रही थी फसल बर्बाद हो जाने के बाद वह परेशान रहने लगे थे और हर समय साहूकारों की कर्ज को लेकर चिंतित रहते थे उर्द मूंग की फसल सब जाने और तिल काली पड़ जाने से वह हिम्मत हार गए थे। इसी से परेशान होकर फांसी लगा ली।

# सड़क किनारे बना 50 फिट गहरा तालाब दे रहा हादसों को दावत

संवाददाता कार्यालय, महोबा



सड़क किनारे बिना रेलिंग के बना 50 फिट गहरा तालाब। अमृत विचार

- वाहन चलाते समय थोड़ी से चूक पर घट सकती है घटना
- पूर्व सभासद ने रेलिंग लगाए जाने की प्रशासन से की मांग

**अमृत विचार।** आफिसर कालोनी मार्ग पर शीतला देवी मंदिर के समीप छोटे तालाब की सड़क किनारे से खुदाई करके 50 फिट गहरा कर दिए जाने से वाहन से मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा अन्य वाहन चालकों के लिए भी यह तालाब खतरे की घंटी बजा रहा है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी चूक होने पर 50 फिट नीचे खाई में गिरते ही मौत के अगोस में समा जाएगा। तालाब की खुदाई करने वालों और जिला प्रशासन ने सड़क किनारे कोई रेलिंग की व्यवस्था नहीं की है, जिससे 24 घंटे आवागमन में खतरा बना रहता है।

गौरतलब है कि आफिसर कलोनी मार्ग पर बने शीतलन तालाब की वर्ष 2022 में जेसीबी और पोकलैंड मशीने लगाकर खुदाई की गई थी, जिससे करीब सड़क किनारे तालाब की 50 फिट गहराई हो जाने से अब खतरा बढ़ गया है। सड़क से थोड़ी सी भी गाड़ी बहकने पर वाहन सवारों का बच पाना मुश्किल है। लगभग ढाई साल पहले खुदाई के बाद भी आज तक न तो ठेकेदार ने तालाब के किनारे रेलिंग बनाई और न ही जिला प्रशासन ने रेलिंग बनाने की सुध ली है ।

इस मार्ग पर दिन रात दो पहिया से लेकर चार और छह पहिया वाहन दौड़ते हैं। सड़क से सटे तालाब की सड़क से सटकर अधिक खुदाई हो जाने के कारण खतरा पैदा हो गया है। बाहरी लोगों को अधिक जानकारी न हो पाने के कारण रात के समय थोड़ी से चूक होने पर बड़ी घटना घट सकती है। नगर पालिका के पूर्व सभासद बाबू मंसूरी और पूर्व सभासद रमेश साहू ने जिला प्रशासन से तालाब के किनारे रेलिंग बनाए जाने की मांग की है, जिससे घटना होने से रोका जा सके।



मालभाड़ा वाहन से जाती सवारियां। अमृत विचार

# मालभाड़ा वाहनों में ढोई जा रहीं सवारियां

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** परिवहन एवं यातायात विभाग की अनदेखी से माल भाड़ा ढोये जाने वाले वाहनों में लोगों को ढोया जाता है।

यहीं अनदेखी कभी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अभी हाल में मिर्जापुर एवं महोबा में ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोगों के साथ हुए हादसे के बाद प्रशासन सतर्क नहीं हो सका है। यही कारण है कि हाईवे सहित स्टेट हाईवे में प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्राली में लोग बैठकर फर्राटा भर रहे हैं। इसके अलावा लोडर में भी सवारियों को भरकर चलाया जा रहा है जबकि यह सभी वाहन महज मालभाड़ा ढोने के लिए अधिकृत है। इसके बाद इनको सवारियां भरकर चलाया जा रहा है। प्रशासन की ये अनदेखी कभी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**महोबा।** कबरई के बांदा चौराहा में तेज रफ्तार एक ऑटो की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना कबरई के ग्राम लिलवाही निवासी 24 वर्षीय राजबहादुर अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक में सवार होकर सब्जी लेने के लिए जा रहा था। तभी कबरई के बांदा चौराहा में एक तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राज बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की है। घायल को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा दिया गया।

# पैथालॉजी के खुलने से लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता कुलपहाड़



पैथॉलाजी का फीता काट कर उद्घाटन करते विधान परिषद सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महोबा नगर में राठ रोड स्थित एक पैथालॉजी लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमलेश सक्सेना ने फीता काट कर किया । इस मौके पर तमाम भाजपा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

मालूम हो कि तहसील क्षेत्र के ग्राम सुगिरा निवासी साहित्यकार आनंद द्विवेदी की पुत्री गौरी द्विवेदी द्वारा नगर के राठ रोड स्थित पैथालॉजी लैब खोला गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को जांच सुविधाओं का कस्बे स्तर पर ही लाभ मिल सकेगा। लैब का मंगलवार को मुख्य अतिथि एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा डॉ कमलेश सक्सेना द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य ने कहा कि पैथालॉजी जैसी सुविधा की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्हें दूर दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पूर्व प्राचार्य डॉ लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रबंधक डॉ आत्म प्रकाश वर्मा, मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता राकेश अरजरिया, सगीर पहलवान, ताहर सिंह एडवोकेट, आकाश मिश्रा, शोभित सोनी, दुर्गेश सोनी, दिनेश गोस्वामी, संजय अग्रवाल, धर्मेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# अपमान से आहत पति ने फांसी लगा कर दी जान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पत्नी को ससुराल लेने गए पति की ससुरालीजनों ने पिटाई कर उसे अपमानित कर भगा दिया। पत्नी और बच्चों के वियोग में युवक ने पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को फंदे से उतार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घटना महोबकंठ थाना क्षेत्र के घटेरा गांव की है जहां का रहने वाले 40 वर्षीय रामबाबू ने अपनी पत्नी के वियोग में फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। मृतक के भाई ने बताया कि रामबाबू का विवाह राजकुमारी से हुआ था। बाद में उसकी पत्नी राजकुमारी के व्यवहार में परिवर्तन आने लगा वह आए दिन भाई को परेशान करने लगीं और अपने मायके चली गई ।

बताया जाता है कि वह 6 महीने में कुछ दिन के लिए आती थीं और लड़कर चली जाती थीं वह अपने साथ तीनों बच्चों को भी ले जाती थीं जिससे भाई अकेले रहकर परेशान रहता था। पत्नी के घर न आने से वह अपनी ससुराल गया था, जहां पर ससुरालीजनों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी । पिटाई से आहत रामबाबू कई दिनों से परेशान था। उसने पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा और शव को कब्जे में ले लिया है।

# अंजनी मंदिर में उमड़ती है भक्तों की भीड़



अंजनी माता का मंदिर। अमृत विचार

**जैतपुर महोबा।** अमृत विचार। जैतपुर का प्राचीन धार्मिक स्थल मां अंजनी माता मंदिर भक्तों के लिए आज भी अटूट आस्था का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र में भक्त मां अंजनी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। जहां सुबह से ही भक्तों की भीड़ रहती है।

जैतपुर में तमाम प्राचीन मंदिर हैं उन में से एक मां अंजनी का मंदिर बेला सागर तट के ठीक सामने बना है। यह मंदिर बहुत ही प्राचीन बताया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति मां के दर्शन करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। नवरात्र में यहां महिलाओं और श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या देखने को मिलती है। यह स्थान जैतपुर के अलावा समूचे क्षेत्रवासियों के लिए अटूट आस्था का प्रतीक है। इस स्थान के समीप प्राचीन सिद्धवीर हनुमान मंदिर,अखाड़े वाले हनुमान जी का मंदिर एवं बेला सागर तालाब के पास शिवजी का रामेश्वर मंदिर अटूट आस्था के प्रतीक हैं।

# घर में घुसकर घसीट कर ले जाने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के फत्तेपुर मोहल्ले में रात दस बजे एक पुलिस ड्रेस के साथ दो अन्य साथियों द्वारा एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट व घसीट कर ले जाने के मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा निवासी अंजली ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया की 28 सितंबर की रात दस बजे एक पुलिस की वर्दी में महिला के साथ दो साथी घर आए और मेरे बाबा तेजवा दाई भगवती के साथ मारपीट कर दी । जिससे दोनों बेहोश हो गए इसके बाद मेरे साथ बाद गलत नियत से हाथ पकड़ कर घसीटते हुए गाड़ी में डालने का प्रयास किया जिससे पड़ोसी रोने की आवाज सुनकर दौड़ पड़े पड़ोसियों के आ जाने से आरोपी गाड़ी लेकर भाग निकले पीड़िता का कहना है कि आरोपी कह रहे थे कि रामदीन ददरिया जिला बांदा का निवासी है वही छोड़ देंगे चार पहिया गाड़ी जिसका नंबर यूपी 32 एक्स 6003 है पुलिस के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों का पता लगाया जाए कभी भी मेरे परिवार के साथ अप्रिय घटना कर सकते हैं और पीड़िता की मदद की जाए।

# सोशल मीडिया का पासवर्ड न बताएं

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



छात्राओं को जानकारी देतीं पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के तहत मंगलवार को थाना पुलिस ने रघुबीर प्रसाद कन्या इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन किया। शिक्षिकाओं व छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। सलाह दी कि सोशल मीडिया का पासवर्ड किसी को न बताएं।

नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस समय साइबर क्राइम तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया का पासवर्ड या ओटीपी किसी को न बताएं। शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर काल करें। इस मौके पर प्रधानाचार्या वंदना गुप्ता, राजकरन गुप्ता, अंजू नामदेव आदि शिक्षक-शिक्षिका, छात्राएं व कांस्टेबल मौजूद रहीं।

**नवरात्र का छठवां दिन** देवी मंदिरों में भक्तों ने चुनरी, फल –फूल, रोली, सिंदूर व चूड़ी चढ़ाकर माता को किया प्रसन्न

# भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, महोबा





पंडाल में माता पार्वती की पूजा करते व मंदिर में जाते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवरात्र के छठवें दिन देवी मंदिरों में माता रानी के कात्यायनी स्वरूप की भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। भोर होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी और श्रृद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन कर विधिवत तरीके से पूजन-अर्चन की। नवरात्र पर्व के चलते शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में स्थित देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में माता के जयकारों से परिसर गूंज रहे हैं, दुर्गा पंडालों में आरती के बाद भजनों कीर्तन से आसपास का वातावरण भी भक्तिमय हो गया।

मंगलवार की सुबह बंड़ी चंद्रिका माता मंदिर के द्वार खुलते ही मां का श्रृंगार किया गया और सूरज की पहली किरण के साथ पंडित जी द्वारा माता की पहली आरती हुई, भक्तों ने माता रानी को चुनरी, फल-फूल, रोली, सिंदूर व चूड़ी आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया या देवी सर्वभूतेषु देवी रूपेण संस्थिता से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गए। दर्शन करने के दौरान भक्तजनों द्वारा माता के जयकारे लगाए गए। देर शाम मंदिरों व घरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

सुबह से शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। देवी मंदिरों के परिसरों में हवन आदि का अयोजन भी चलता रहा।

### नवरात्र पर्व पर महंगी हुई खाद्य सामग्री

- नवरात्रों के अवसर पर बाजार में व्रत रखने वालों के लिए खाद्य सामग्री की भरमार है। दुकानों पर विभिन्न प्रकार के मरमुंड़े, साबुदाना, कुट्टू के आटे से बनीं चीजें व अन्य सामग्री रखी हुई हैं जिन्हें खरीदने के लिए दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रों को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालु पैकिंग बंद सामान को ही खरीदना अधिक पंसद कर रहे है, जिनके चलते दुकानदार ग्राहकों से मनमानी कीमत भी वसूल रहे है। वहीं फल विक्रेताओं द्वारा फलों के दामों में इजाफा किया गया है, जिससे ग्राहकों को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।

### माता कात्यायनी का स्वरूप

- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि के पुत्र ऋषि कात्य थे और इन्हीं गोत्र में विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए, जिन्होंने इस इच्छा के साथ भगवती परामबा की तपस्या की थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली और कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी लोक पर बहुत अधिक बढ़ गया था तब ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने अपने–अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश करने के लिए एक देवी को प्रकट किया, जो महर्षि कात्यायन की पुत्री कत्यायनी कहलायीं। नवरात्र के छठवें दिन भक्तों ने सर्वप्रथम कलश व देवी के स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की, भक्तों ने पूजा की विधि शुरू करते हुए हाथों में सुगन्धित पुष्प लेकर देवी को प्रणाम कर देवी के मंत्र या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने बताया कि मां कात्यायनी के इस स्वरूप की पूजा करने से शरीर कांतिमान हो जाता है।

**कार्यालय नगर पंचायत**
**कुरारा–हमीरपुर**

पत्राक मेमो / सूचना / न0पं0कु0/2024–25 दिनांक: 08/10/2024

आम– सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत नगर के मुख्य मार्गो हमीरपुर– कालपी मार्ग, कुरारा–भौली मार्ग, कुरारा बेरी मार्ग एवं व्यावसायिक स्थलों यथा लालमन पुलिया से भौली रोड मुख्य बाजार मे उ0 प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 185/186 तथा 211 के तहत अतिक्रमण किया जाना दण्डनीय अपराध है।

अत: आप किए गए अतिक्रमण को सूचना प्राप्ति के 03 दिवसो मे हटाने का कष्ट करे, अन्यथा कार्यालय एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से किया गया अतिक्रमण हटाते हुए उपरोक्त धाराओं के तहत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा
हमीरपुर

# 5 दर्जन लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार, बच्चे की मौत

## सूचना मिलते ही स्थानीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर मरीजों का हाल-चाल लिया

संवाददाता कोच

**अमृत विचार।** तेलू भोज खाने गए 60 से 70 लोगों को रात्रि में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर उन्हें फूड प्वाइजनिंग का एहसास हुआ। जिस पर तत्काल ही उनके परिवारीजनों ने एम्बुलेंस सहायता मांगी। सूचना मिलते ही मौके पर चार एम्बुलेंस सहायता पहुंच गईं और बीमार लोगों को उपचाए हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं कुछ लोग अपने निजी साधनों से ही बीमार लोगों को लेकर प्राइवेट डॉक्टरों के पास गए। फूड प्वाइजनिंग से 9 वर्षीय एक बच्चे की मौत भी हो गई।

जैसे ही मामले की सूचना स्थानीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को हुई तो वह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और मरीजों से मिलकर उनका हाल चाल जानते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला निवासी साहब सिंह ने अपनी भैंस के बछड़ा हो जाने के बाद भैंस की तेलू भोज का आयोजन दिन सोमवार समय करीब रात्रि 8 बजे किया और गांव के लोगों को अपने घर पर तेलू भोज में सम्मलित होने के लिए बुलाया। जहां पर 60 से 70 लोगों ने तेलू भोज खाया और खाकर अपने अपने घर चले गए। तभी मध्य रात्रि के उपरांत करीब 2 बजे तेलू खाने वाले लोगों की हालत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गयी। जब ज्यादा हालत गम्भीर हुई तो उनके परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। जिस पर कंट्रोल रूम से तत्काल ही 4 एम्बुलेंस सेवा ग्राम बरोदा कला पहुंच गईं। जिनमें मरीजों को लेकर सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं कुछ लोग अपने निजी संसाधनों से भी अपने परिजनों के साथ अस्पतालों में पहुंच गए। जहां पर तत्काल ही डॉक्टरों ने मरीजों का उपचार शुरू कर दिया और स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य बिभाग के उच्च अधिकारियों ने जिनकी हालत गम्भीर थी उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।


मरीजों का हाल-चाल जानते जिलाधिकारी व पुलिस। अमृत विचार

### लोगों से मिले आलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

- **कोंच(जालौन)।** ग्राम बरोदा कला में देर रात्रि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें 60 से 70 लोगों की बीमार होने की सूचना जैसे ही स्थानीय व जिला स्तर के अधिकारियों को हुई, तो जिले से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार सीएमओ एनडी शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। जहां पर पहले से ही उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह तहसीलदार वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय मरीजों की देखभाल में लगे हुए थे। वहीं जनप्रति निधि क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन सुवह से ही मरीजों का हाल चाल लेते रहे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डटे रहे। वहीं सपा सांसद नारायण दास अहिरवार ने भी स्वाथ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों का हाल चाल जाना। जिले से आये अधिकारियों में चिकित्सा प्रभारी से बात करते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही और जरूरत पड़ने पर सभी विकल्प चालू रखने को निर्देशित किया।

### फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए मरीज

- **कोच।** सुखलाल शिवम हरिमोहन रोशन कुमार फूल कुंअर कैलाश कुमार कोमल गौतम रामेश्वर दयाल राधिका राजकुमार प्रीति दिव्यांशी ऋतिक अर्चना वंश कुमार आरव फूला देवी मीरा गोमती अरुण, राजेंद्र, सोनम, जसवंत राठौर, गणेश, राधिका, गुड्डी, घनश्याम, निशा अभिनय सोनाली सिद्धार्थ अचूक रंजीत लव रागिनी मोजीलाल सुनीता दिशा सुजीत सुप्रिया दीक्षा भूमि पंकज आस्था सुनील राजेश्वरी पिंडारी वाली वंदना नैतिक कार्तिक साहब सिंह राधा लव आर्यन आदि मरीज सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए जिसमें आर्यन पुत्र अनिल कुमार की हालत बहुत खराब थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर उसके परिजनों व गांव में मातम छा गया।

### बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं दी जा रहीं है: विधायक

**कोंच(जालौन)।** थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला में बीती रात्रि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर सूचना मिलते ही सबसे पहले भाजपा के क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन पहुंच गए और उन्होंने मरीजों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। उनके तीमारदारों से मिलते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाने की बात कही। वहीं शाम को समाजवादी पार्टी के सांसद नारायण दास अहिरवार भी मरीजों से मिलने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। उन्होंने डॉक्टरों से मिलकर मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मीडिया से कहा कि फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए लोगों को डॉक्टरों द्वारा बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है जिन्हें और बेहतर इलाज की आवश्यकता है उन्हें जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### लोकतंत्र सेनानी महादेव दास बावानी की पुण्यतिथि पर पौधा रोपा

**उरई।** लोकतंत्र सेनानी स्व. महादेव दास बावानी की पुण्य स्मृति पर पौधा रोपण कार्यक्रम किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झांसी रोड उरई में लोकतंत्र सेनानी एवं समाजसेवी स्वर्गीय महादेव दास बवानी की पुण्य तिथि पर पौध रोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने रोपण के बाद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पौधरोपण से हमें शुद्ध हवा मिलती है और पर्यावरण भी संतुलित रहता है लेकिन एक जिम्मेदारी हमारी भी बनती है कि पौधारोपण के बाद उसकी देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है जिससे कि सभी को स्वस्थ पर्यावरण एवं जलवायु प्राप्त हो सके। इसके बाद उन्होंने लोकतंत्र सेनानी महादेव दास बावानी की स्मृति में विद्यालय के समीप स्वागत द्वार बनाने को आशान्वित किया। इस मौके पर सीओ उमेश पांडे, एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा, महिला थाना अध्यक्ष उमा सैनी, विद्यालय के प्रबंधक शरद शर्मा, यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह, समाजसेवी एवं सदस्य लक्ष्मण दास बावानी, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर संतोष अग्रवाल, डॉक्टर ब्रह्मानंद खरे, उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार, समाज सेवी अलीम सर, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, कामता प्रसाद त्रिपाठी, गरिमा पाठक, ओम प्रकाश उदैनिया, गोविंद श्याम एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### क्विज में सफल मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**कालपी।** मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत की मौजूदगी तथा उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बीआरसी कार्यालय कालपी के परिसर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने कहा कि इसके पूर्व दिनांक 21 सितंबर को विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 6,7,8 से तीन बच्चों का चयन किया गया था। बच्चों के चयन के आधार पर कुल 59 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 128 छात्र-छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय क्विज में प्रतिभाग किया। क्विज के अंतर्गत सबसे पहले चरण में 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर परीक्षा कराई गई। जिसमें उच्च स्थान प्राप्त करने वाले 25 बच्चों का चयन किया गया चयनित 25 बच्चों का दूसरे चरण में साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के आधार पर टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया। टॉप टेन बच्चों में से टॉप 5 बच्चे जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ब्लॉक स्तरीय किवज टॉप 5 बच्चो को पुरस्कार के रूप में माईक्रो स्कोप दिया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में विजय टीम जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को माइक्रो स्कोप, स्टेशनरी किट दी गई। इसके अतिरिक्त परीक्षा में टॉप 25 बच्चों को स्टेशनरी पुरस्कार स्वरूप दी गई। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह एव खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उत्साह वर्धन किया। इसके अतिरिक्त क्विज में सर्वश्रेष्ठ टीम को भी सम्मानित किया गया सभी बच्चों को पुरस्कार के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में इसके बाद 100 बच्चे भी चयनित कर लिए गए जिन्हें राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण कराया जायेगा। उप जिलाधिकारी श्री सुशील कुमार सिंह एव खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत, विकासखंड की एआरपी टीम से अरविंद सिंह, श्री हरिओम द्विवेदी, राजकुमार सिंह, मनीष राज एव बीआरसी0 स्टाफ राजेश कुमार लिपिक, मिथुन प्रजापति ब्लॉक समन्वयक, राजीव त्रिपाठी सहायक लेखाकार, शिवम सहायक ऑपरेटर, प्रियश, रेखा, लक्ष्मी उपस्थित रहीं।

# गढ़ी के मैदान में मारीच वध मेले में उमड़ी भीड़

कोंच संवाददाता

**अमृत विचार।** देश की सर्वश्रेष्ठ मैदानी रामलीला का खिताब पाने वाली कोंच रामलीला की दूसरी मैदानी प्रस्तुति मारीच बध लीला का शानदार प्रदर्शन मेले के रूप में गढी के मैदान में दर्शाया गया मेला देखने के लिए न केवल नगर बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी हजारों की संख्या में भीड़ जुटी थी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सर्किल के अन्य थानों का फोर्स भी लगाया गया था

कोंच की विश्व विख्यात रामलीला का दूसरा मैदानी आयाम मारीच बध मेला दिन मंगलवार को गढी के मैदान में संपन्न हुआ मैदान के पश्चिमी छोर पर जलकल कार्यालय के पास पंचवटी में प्रभु राम सीता और लक्ष्मण के साथ विराजमान हैं तभी लंकापति रावण की बहन सूर्पनखा राम की मोहिनी छवि पर रीझ जाती है और उनसे निवेदन करती है जिसपर श्री राम अपने एक पत्नी व्रतधारी होने की बात कहकर उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं और लक्ष्मण उसके नाक कान काट लेते हैं बहन की यह दुर्दशा देखकर रावण क्रोधित होकर अपने मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर पंचवटी भेजता है सीता के कहने पर राम उस मृग का आखेट करने जाते हैं मरते हुए मारीच राम का स्वर बना कर आर्तनाद करता है राम का सा स्वर सुनकर सीता विचलित हो उठती हैं और लक्ष्मण को अपने भाई की सहायता के लिए जाने का आदेश देती हैं लक्ष्मण के जाते ही रावण ब्राह्मण वेश में आकर भिक्षा मांगने का ढोंग करता है और सीता का हरण कर लेता है इसके बाद रावण का विशालकाय जटायु के साथ घनघोर युद्ध होता है अंततः जटायु का प्राणांत हो जाता है भगवान राम जटायु का अपने हाथों अंतिम संस्कार करते हैं मेला ग्राउंड में रातभर कड़ी मेहनत कर सीनरी विभाग के कार्यकर्ताओं ने पंचवटी का निर्माण किया रामलीला संचालन करने वाली संस्था धर्मादा रक्षिणी सभा के विजय कुमार गुप्ता उर्फ भोले बिनोद कुमार दुबे लौना रामलीला समिति के अध्यक्ष राज कुमार निरंजन छुन्ना, मंत्री संजय सोनी, मेला विभाग के अध्यक्ष डॉ अफजाल खान एडवोकेट, मंत्री नवीन कुशवाहा सहित केशव ववेले मृदुल दांतरे जय प्रकाश मुखिया पुन्नी रिछारिया राजू मिश्रा संतोष तिवारी चंद्रशेखर नगाइच हरिश्चंद्र तिवारी वसीर काजी जहीर उद्दीन हाजी रहम इलाही मुन्ना मंत्री सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।


लीला में जटायू प्रतीक का किया गया दहन। अमृत विचार

# जीजा ने भतीजे के साथ मिल साले को मार डाला

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौरसी में मामूली कहां सनी के बाद जीजा ने अपने भतीजे के साथ मिलकर साले की मारपीट कर दी। जिससे सर में डंडा लगने से वह गंभीर घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

ग्राम चौरसी में 22 सितंबर की शाम को दयाशंकर व उसका भतीजा मनोज उर्फ वकील घर में शराब पी रहे थे। इसी दौरान दयाशंकर का साला 48 वर्षीय हरनारायण घर पर आया उसका घर भी बगल में था। इसी दौरान हरनारायण की अपने जीजा दयाशंकर के साथ कुछ कहासुनी हो गई।

जिस पर तैश में आकर दयाशंकर व उसके भतीजे मनोज ने हरनारायण के साथ मारपीट कर उसके सिर में डंडा मार दिया। जिससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। इसके बाद उसकी पत्नी जयदेवी व पुत्र 15 वर्षीय पुष्पेंद्र ने पिता को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। साथ ही कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनसीआर दर्ज कर शांतिभंग में चालान कर दिया था। हरनारायण की हालत खराब होने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज फिर वहां से ग्वालियर रेफर कर दिया था। 15 दिनों तक चले इलाज के बाद हालत में सुधार नहीं हुआ तो डाक्टरों ने जवाब दे दिया था। इसके बाद स्वजन उसे घर ले आए थे। सोमवार की हरनारायण की मौत हो गई।

### बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वालों को पहनाई माला

**उरई।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार ने शहर के विभिन्न चौराहों पर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने की सलाह देते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को माला पहना गांधीगीरी की।

**सूचना**

सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति के नेतृत्व में जनपद जालौन विकास खण्ड कदौरा ग्राम रायड दिवारा में राहुल पुत्र कंधीलाल के आवास पर दिनांक –10/10/2024 दिन गुरूवार को प्रात: 10:00 बजे बैठक आयोजित की जाएगी न्याय पंचायत बरही विकास खण्ड कदौरा के सभी सहभागीगण सम्मानित साथी उपस्थित होकर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय
**राहुल पुत्र कंधीलाल**
ग्राम रायड दिवारा विकास खण्ड कदौरा
जनपद जालौन। मो. 7054196579

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय का नया भवन शुरू

**कालपी।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंगरौल के नवीन भवन का संचालन ग्राम पंचायत विकासखंड में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के नवीन भवन का डॉक्टर सत्येंद्र पटेल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी द्वारा फीता काटकर एवं भगवान धन्वंतरि की विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विजय कुमार पांडे वरिष्ठ सहायक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविंद्र सिंह, डॉक्टर पूर्णिमा चटर्जी चीफ फार्मासिस्ट, दशरथ सिंह, महेश कुमार, बृजेश द्विवेदी, वीर सिंह कल्लू, मुन्ना सविता के अलावा आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति रहे। संचालन समारोह के बाद उपस्थित मरीजों को आयुर्वेदिक उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

# दूर-दूर तक है मां बनखंडी देवी की ख्याति

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** बनखंडी देवी मंदिर का उल्लेख भले ही शक्तिपीठों में अंकित ना हो पर लोगों की आस्था और विश्वास के चलते इस मंदिर की ख्याति दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। यहां आस्था रखने वालों में अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल किया है। जिसके चलते आम आदमी के साथ नेता व अधिकारी भी यहां शीश झुकाने आते हैं।

नगर के दक्षिणी छोर स्थित मोहल्ला आलमपुर में स्थित इस मंदिर की स्थापना का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है। मन्दिर के पुजारी मोहन महाराज की माने तो पिंडी रूप में स्थित बनखंडी मैया को किसी ने स्थापित नहीं किया बल्कि वह स्वयं प्रकट हुई है। ज्ञात हो कि पहले इस मंदिर के पास बस्ती नहीं थी और देवी निर्जन स्थान पर विराजमान थीं। शायद वन क्षेत्र होने के वजह से नाम बनखंडी देवी पड़ा होगा हालांकि यह सब कयास मात्र है क्योंकि इसके कोई लिखित प्रमाण नहीं है। इस मंदिर के प्रति लोगों की आस्था और विश्वास में देवी की ख्याति काफी दूर-दूर तक फैली है। महंत जमुना दास जी के शिष्य ऋषभदेव जी के अनुसार देवी की महिमा के चलते यहां पर मंत्री और अन्य राजनेताओं के अलावा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी इस दर पर आते रहते हैं। महंत जमुना दास जी के अनुसार देश विदेश, प्रदेश के लाखों परिवारों की कुलदेवी है मन बनखंडी काल (भगवान सूर्य) की प्रियतम स्थल कालपी नगरी में विराजी हैं। काल विनाशिनी मां बनखंडी एक शिला पिंड के रूप में विराजमान हैं। वह स्थान आज मां बनखंडी शक्तिपीठ के रूप में मातेश्वरी मां बनखंडी के रूप में जाना पहचाना जाता है। यह किसी शक्तिपीठ से कम नहीं है। इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली है।


माता रानी का सजा दरबार


महंत जमुना दास


शिष्य ऋषभ वेद।

**दिया जा रहा आकर्षक स्वरूप**

मंदिर के महंत श्री जमुना दास जी महाराज के अनुसार देवी जी का मंदिर आकर्षक रूप ले रहा है। मंदिर के मुख्य द्वार को दक्षिण भारत की शैली में बनाया जा रहा है। जब यह बनकर तैयार होगा तो यह मंदिर अपने आप में अंनूठा होगा।

### चार धाम के लिए निकली बस अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी बस टोल के समीप आगे चल रहे ट्रक के ब्रेक लगाने के कारण अनियंत्रित होकर गंधक में पलट गई।

एट थाना झांसी कानपुर हाईवे के टोल के पास दोपहर चित्रकूट से उज्जैन जा रही तीर्थ यात्रियों की बस आगे जा रहे ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने के कारण अनियंत्रित होकर बांई तरफ खाई में चली गई। जिससे उसमें सवार मनीषा पत्नी शैलेश सरदारा निवासी स्वामीनारायण मंदिर लॉयज मगरोल गुजरात, फाल्गुनी बेन, शैलेश, प्रकाश, चालक भारत सिंह निवासी भुज कच्छ गुजरात मामूली रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल उरई भिजवाया गया। बस में कुल चालक सहित 19 लोग 3 पुरुष 16 महिलाएं सवार थे। शेष लोगों को टोल प्लाजा के हाल में सुरक्षित ठहराया गया है। उनको अन्य वाहन द्वारा भेजा जा रहा है स्वामीनारायण मंदिर गुजरात से चार धाम की यात्रा पर निकले थे। वही मौके थाना प्रभारी विमलेश कुमार फोर्स के साथ पहुंचे। कुछ चोटिल लोगों को उरई एंबुलेंस द्वारा भेजा गया।

**कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर**

पत्रांक: 1454/15–1 दिनांक: 06.10.2024

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर के अन्तर्गत बिल्हौर एवं कानपुर रेंज में क्षतिपूरक वनीकरण (सी0ए0) योजनान्तर्गत ब्रिकगार्ड निर्माण के लिए बालू क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 18.10.2024 तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 18.10.2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री / हॉथोहॉथ उपलब्ध करायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 18.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा दिनांक 14.10.2024 तक क्रय की जा सकती है। निविदा सम्बन्धित अभिलेख यथा:–शर्ते / नियम एवं अन्य जानकारी कार्यालय समय पर आकर प्राप्त कर सकता है।

(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**उरई।** सड़क हादसे में घायल हुई वृद्ध को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। झांसी जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंधा निवासी 60 वर्षीय संतोष अहिरवार किसी काम से झांसी गया हुआ था। इसी दौरान उसे झांसी शहर के अंदर हनुमान सखी मंदिर के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद वहां के लोगों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर उसके स्वजन व पुलिस को भी सूचना दी थी। वृद्ध का एक महीने तक मेडिकल कालेज में इलाज चला लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो सोमवार को डाक्टरों ने जवाब दे दिया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झलोखर वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मेमो केंद्रीय/पंचम वित्त/ 2024–2025 दिनांक–08/10/2024

**निविदा सूचना**

केंद्रीय/पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत झलोखर में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य रामदास शिवहरे के घर से परशुराम विश्वकर्मा के घर तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 16/10/2024 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 16/10/2024 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 374 बैग |
| 2 | लोकल बालू | 00.00 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 36.96 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 33.60 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 40.32 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा | 00.00 |
| 7 | 125 Micron Polythene | 448 Sqm |
| 8 | Construction Toins with maxasphalt Sheet Board | 112.00 |

नोट– जो भी सामग्री निर्माण कार्य के समय उपयोगिता के अनुसार पाई जायेगी उसे कार्य स्थल पर देय होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत झलोखर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत झलोखर
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

बढ़ाया मान | सोमवार को शो की 'फोन-ए-फ्रेंड' लाइफलाइन में उन्हें सवाल का जवाब देने का मौका मिला

# सुमित ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में दिया जवाब

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** रावगंज कालपी के निवासी और लेखपाल पद पर कार्यरत सुमित यादव ने सोमवार को लोकप्रिय रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) में प्रतिभाग कर नगर का नाम रोशन किया। सोमवार को शो की 'फोन-ए-फ्रेंड' लाइफलाइन के दौरान उन्हें सवाल का जवाब देने का अवसर मिला, जो कि नगर के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण था।

**हॉट सीट पर बैठी अनन्या ने किया फोन ए फ्रेंड लाइफलाइन का उपयोग:** बेंगलुरु, कर्नाटक की अनन्या विनोद ने शो के 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड में जीतकर हॉट सीट पर अपनी जगह बनाई। खेल के दौरान, एक सवाल का जवाब देने के लिए उन्होंने 'फोन-ए-फ्रेंड' लाइफलाइन का उपयोग किया और अपने मित्र, कालपी निवासी सुमित यादव को कॉल किया। जैसे ही शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने कालपी के सुमित को कॉल किया, कालपी के लोगों के लिए यह गर्व का क्षण बन गया।


सुमित केबीसी में फोन और फ्रेंड का जवाब देते सुमित। अमृत विचार

### सुमित ने कालपीवासियों की ओर से दीं शुभकामनाएं

- सुमित यादव ने फोन उठाते ही अमिताभ बच्चन को कालपी के निवासियों की ओर से शुभकामनाएं दीं, जिसे अमिताभ बच्चन ने हर्षित मन से स्वीकार किया। इसके बाद अनन्या ने सवाल और सभी विकल्प पढ़े, जिन पर सुमित ने अपनी राय दी। यह क्षण सुमित यादव और नगर के लोगों के लिए केवल सम्मान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि कालपी की प्रतिभा का भी प्रमाण बना।

### कालपी की प्रतिभाओं का राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन

- सुमित यादव के इस प्रयास ने यह साबित किया कि इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ हम अपने स्थान और संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर गर्व से प्रदर्शित कर सकते हैं। उनके पिता सुरेश कुमार होमगार्ड में कार्यरत हैं और सुमित स्वयं तहसील कालपी में लेखपाल के रूप में सेवा दे रहे हैं।

### प्रशासनिक सेवा का सपना

- सुमित का सपना यहीं खत्म नहीं होता, उनका लक्ष्य प्रशासनिक अफसर बनना है जिसके लिए वे ड्यूटी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं। उनके इस कदम से कालपी के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहर स्पेशल 11600-11700 चनादाल 8650-8750 मटरदाल 4350-4450 मसूरमलका 7050-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 सरसोंकोल्हू 14700-14800 अलसी 12600-12800 अण्डी 13800-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1990-2005 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1990-1979 मयूर 1990-1979 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 4300-4400 मंगलौरलडडू 5000 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57650-57850 |

# चुनाव के नतीजों से बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा

## छह दिनों से जारी गिरावट पर लगी रोक, निफ्टी ने भी 217 अंक की बनाई बढ़त

- सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार को मिली मजबूती

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 585 अंक चढ़ गया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 584.81 अंक यानी 0.72% की बढ़त के साथ 81,634.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 713.28 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 217.40 अंक यानी 0.88% की तेजी के साथ 25,013.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### एग्जिट पोल के उलट नतीजों से पड़ा सकारात्मक असर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि गिरावट के बाद निफ्टी-50 को 25,800 के स्तर पर समर्थन मिला। एग्जिट पोल के उलट सत्तारूढ़ दल के लिए अच्छे नतीजों से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। बाजार प्रतिभागियों की नजर बुधवार को पेश होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर भी है। मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप 1.86 प्रतिशत जबकि स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.51 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,59,50,926.21 करोड़ रुपये पहुंच गया। स्टॉकबॉक्स में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने कहा कि निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया में जारी संकट के साथ विधानसभा चुनावों के नतीजों से प्रभावित हुई।

# सेंसेक्सः भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक

सेंसेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मुख्य सूचकांक है, जो भारत की 30 बड़ी और महत्वपूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रदर्शन को मापता है। यह फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति का उपयोग करता है, जहां सार्वजनिक रूप से ट्रेड होने वाले शेयरों का मूल्यांकन होता है। सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और निवेशकों की धारणाओं को प्रतिबिंबित करता है। वैश्विक बाजारों, सरकारी नीतियों, ब्याज दरों और वित्तीय घटनाओं से इसमें उतार-चढ़ाव होता है। इसे भारतीय शेयर बाजार की दिशा का प्रमुख संकेतक माना जाता है और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण गाइड है। आइए इसके बारे में जाने...

### सेंसेक्स कैसे काम करता है

**शेयरों का चयन :** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों का चयन कुछ मापदंडों के आधार पर किया जाता है, जैसे :

**बाज़ार पूंजीकरण :** कंपनियों का मूल्यांकन उनके कुल शेयरों की कीमत के आधार पर किया जाता है।

**लिक्विडिटी :** कंपनियों के शेयरों का कितनी बार कारोबार होता है, यानी उनकी तरलता।

**सेक्टर विविधता :** सेंसेक्स में विभिन्न क्षेत्रों से कंपनियां होती है ताकि यह अर्थव्यवस्था के व्यापक हिस्से को प्रदर्शित कर सके।

**फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन :** सेंसेक्स का मूल्य फ्री फ्लोट मार्केट कैपिटलाइज़ेशन पद्धति पर आधारित है। इसका मतलब है कि केवल उन शेयरों का मूल्यांकन किया जाता है जो जनता के लिए खुले होते हैं और जो प्रमोटर्स या सरकारी संस्थाओं द्वारा होल्ड नहीं किए गए हैं।

**बदलाव और उतार-चढ़ाव :** सेंसेक्स का अंक कंपनियों के शेयरों की कीमतों में होने वाले बदलाव से ऊपर-नीचे होता है। यदि शेयरों की कीमतें बढ़ती हैं, तो सेंसेक्स ऊपर और गिरती हैं तो नीचे जाएगा।

**आर्थिक और वैश्विक कारकों का प्रभाव :** सेंसेक्स पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का गहरा प्रभाव होता है। भारतीय अर्थव्यवस्था, सरकारी नीतियों, बजट, ब्याज दरों में बदलाव, वैश्विक बाजारों की स्थिति और अन्य घटनाओं का प्रभाव सेंसेक्स पर पड़ता है।

**समय के साथ समायोजन :** समय-समय पर सेंसेक्स की कंपनियों की सूची बदलती रहती है। अगर कोई कंपनी अधिक प्रदर्शन नहीं कर रही है या मार्केट कैप घट रहा है, तो उसे सेंसेक्स से बाहर किया जाता है और दूसरी स्थिर कंपनी को शामिल किया जाता है।




### सेंसेक्स को क्यों देखा जाता है?

**निवेशकों के लिए गाइड :** सेंसेक्स निवेशकों के लिए एक प्रमुख संकेतक होता है कि वे शेयर बाजार में निवेश के समय और उसकी स्थिति का आकलन कैसे करें।

**आर्थिक स्वास्थ्य का पैमाना :** सेंसेक्स भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह दर्शाता है कि कंपनियों के शेयरों की कीमतें समग्र रूप से बढ़ रही हैं या गिर रही हैं।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों का मापन :** इसमें शामिल कंपनियां अपनी फील्ड की प्रमुख कंपनियां होती हैं, जो भारतीय बाजार के बड़े हिस्से को कवर करती हैं।

## ऋण पात्रता निर्धारण मानक हुए और सख्त

**मुंबई।** सूक्ष्म वित्त उद्योग के स्व-नियामकीय निकाय एमफिन ने मंगलवार को कहा कि उसने कर्जदारों के अत्यधिक कर्ज में डूबे होने से जुड़ी चिंताओं के बीच सदस्यों के लिए ऋण पात्रता निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों को सख्त किया है। सूक्ष्म वित्त उद्योग नेटवर्क (एमफिन) ने कहा कि दिशानिर्देश ऋण देने में मौजूदा चुनौतियों का ध्यान रखते हैं, जिसमें ऋणदाता को पुराने कर्जों या बुलेट पुनर्भुगतान के मामले में भी एक घर से होने वाली निकासी का आंकड़ा नहीं मिल पाता है। सूक्ष्म ऋण देने वाले संस्थान कर्ज देते समय अलग तौर-तरीके अपना रहे हैं।

## आठ शहरों में आवासीय बिक्री में पांच प्रतिशत की गिरावट

- प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट की जारी

**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में आवासीय बिक्री में नई पेशकश में कमी तथा कीमतों में तेजी से पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। रियल एस्टेट ब्रोकरेज मंच प्रॉपटाइगर डॉट कॉम ने भारत के आवासीय बाजार पर मंगलवार को रियल इनसाइट नामक रिपोर्ट जारी की। प्रॉपटाइगर ऑस्ट्रेलिया की आरईए समूह का हिस्सा है। आरईए इंडिया के पास हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व है।

रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर में कुल 96,544 इकाइयां बेची गईं, जो 2023 में 1,01,221 इकाइयों से 5% कम है। शीर्ष आठ शहरों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई। केवल दिल्ली (एनसीआर) में मकानों की बिक्री बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री 29% है। अहमदाबाद में 9%, बेंगलुरू में 11%, चेन्नई में 8%, हैदराबाद में 19% और कोलकाता में बिक्री 22% घटी है।

## एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन का भारत करेगा उत्पादन

**नई दिल्ली।** भारत 2040 तक 80 लाख से एक करोड़ टन टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन करने की क्षमता पा लेगा लेकिन इसके लिए उसे 70-85 अरब डॉलर निवेश की जरूरत होगी। सलाहकार फर्म डेलॉयट इंडिया की तरफ से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 80 लाख-एक करोड़ टन एसएएफ का उत्पादन देश की अनुमानित मांग को पार कर जाएगा। 2040 में विमानन ईंधन में 15% एसएएफ का मिश्रण के अनुरूप 45 लाख टन की जरूरत होगी।

## एनएच पर कई सुविधाएं देने वाली हमसफर नीति की शुरुआत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया शुभारंभ, स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी मिलेंगी सुविधाएं

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को हमसफर नीति की शुरुआत की जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे - एनएच) पर स्वच्छ शौचालय और शिशु देखभाल कक्ष जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। हमसफर नीति' में एनएच के किनारे स्थित पेट्रोल पंप स्टेशनों पर स्वच्छ शौचालय, शिशु देखभाल कक्ष, व्हीलचेयर के लिए प्रावधान, ईवी चार्जिंग स्टेशन, पार्किंग स्थल और ठहरने की सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

मंत्रालय ने कहा कि यह नीति राजमार्ग का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करेगी। यह नीति उद्यमियों को सशक्त बनाएगी, रोजगार पैदा करेगी और सेवा प्रदाताओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाएगी। गडकरी ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमसफर ब्रांड देश के विश्वस्तरीय राजमार्ग नेटवर्क पर यात्रियों और चालकों के लिए अत्यधिक सुरक्षा और आराम का पर्याय बन जाएगा।

## चाय निर्यात 23.79% बढ़ा 14.45 करोड़ किलो पहुंचा

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79% बढ़कर 14.45 करोड़ किलो हो गया। चाय बोर्ड के अनुसार, 2023 इसी अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलो रहा था। निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पामलूर गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में नक्सलियों के कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को रविवार को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

### जीएसटी धोखाधड़ी में पत्रकार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को गुजरात के प्रमुख समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार को जीएसटी धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अजीत राजियन ने बताया कि गहन पूछताछ के बाद मंगलवार सुबह अपराध शाखा ने पत्रकार महेश लांगा को गिरफ्तार किया। केंद्रीय जीएसटी को महेश लांगा की पत्नी और पिता के नाम पर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके फर्जी फर्मों में कुछ संदिग्ध लेनदेन का पता चला था।

### वांगचुक को प्रदर्शन की अनुमति पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को जंतर-मंतर या अन्य स्थान पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति के मुद्दे पर बुधवार को सुनवाई करेगा। याचिका मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार गेडेला के समक्ष तत्काल सुनवाई को उल्लेख हुआ लेकिन पीठ ने बुधवार को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# हरियाणा में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हुई हार

## कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ दिया करार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और लोक भावना के खिलाफ करार देते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मौजूदा हालात में हरियाणा के परिणाम को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हरियाणा का अध्याय अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जगह-जगह से शिकायतें आई हैं और इनके बारे निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा।

रमेश ने दावा किया कि हमसे जीत छीनी गई है आज जो नतीजे आए हैं, वो जमीनी हकीकत के अनुसार नहीं हैं यह परिणाम लोक भावना के खिलाफ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने



पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश और पवन खेड़ा।

- जगह-जगह की शिकायतों से निर्वाचन आयोग को कराया जाएगा अवगत

दावा किया कि हरियाणा में तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार हुई है। उन्होंने कहा कि ये नतीजे अप्रत्याशित और जमीनी हकीकत से दूर हैं। खेड़ा ने कहा कि जम्मू कश्मीर की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम को गठबंधन की जीत बताते हुए कहा है कि मतदाताओं ने भाजपा के चुनाव जीतने के तिकड़म को धत्ता बताया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश तथा प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा के चुनाव परिणाम जमीनी हकीकत तथा जनता की भावनाओं के प्रतिकूल हैं। उन्होंने कहा कि हिसार, नारनोल सहित कई जिलों से शिकायतें मिली हैं कि जिन ईवीएम की बैटरी 99% थीं उन क्षेत्रों में पार्टी की हार हुई है और जिन क्षेत्रों में बैटरी 50-60% थी वहां कांग्रेस जीती है। बैटरी की शिकायत सुबह हुई थी।

### निर्वाचन आयोग ने कहाः कांग्रेस के आरोप बेबुनियाद

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अद्यतन करने में देरी के उनके बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए रिकॉर्ड पर कुछ नहीं है। आयोग ने पार्टी के आरोपों को गैर-जिम्मेदाराना, निराधार और अनुचित दुर्भावनापूर्ण विमर्श को गुप्त रूप से विश्वसनीयता प्रदान करने का प्रयास करार दिया। इससे पहले कांग्रेस ने आयोग की वेबसाइट पर हरियाणा के चुनाव नतीजे अद्यतन करने में विलंब का आरोप लगाते हुए आयोग का रुख किया और कहा कि अधिकारियों को सही आंकड़ों के साथ वेबसाइट अद्यतन करने के लिए निर्देश जारी किए जाएं ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण विमर्श का मुकाबला किया जा सके। रमेश ने आयोग को पत्र लिखकर यह शिकायत की है। रमेश ने पत्र में कहा कि सुबह 9 से 11 बजे के बीच, वेबसाइट पर परिणामों को अद्यतन करने की गति काफी धीमी थी।

## हरियाणा में पार्टी की हार निराशाजनक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को निराशाजनक करार दिया और कहा कि पार्टी को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने उसे (पार्टी को) सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल किया। उन्होंने कहा कि अब नए सिरे से सोचना होगा और चीजें जैसी चल रही हैं, वैसी नहीं चलेंगी। सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कहा कि नतीजे निराशाजनक हैं। हमारे कार्यकर्त्ता निराश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उन लोगों की पहचान करनी चाहिए, जिन्होंने 10 साल बाद पार्टी को सत्ता में लाने के प्रयासों को विफल कर दिया।



## कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने चुनावी मैदान में दी सबको पटखनी

**जींद (हरियाणा)।** ओलंपिक खिलाड़ी एवं पहलवान विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में सबको पटखनी देते हुए जीत हासिल की है। कांग्रेस उम्मीदवार फोगाट ने मंगलवार को जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव जीत लिया और भाजपा के योगेश कुमार को 6,015 मतों के अंतर से हराया। ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद भारत लौटने पर विनेश ने खेल से सन्यास लेने का ऐलान कर राजनीति का दामन थाम लिया। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विनेश कांग्रेस में शामिल हुईं और पार्टी ने जुलाना से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। जुलाना विनेश फोगाट का ससुराल है।



कभी अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे और कभी पीछे हुईं विनेश को कुल 65,080 मत मिले, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी योगेश को 59,065 मत मिले। आप प्रत्याशी कविता दलाल केवल 1,280 मत ही पा सकीं। इंडियन नेशनल लोकदल और बसपा प्रत्याशी डॉ. सुरेंद्र लाठर ने 10,152 मत और जननायक जनता पार्टी से विधायक रहे अमरजीत ढांडा 2,477 मत पा सके।

# कश्मीर घाटी में लोकतंत्र फिर से हुआ जीवित : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने, सबसे अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जताया आभार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में भाजपा को अधिक मत प्रतिशत मिलने पर जनता का आभार जताते हुए मंगलवार को कहा कि कश्मीर घाटी में अब लोकतंत्र फिर से जीवित हुआ है, क्योंकि लोगों ने बिना दहशतगर्दी और आतंक के अपने प्रतिनिधि चुने हैं।

उन्होंने इस बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया और कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। उन्होंने चुनाव परिणाम आने के बाद एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी ने जनता से वादा किया था कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि 80 के दशक से आतंकवाद के आने के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतना पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव देखा और बढ़-चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया।

## निर्णायक नतीजों से सबक ले केंद्र सरकार : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि केंद्र को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के निर्णायक फैसले से सबक लेना चाहिए और आगामी नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उसकी जीत पर बधाई दी और कहा कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि अगर स्पष्ट जनादेश नहीं होगा तो कुछ अनिष्ट होगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि केंद्र को फैसले से सबक लेना चाहिए और सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।



## भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रैना नौशेरा सीट से हारे

जम्मू, एजेंसी

- रैना नेकां के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हारे

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में मंगलवार को 29 सीट पर जीत दर्ज की, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना राजौरी जिले की नौशेरा सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रहे। रैना ने कहा कि उन्होंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, रैना को 27,250 वोट मिले और वह नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के सुरिंदर चौधरी से 7,819 मतों के अंतर से हार गए। चौधरी को 35,069 मत मिले। रैना ने कहा कि मैंने जनता के फैसले को स्वीकार कर लिया है। मैं उनके समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा करता हूं। रैना ने भाजपा को समर्थन देने के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने रिकॉर्ड 29 सीट पर विजय के साथ अब तक की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। हम मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र की हार से हमें झटका लगा है।

## बडगाम के बाद उमर गांदरबल से भी जीते

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी के गढ़ गांदरबल से मंगलवार को जीत हासिल की। अब्दुल्ला ने पीडीपी के बशीर अहमद मीर को 10 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने बडगाम सीट से भी 18,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। गांदरबल में अब्दुल्ला को 32,727 वोट मिले और मीर को 10,574 वोट के अंतर से हराया। मीर को 22,153 मत मिले। नेकां नेता ने 2008 में भी गांदरबल सीट जीती थी और जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

## इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 46 लाख रुपये ठगे

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर में डिजिटल अरेस्ट कर ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला से 46 लाख रुपये ठग लिये। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठग गिरोह ने 65 वर्षीय महिला को पिछले माह फोन किया और खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। ठग ने महिला को झांसा दिया कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आतंकी गतिविधियों और धन शोधन में एक व्यक्ति ने उसके बैंक खाते का दुरुपयोग किया है और मिलीभगत पर उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ है। ठगों ने वीडियो कॉल से महिला को डिजिटल अरेस्ट कर पांच दिन तक फर्जी पूछताछ की। महिला को धमकी दी कि अगर उसने गिरोह के बताए खातों में रकम नहीं भेजी, तो उसे और उसकी संतानों को खतरा है। घबराई महिला ने 46 लाख गिरोह के बताए बैंक खातों में दो किस्तों में भेज दिए।

## अलवर में नकली खाद के 500 कट्टा बरामद

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के विजय मंदिर पुलिस थाना अंतर्गत झाडोली गांव में मंगलवार को 500 कट्टा नकली खाद बरामद हुई। बरामद खाद उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से आई थी और बिल्टी देखने पर इसकी दर प्रति बैग 120 रुपये थी। इसकी डिलीवरी पाटन मेवान में ताहिर को देनी थी। यह ताहिर ही यहां से इलाके में किसानों को बेचता है। कृषि अधिकारी सहायक निदेशक राजगढ़ अलवर में कार्यरत बृजेन्द्र गोयम ने इसकी रिपोर्ट सात अक्टूबर को सूचना दर्ज कराई थी।

## कुलतली मामला : ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में की तोड़फोड़

कोलकाता, एजेंसी

- ट्यूशन से घर लौट रही चौथी कक्षा की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हुई थी हत्या

प. बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में 10 साल की बच्ची का शव अंतिम संस्कार को उसके गांव ले जाने पर ग्रामीणों ने पुलिस के वाहन को घेर लिया। इस दौरान प्रदर्शन करते हुए उसमें तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पांच अक्टूबर को चौथी कक्षा की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई जब वह ट्यूशन से घर लौट रही है। पीड़िता का शव काटापुकुड़ के शवगृह में रखा था। पोस्टमार्टम कराकर बच्ची का शव लाने के बाद ग्रामीणों ने कुलतली के कृपाखली मोड़ पर धरना दिया, जिनमें महिलाएं थीं। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार सुबह शव के साथ महिषमारी पुलिस चौकी तक मार्च निकालने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने रोक दिया। लोग शव श्मशान घाट ले गए, लेकिन कुछ लोग सड़क बाधित करने पहुंचे और यह प्रदर्शन हिंसक हो गया।

## दीपावली पर आतिशबाजियों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में दीपावली के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से गुप्त रूप से आयातित आतिशबाजी, अनधिकृत निर्माण एवं अवैध बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शिमला के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजित भारद्वाज ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया गत वर्षों में यह देखने को मिला है की अवैध पटाखों के निर्माण के दौरान अनेक दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कई लोगों की मृत्यु अथवा घायल हुए है। इसके साथ अवैध तरीके से पटाखों का आयात होने की खबरें भी मिलती है जिसमे संवेदनशील रासायनिक पदार्थ शामिल होते है और जिनकी भारतीय कानून के तहत अनुमति नहीं है। भारद्वाज ने कहा कि आतिशबाजी विक्रेता द्वारा फॉर्म एलई-3 और एलई-5 में लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है।

## हरियाणा विस चुनाव में आदित्य कृष्ण व मम्मन ने दर्ज की जीत

चंडीगढ़, एजेंसी

- आदित्य ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को हराया

हरियाणा विस चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के कृष्ण लाल मिड्ढा और फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान ने अपने क्षेत्रों से मंगलवार को जीत हासिल की। चुनाव जीतने वालों में कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के पुत्र आदित्य सुरजेवाला भी हैं। आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जींद से भाजपा विधायक मिड्ढा ने कांग्रेस के महावीर गुप्ता को 15,860 मतों से हराया। वहीं खान ने भाजपा के नसीम अहमद को 98,441 मतों से हराया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने कैथल सीट पर भाजपा विधायक लीला राम को 8,124 मतों से हराया। वहीं खरखौदा से भाजपा के पवन खरखौदा ने कांग्रेस के जयवीर सिंह को हराया। सफीदों सीट पर भाजपा के राम कुमार गौतम ने कांग्रेस के सुभाष गांगोली को हराया।

# आईओए को बदनाम करने वालों पर सख्त हूं : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



- आईओए अध्यक्ष ने आरआईएल के साथ दोषपूर्ण समझौते और यादव के दावों को खारिज कर कानूनी कार्रवाई की दी धमकी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मंगलवार को सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट को लेकर कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के दावों का खंडन किया कि रिलायंस इंडिया लिमिटेड (आरआईएल) के साथ दोषपूर्ण प्रायोजन समझौते के कारण इस शीर्ष खेल संघ को 24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

उषा ने यहां जारी बयान में कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की एक चाल है। उन्होंने भ्रामक जानकारी देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। आईओए से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक डॉ. उषा ने सीएजी रिपोर्ट में सहदेव यादव द्वारा किए गए दावों का जोरदार खंडन किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने आईओए कार्यकारी परिषद की जानकारी के बिना काम किया। उनके अनुसार ये दावे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और आईओए को बदनाम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास का हिस्सा हैं।

इससे जुड़ी बातचीत का प्रस्ताव नौ सितंबर 2023 को कार्यकारी परिषद के सभी सदस्यों के साथ साझा किया गया था। इसके बाद कार्यवाहक सीईओ ने पांच अक्टूबर 2023 को इससे जुड़े पत्र को आगे बढ़ाया। प्रायोजन समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले रोहित राजपाल उन बैठकों में उपस्थित थे जहां प्रायोजन को लेकर चर्चा हुई थी।

### आरआईएल को मिला इंडिया हाउस का अधिकार

आईओए और आरआईएल के बीच एक अगस्त 2022 के प्रायोजन समझौते की शर्तों के अनुसार आरआईएल को एशियाई खेलों (2022, 2026), राष्ट्रमंडल खेलों (2022, 2026), 2024 पेरिस ओलंपिक और 2028 लॉस एंजिलिस ऑलंपिक के लिए आधिकारिक प्रमुख भागीदार के रूप में आईओए के साथ जुड़ने की अनुमति दी गई थी। समझौते ने आरआईएल को इन खेलों के दौरान 'इंडिया हाउस' बनाने का अधिकार भी दिया। सीएजी की रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि पांच दिसंबर 2023 को एक संशोधित समझौते के जरिए शीतकालीन ओलंपिक खेलों (2026, 2030) और युवा ओलंपिक खेलों (2026, 2030) के अतिरिक्त अधिकार भी आरआईएल को दिए गए।

# हरवंश का शतक, भारत ने 492 बनाए

चेन्नई, एजेंसी

- नित्या पांडे शतक से चूके कार्तिकेय, निखिल और कप्तान सोहम ने लगाए अर्धशतक

हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाये।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया। इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की।

## खेल डायरी

### विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप 12 से17 नवंबर तक होगी

**मुंबई।** विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) 12 से 17 नवंबर तक मुंबई में आयोजित की जाएगी जिसमें दुनिया भर के लगभग 650 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले यह प्रतियोगिता वियतनाम और बाली में आयोजित की गई थी जिसमें भारतीय टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करके कई पदक जीते थे। आयोजकों के अनुसार मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड, सिंगापुर जैसे देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने इससे पिकलबॉल से जुड़े लोगों को भारत में वैश्विक प्रतिभा देखने का मौका मिलेगा। यह हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी मौका है। पिकलबॉल टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मिश्रण वाला खेल है।

### पाल नौकायन : भारतीय जूनियर्स ने जीते सात पदक

**नई दिल्ली।** पाल नौकायन के भारतीय जूनियर खिलाड़ियों ने ओमान में अंतरराष्ट्रीय रेगाटा मुस्साना रेस वीक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीते। लड़कियों के ऑप्टिमिस्ट गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जिसमें श्रेया कृष्णा लक्ष्मीनारायणन और कोमारवेल्ली लाहारी ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। श्रेया ने 28 अंकों के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण जबकि कोमारवेल्ली ने कुल 50 अंकों के साथ रजत पदक जीता। सिंगापुर की टोंग जुआन या ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत के शशांक बाथम और अक्षत कुमार ने क्रमश : रजत और कांस्य पदक जीता। लड़कियों के आईएलसीए-4 अंडर-16 वर्ग में भारत की सौम्या सिंह पटेल और शगुन झा ने क्रमश : दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की मान्या रेड्डी लड़कियों के आईएलसीए-6 अंडर-19 श्रेणी में मामूली अंतर से स्वर्ण जीतने से चूक गईं।

### मोहन बागान ने एएफसी चैंपियंस लीग दो से वापस लिया नाम

**तबरीज (ईरान)।** ईरान में सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए भारत के फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंट ने 2024-25 सत्र के लिए एएफसी चैंपियंस लीग दो (एसीएल 2) से आधिकारिक तौर पर अपना नाम वापस ले लिया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने इसकी पुष्टि की है। मोहन बागान ने ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति हवाला देते हुए यह फैसला किया है। इस मामले को आगे के निर्णयों के लिए संबंधित एएफसी समितियों को भेजेंगे। एएफसी ने एसीएल 2 प्रतियोगिता विनियमों के अनुच्छेद 5 .2 का हवाला देते हुए नाम वापस लेने की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया। शासी निकाय ने आगे कहा कि मोहन बागान एसजी द्वारा खेले गए सभी मैच अब रद्द कर दिए हैं और विनियमों के अनुच्छेद 5 .6 के अनुसार शून्य और अमान्य माने जाते हैं। एएफसी ने कहा संदेह से बचने के लिए अनुच्छेद 8 .3 के अनुसार ग्रुप ए में अंतिम रैंकिंग निर्धारित करते समय क्लब के मैचों में कोई अंक और गोल ध्यान में नहीं लिया जाएगा।

### आगा सलमान का शतक, पाकिस्तान ने बनाए 556 रन

**मुल्तान।** पाकिस्तान ने मंगलवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आगा सलामन (नाबाद 104)की शानदार शतक की बदौलत पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 556 रन स्कोर खड़ा किया है। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 328 रन से आगे खेले हुए सुबह के 60 रन जोड़े थे कि बाइडन कार्स ने नसीम शाह (33) को आउट कर इंग्लैंड को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (शून्य) को जैक लीच ने पवेलियन भेज दिया। शतक की ओर बढ़ रहे साउद शकील (82) को शोएब बशीर ने रूट के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद आमेर जमाल (सात) रन बनाकर आउट हुए। भोजनकाल के बाद 515 में 41 रन और जोड़ कर पाकिस्तान ने अपने दोनों विकेट गवां दिये और उसकी पहली पारी 556 रन पर समाप्त हुई। जैक लीच ने शाहीन शाह अफरीदी (26) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवीं सफलता दिलाई। इस दौरान आगा सलमान ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिये। सलमान ने अपनी (नाबाद 104) रनों की शतकीय पारी खेली। इसके बाद जो रूट ने अबरार अहमद को आउट कर पाकिस्तान की पारी का अंत कर दिया। पाकिस्तान ने 149 ओवर में 556 रन बनाये। इससे पहले कल पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सैम अयूब चार विकेट मिली।

# श्रृंखला में अजेय बढ़त चाहेगी टीम इंडिया

## दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत, बाजी पलटने की कोशिश करेगा बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी



**मैच : शाम 7:00 बजे**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह , हर्षित राणा, मयंक यादव।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिट्टन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम , तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना दबदबा बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी। बांग्लादेश की टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके तीन मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने की कोशिश करेगी लेकिन सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया था उसे देखते हुए मेहमान टीम के लिए यह आसान काम नहीं होगा।

ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के बावजूद भारतीय टीम ने ग्वालियर में पहले मैच में जिस तरह से शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा उससे सीमित ओवरों की क्रिकेट में उसकी मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' का पता चलता है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में अपनी चमक बिखेरने के लिए आतुर होंगे। उन्होंने 2015 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने के कारण वह अंदर बाहर होते रहे। सैमसन अमूमन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं लेकिन पहले मैच में उन्होंने पारी का आगाज किया था तथा 19 गेंद पर 29 रन बनाए थे। कप्तान सूर्यकुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सैमसन श्रृंखला में आगे भी यह भूमिका निभाते रहेंगे। सैमसन और उनके साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे।

### महमूदुल्लाह ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला महमूदुल्लाह ने मंगलवार को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की और भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला इस प्रारूप में उनका आखिरी मैच होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का आखिरी मैच शनिवार को हैदराबाद में खेला जाएगा। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा हां, मैं इस श्रृंखला के आखिरी मैच के बाद टी-20 से संन्यास ले रहा हूं। यह पहले से तय था। यह इस प्रारूप से आगे बढ़ने और वनडे पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2007 में पदार्पण करने के बाद बांग्लादेश के लिए 50 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 139 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। बांग्लादेश के इस पूर्व टी-20 कप्तान ने 2021 में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा था।

# श्रीलंका पर बड़ी जीत से नेट रन रेट सुधारने उतरेंगीं महिलाएं

दुबई, एजेंसी

**महिला टी-20 विश्व कप**

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**भारत (महिला) :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन।

**श्रीलंका (महिला) :** विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका राणावीरा।

बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में मिला-जुला परिणाम हासिल करने वाली भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसने 18.5 ओवर खेले। भारत की टूर्नामेंट में अभी तक सबसे बड़ी समस्या बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा है विशेष कर शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव कम करने के लिए इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर का गर्दन में चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था। भारत को श्रीलंका के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि ग्रुप के अंतिम मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से होगा।

# एचआईएल में लैंगिक समानता को दर्शाती है महिला लीग : सलीमा

बेंगलुरु, एजेंसी

- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बोलीं- मील का पत्थर साबित होगी महिला लीग

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर में पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में महिला लीग को शामिल करना भारतीय खेलों में लैंगिक समानता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सलीमा ने कहा, मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद फिर से शुरू हो रहा है और इस बार महिला लीग के साथ। एचआईएल 2024-25 में आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें भाग लेंगी जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग के रूप में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। यह पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग की शुरुआत 28 दिसंबर को होगी। लीग के मैच झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला लीग का समापन अगले 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी 2025 को राउरकेला में खेला जाएगा। एचआईएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी।

# एसीटी में मलेशिया के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा भारत

**कुआलालंपुर।** दो बार की चैंपियन भारतीय टीम 11 नवंबर से बिहार में खेले जाने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने खिताब की बचाव का अभियान शुरू करेगी। टूर्नामेंट में छह टीमें भाग लेंगी जिसमें मेजबान भारत, चीन, तीन बार का विजेता कोरिया, दो बार की चैंपियन जापान, मलेशिया और थाईलैंड शामिल है। एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा मंगलवार को घोषित आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार राजगीर में खेले जाने वाले टूर्नामेंट का फाइनल 20 नवंबर को होगा। भारत ने पिछले साल रांची में महिला एसीटी खिताब जीता था।

# सिटसिपास ने मुलर को हराया

शंघाई, एजेंसी



**शंघाई मास्टर्स**

मैच के दौरान शॉट खेलते टेलर फ्रिट्ज। ● एजेंसी

- स्टेफानोस ने रखी मेदवेदेव से रोमांचक मुकाबले की नींव
- टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को दी मात

स्टेफानोस सिटसिपास ने शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 7-5 से हराकर अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी दानिल मेदवेदेव के साथ रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

यूनान के सिटसिपास और रूस के मेदवेदेव 14वीं बार और लगभग एक साल में पहली बार आमने-सामने होंगे। मेदवेदेव इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक खेले गए 13 मैचों में 9-4 से आगे हैं। इस बीच बेन शेल्टन ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 6-4 से पराजित किया। चौथे दौर में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने जापान के योसुके वतनुकी को 6-3, 6-4 से, ग्रिगोर दिमित्रोव ने एलेक्सी पोपिरिन को 7-6(5) 6-3 से और गेल मोनफिल्स ने उगो हम्बर्ट को 7-6(7) 2-6 6-1 से हराया। उधर वुहान ओपन में कतेरीना सिनियाकोवा ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला पर 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की। वह दूसरे दौर में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-2, 6-2 से और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

# एनिमल और जिगरा की तुलना से खुश हैं आलिया



**मुंबई।** बॉलीवुड आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा की तुलना अपने पति और अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल से किए जाने को लेकर खुश है। आलिया फिल्म जिगरा में वेदांग रैना के साथ नजर आयेंगी। हाल ही में फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों ने इसकी तुलना एनिमल से करनी शुरू कर दी है। आलिया भट्ट ने इसका जवाब देते हुए कहा, रणबीर और मेरे बीच कोई कॉम्पिटिशन नहीं है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मेरे पति मेरे सबसे अच्छे दोस्त और एक बेहतरीन अभिनेता भी हैं। हम अक्सर एक-दूसरे के साथ अपनी फिल्मों और सीन्स पर चर्चा करते हैं। मैंने गंगूबाई काठियावाड़ी और जिगरा के बारे में उनसे बात की। जब भी मुझे कोई उलझन होती, मैं उनके साथ इस पर चर्चा करती और उन्होंने एनिमल के लिए भी मेरे साथ ऐसा ही किया। आलिया ने अपनी फिल्म जिगरा और रणबीर कपूर की एनिमल के बीच तुलना के बारे में बताते हुए कहा दोनों के बीच बहुत अधिक समानताएं नहीं हैं। दोनों फिल्में अपने किसी करीबी के लिए कुछ करने की थीम पर है। यह कई फिल्मों में एक नॉर्मल फैक्ट है। यह केवल एनिमल या जिगरा के बारे में नहीं है। कई फिल्मों में एक नॉर्मल टॉपिक किसी करीबी के लिए कुछ करना है और इस तर्ज पर कई फिल्में बनाई गई हैं।

# मिथुन को दादा साहब फाल्के, ऋषभ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता







राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मिथुन चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी और एआर रहमान को सम्मान देतीं राष्ट्रपति





डायरेक्टर मणिरत्नम और करन जौहर को भी मिला सम्मान।

**नई दिल्ली।** 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार जबकि कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में विभिन्न भाषाओं में निर्मित सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्मों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-अभिनेत्री तक कई कैटेगरी में अवॉर्ड दिये गये। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एक जनवरी से 31 दिसंबर, 2022 तक सेंसर बोर्ड द्वारा सर्टिफाइड फिल्मों को दिये गये हैं। सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी फिल्म कांतारा के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड मिला है।

मलयालम भाषा की फिल्म आट्टम ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया। तिरुचित्राबलम में नित्या मेनन और कच्छ एक्सप्रेस के लिये मानसी पारेख ने यह अवार्ड जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार सूरज बड़जात्या को फिल्म ऊंचाई के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार नीना गुप्ता को फिल्म ऊंचाई के लिये ही दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार पवन मल्होत्रा को फिल्म फौजा के लिये दिया गया। संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म कंतारा चुनी गई।

# अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी चरित्र अभिनेत्री नीना गुप्ता की वेबसीरीज 1000 बेबीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नजीम कोया के निर्देशन में बनी वेबसीरीज 1000 का ट्रेलर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला के दृश्यों से शुरू होता है। बाद में, नीना गुप्ता द्वारा अभिनीत एक रहस्यमयी बुजुर्ग महिला और रहमान द्वारा अभिनीत जांच अधिकारी को ट्रेलर में पेश किया जाता है। महिला, जिसका नाम सारा है, अक्सर अपने विचारों को नोट करने के लिए अपने टाइपराइटर का उपयोग करती हुई दिखाई देती है, क्योंकि वह अपने अतीत को याद करती है। बाद में, रहमान का किरदार मर्लिन नाम की एक महिला से बिबिन नाम के एक एकांतप्रिय व्यक्ति के बारे में बात करता है, जो उसे पत्र भेजा करता था। नीना गुप्ता स्टारर 1000 बेबीज एक मलयालम सीरीज है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 18 अक्टूबर से स्ट्रीम होगी। यह मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज की जाएगी। 1000 बेबीज में नीना गुप्ता के साथ रहमान, संजू शिवराम, अश्विन कुमार, आदिल इब्राहिम, शाजू श्रीधर, इरशाद अली, जॉय मैथ्यू अहम किरदारों में नजर आएंगे। सीरीज की कहानी नजीम और अरूज इरफान ने लिखी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## ताज का दीदार



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी बेगम साजिदा मोहम्मद ने मंगलवार को ऐतिहासिक ताजमहल का दीदार किया और 17वीं शताब्दी की वास्तुकला के इस अद्भुत नमूने को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

# राष्ट्रीय चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना जरूरी

## एयर चीफ मार्शल ने जवानों का बढ़ाया हौसला, तामबरम स्टेशन पर वायु सेना के स्थापना दिवस का आयोजन

चेन्नई, एजेंसी

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि वायु सेना को राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां तामबरम वायु सेना स्टेशन पर वायु सेना के 92 वें स्थापना दिवस पर कहा कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा स्थिति निरंतर बदल रही है और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि नयी और आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच के साथ नवीनतम तकनीक को अपनाना आज के मल्टी-डोमेन माहौल में निर्णायक भूमिका निभाएगा। एयर चीफ मार्शल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वायु सेना दिवस 2024 की विषय वस्तु, भारतीय वायु सेनाः सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर भारतीय वायुसेना की आकांक्षाओं को पूरी तरह से बयान करती है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हम बेहतर तकनीक के साथ अधिक सशक्त हो गए हैं और सिस्टम तथा हथियारों के इस्तेमाल के नए स्तर हासिल किए हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है।



परेड का निरीक्षण करते हुए वायु सेना प्रमुख।

### वायु सेना ने अपनी क्षमता को साबित किया

वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने एक अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि वायुसेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा हमारा प्राथमिक उद्देश्य हर समय, समय पर, लक्ष्य पर हथियार से चोट करना है और इस क्षमता को फरवरी 2024 में पोखरण रेंज में मारक क्षमता प्रदर्शन अभ्यास वायु शक्ति के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

### मित्र देशों के साथ अभ्यासों में भागीदारी बढ़ाई

एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि वायुसेना ने इस साल मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी बढ़ायी है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और पेशेवर अंदाज का प्रमाण है। वायुसेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वायुसेना हमेशा देश और विदेश दोनों में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए पहला कदम उठाने वाली रही है।

## एक नजर

### चिली के ईस्टर द्वीप के पास भूकंप के झटके

**हांगकांग।** चिली के ईस्टर द्वीप के दक्षिणपूर्व में मंगलवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गए। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार मध्यरात्रि के बाद 12 :35 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 .7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 36 .20 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 99 .04 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### नौ सदस्यीय संविधान सुधार आयोग की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संविधान की समीक्षा और मूल्यांकन करने तथा आवश्यक सुधारों की सिफारिश करने के लिए नौ सदस्यीय आयोग के गठन की घोषणा की है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार, प्रमुख बांग्लादेशी-अमेरिकी प्रोफेसर अली रियाज के नेतृत्व में संविधान सुधार आयोग 90 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगा।

### उ. कोरिया ने अमेरिका को दी परमाणु हमले की धमकी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एकबार फिर चेतावनी दी है कि वह दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ संभावित संघर्ष में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। किम ने दोनों देशों पर उत्तर कोरिया को युद्ध के लिए उकसाने और कोरियाई प्रायद्वीप में दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को इस बारे में खबर दी। किम पहले भी कई बार इस तरह की धमकी दे चुके हैं।

### ओसामा के बेटे को फ्रांस नहीं देगा प्रवेश

**पेरिस।** फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया।

# इजराइलियों को करेंगे विस्थापितः हिजबुल्ला

## हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने दी धमकी, कहा- हमले का दायरा बढ़ाया जाएगा

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी दी है कि इजराइल के और नागरिकों को विस्थापित होना पड़ेगा क्योंकि उसका समूह इजराइल के भीतरी इलाकों को निशाना बनाते हुए रॉकेट दाग रहा है। कासिम ने मंगलवार को टेलीविजन पर जारी एक बयान में कहा कि उसके समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और उसने लेबनान के एक बड़े हिस्से पर कई सप्ताह तक इजराइल के हवाई हमलों के बाद अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नये कमांडर नियुक्त कर दिये हैं।

इजराइल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद इजराइली सेना आगे नहीं बढ़ पाई है। इजराइली सेना ने कहा है कि अब चौथी डिवीजन जमीनी अभियान में हिस्सा ले रही है, जो पश्चिम की ओर फैल गया है। हालांकि अभियान अभी भी सीमा के साथ लगी एक संकरी पट्टी तक ही सीमित नजर आ रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि उसने हिजबुल्ला के सैकड़ों ठिकानों को निशाना बनाया है, सीमा से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। दोनों पक्षों द्वारा युद्ध को लेकर किये गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करने का कोई तरीका नहीं है। कासिम ने कहा, हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।



इजराइल के खिलाफ विरोध जताते लोग।

### हिजबुल्लाह मुख्यालय का कमांडर मारा गया

**यरूशलम।** इजराइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला मुख्यालय के कमांडर सुहैल हुसैन हुसैनी हमले में मारा गया। आईडीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इजराइली वायु सेना ने बेरूत क्षेत्र में सटीक, खुफिया-आधारित हमला किया जिसमें हुसैनी मारा गया। वह हिजबुल्ला मुख्यालय में रसद की देखरेख करता था और संगठन में विभिन्न इकाइयों के बजट एवं प्रबंधन का प्रभारी था। हुसैनी ने ईरान और हिजबुल्ला के बीच हथियारों के आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उस पर हिजबुल्लाह की इकाइयों के बीच उन्नत हथियार वितरित करने, हथियारों का परिवहन एवं आवंटन की देखरेख करने की जिम्मेदारी थी।

### गाजा पट्टी में इजराइली सैनिकों को मारने का दावा किया

**गाजा।** हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा शहर में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने घायल करने का दवा किया है। अल-कसम ब्रिगेड के बयान के अनुसार उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के माध्यम से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने निकासी के लिए एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। ब्रिगेड ने दावा किया कि उन्होंने गाजा शहर के उत्तर में तुवाम क्षेत्र में यासीन 105 मिसाइल से एक इजराइली बख्तरबंद कार्मिक वाहक को निशाना बनाया था। इजराइली सेना ने घटनाओं पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। सार्वजनिक इजराइली रेडियो ने बताया कि उत्तरी गाजा में सैन्य बलों को महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा और घायल सैनिकों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए है। अल-क़सम ब्रिगेड ने यह भी कहा कि उन्होंने 114-मिमी कैलिबर के साथ कई कम दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके, राफा शहर के पूर्व में सैन्य सभाओं और परिचालन केंद्रों के साथ-साथ दक्षिणी इज़राइल में स्देरोट क्षेत्र को निशाना बनाया।

### हिजबुल्ला ने दागे पांच रॉकेट

**यरूशलम/बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला लड़ाकों ने सोमवार देर रात मध्य इजरायल पर लगभग पांच रॉकेट दागे लेकिन इससे क्षेत्र में कोई हताहत नहीं हुआ। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय निवासियों ने मध्य इजरायल के आसमान में विस्फोटों की आवाज़ सुनने की सूचना दी। इजराइली सेना ने कहा कि सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा लगभग पांच प्रोजेक्टाइल लॉन्च किए गए थे। कई रॉकेट रोके गए, जबकि अन्य खुले इलाकों में गिरे।

# विदेशी सरकारें अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप का प्रयास कर रहीं

- अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने किया आगाह

वाशिंगट, एजेंसी

अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने सोमवार को आगाह किया कि विदेशी सरकारें इस साल होने जा रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में अमेरिकी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने के प्रयास के तहत देशभर में प्रतिनिधि सभा और सीनेट के चुनावी मुकाबले को प्रभावित कर रही हैं। रूस और चीन ने कुछ चुनावी मुकाबलों में उम्मीदवारों की मदद करने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के मकसद से एक अभियान शुरू किया है।

नेशनल इंटेलिजेंस के निदेशक कार्यालय के अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कितने मुकाबलों पर असर डाला गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देशों ने ऐसे चुनावी मुकाबलों में हस्तक्षेप किया है जहां उन्हें लगता है कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा हित दांव पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि अन्य छोटे देश भी चुनाव में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर सकते हैं। सोमवार को विदेशी चुनाव खतरों पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, क्यूबा लगभग निश्चित रूप से ऐसे उम्मीदवारों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है जो वहां की सरकार को लगता है कि अमेरिका में उनके हितों का समर्थन करेंगे। खुफिया अधिकारियों ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट के लिए कड़े चुनावी मुकाबले के दौरान यह रिपोर्ट जारी की है। उन्होंने नाम न उजागर करने की शर्त पर पत्रकारों को बताया कि रूस और चीन के नेता अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था को अच्छी तरह समझते हैं और मानते हैं कि इस साल का करीबी चुनावी मुकाबला दुष्प्रचार के लिए अच्छी स्थितियां पैदा करता है।

### ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल संबंधों को मजबूत बनाने का किया वादा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बने तो इजराइल और अमेरिका के बीच रिश्ते पहले से भी ज्यादा मजबूत होंगे। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान कहा अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा, तो अमेरिका एक बार फिर पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एकजुट होगा। ट्रम्प ने कहा कि वह यहूदी देश और अमेरिकी यहूदी समुदायों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इजरायल के खिलाफ खतरों को रोकने और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई का समर्थन करने का वादा किया।

# हमलों के बीच शांति से मनाएंगे दुर्गा पूजा

- बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध स्वरूप नहीं होंगे बड़े आयोजन

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक नेताओं का कहना है कि शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद हिन्दू समुदाय पर हमलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए इस साल समुदाय के लोग देश में दुर्गा पूजा को शांत तरीके से मनाएंगे। नौकारियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद देश में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और पिछले दो माह में हिन्दू समुदाय के खिलाफ दो हजार से अधिक हमले हुए।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) की एक समिति के सदस्य रंजन करमाकर ने बताया, इस साल हम सिर्फ दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहे हैं और कोई समारोह नहीं होंगे। करमाकर ने कहा यह हिंदू समुदाय की ओर से विरोध का एक तरीका है और इस साल अगस्त से हमारे समुदाय पर लगातार हमलों के बाद हिंदू समुदाय के लोग किसी भी तरह के पर्व में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पूजा आयोजकों को धमकियों और जबरन वसूली के लिए कॉल की जा रही हैं। बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष वासुदेव धर ने कहा कि सरकार ने उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन समुदाय ने फैसला लिया है कि वे सिर्फ दुर्गा पूजा का ही आयोजन करेंगे, लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित किसी भी प्रकार के उत्सव का आयोजन नहीं करेंगे।

### अमेरिका ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने का किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा हो। देश में अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले हिंदू अपना सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा मना रहे हैं। अमेरिका का यह बयान बांग्लादेश में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और अगस्त में उनके भारत चले जाने के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलों के मद्देनजर आया है। प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, निश्चित ही, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा होते देखना चाहते हैं। मिलर से कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समुदाय को उनके सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा के दौरान दी जा रही धमकियों के बारे में सवाल पूछा गया था जिसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं।

## सूडान में विस्थापितों के शिविर पर गोलाबारी में सात लोगों की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर में विस्थापित व्यक्तियों के शिविर पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के तोपखाने हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और 59 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उत्तरी दारफुर के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम खातिर के अनुसार, अबू शौक शिविर पर हमला दो दिनों तक चला, जिसमें रविवार को दो और सोमवार को पांच और मौतें हुईं। फोन पर बात करते हुए खतीर ने कहा कि रविवार की बमबारी में 20 लोग घायल हो गए, इसके बाद सोमवार को 39 लोग घायल हो गए। गैर-सरकारी संगठन, सूडानीज़ डॉक्टर्स नेटवर्क ने नागरिक क्षेत्रों पर गोलाबारी की निंदा की।

# चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को अनुमति पर सरकार का बचाव

- श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा- यह निर्णय कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के नवनियुक्त विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने मंगलवार को चीनी सैन्य प्रशिक्षण जहाज को कोलंबो आने की अनुमति देने के सरकार के कदम का बचाव करते हुए कहा कि यह निर्णय देश के कूटनीतिक संबंधों के दायरे में आता है और इस तरह की यात्राओं से कोई खतरा नहीं है।

वह चाइनीज़ पीएलए की नौसेना के प्रशिक्षण युद्धपोत पो लैंग के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे जो मंगलवार को कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचा था। एक बयान में कहा गया कि यह समुद्री यात्रा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नौसैनिकों की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाना और अन्य देशों के साथ नौसैन्य आदान-प्रदान करना है। कैबिनेट प्रवक्ता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका सभी देशों के साथ संतुलित राजनयिक संबंध बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि चीनी सैन्य प्रशिक्षण पोत को श्रीलंका आने की अनुमति देने का सरकार का निर्णय देश की कूटनीतिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में आता है।

### सैन्य प्रशिक्षण को अनुमति देने में खुशी होती है : हैराथ

हेराथ ने कहा हमें सैन्य प्रशिक्षण जहाजों को अनुमति देने में खुशी होती है। वे कोई खतरा पैदा नहीं करते। हमने जर्मनी और अमेरिका से सैन्य जहाजों को आते देखा है। पिछली सरकार ने श्रीलंका के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में विदेशी वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों को प्रवेश की अनुमति देने पर रोक लगा दी थी।

## इमरान खान और एक मुख्यमंत्री पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के नेता एवं खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर पर मंगलवार को हत्या के प्रयास का एक नया मामला दर्ज किया गया। यह मामला पिछले हफ्ते यहां उनकी पार्टी द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी की मौत से जुड़ा है। राज्य की ओर से संघीय राजधानी के नून थाने में हत्या के प्रयास, आगजनी, राज्य पर हमला और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के साथ ही आतंकवाद विरोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान पीटीआई के संस्थापक खान और गंडापुर पर पुलिसकर्मी अब्दुल हमीद की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

# धौलागिरी पर्वत से फिसलकर पांच रूसी पर्वतारोहियों की मौत

- विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का था लक्ष्य

काठमांडू, एजेंसी

धौलागिरी पर्वत पर लापता हुए पांच रूसी पर्वतारोही मंगलवार को सात हजार मीटर से अधिक की ऊंचाई पर मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान में शामिल हेली एवरेस्ट के उपाध्यक्ष मिंगमा शेरपा के अनुसार, पांचों रूसी पर्वतारोही नेपाल के शरदकालीन पर्वतारोहण सत्र के दौरान रविवार को विश्व की सातवीं सबसे ऊंची चोटी को फतह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे थे।

पर्वतारोहियों की पहचान अलेक्जेंडर दुशेको, ओलेग क्रुग्लोव, व्लादिमीर चिस्तिकोव, मिखाइल नोसेंको और दिमित्री शपीलेवोई के रूप में हुई है। सुबह छह बजे उच्च शिविर से रवाना होने के बाद शिखर पर चढ़ाई के प्रयास के दौरान इनका आधार शिविर से संपर्क टूट गया था। शेरपा ने बताया कि वे सभी एक रस्सी के सहारे 8,167 मीटर ऊंची चोटी की ओर बढ़ रहे थे और इस दौरान लापता हो गए। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से 7,700 मीटर की ऊंचाई पर शवों को ढूंढा गया। नेपाल पर्यटन विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को बचाव कार्य को अंजाम नहीं दिया जा सका। उन्होंने बताया कि एक अन्य रूसी पर्वतारोही को हेलीकॉप्टर द्वारा आधार शिविर से बचाया गया। शवों को माउंट धौलागिरी से नीचे कब और कैसे लाया जाएगा, यह अभी तय नहीं हो सका है।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सईद ने दूसरी बार चुनाव जीता

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के आम चुनाव में सोमवार को राष्ट्रपति कैस सईद ने शानदार जीत हासिल करते हुए, पहले कार्यकाल के बाद सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखी है। सईद के पहले कार्यकाल में उनके विरोधियों को जेल में डाल दिया गया था और देश की संस्थाओं में फेरबदल किया गया था, ताकि उन्हें अधिक अधिकार दिए जा सकें। उत्तर अफ्रीकी देश के स्वतंत्र चुनाव उच्च प्राधिकार ने कहा कि सईद को 90.7 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि एक दिन पहले जारी, चुनाव बाद के सर्वेक्षण एग्जिट पोल में उन्हें देश में भारी बढ़त हासिल होती दिखाई गई थी। ट्यूनिशिया को एक दशक से भी अधिक समय पहले अरब विद्रोह' का जन्मस्थान माना जाता था।

भविष्य की तैयारी | चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएं

# चांद की धरती के लिए बनने लगे आवासीय डिजाइन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रमा पर मानव के रहने के लिए आवासीय डिजाइन बनने शुरू हो गए हैं। पृथ्वी से जुदा चंद्र आवास गुम्बदनुमा टॉवर के साथ विकसित किए जाएंगे। मानव मिशन की दौड़ मे सबसे पहले अमेरिका व चीन की मुहिम चांद पर इंसान को बसाना है। चांद पर घर बसाने की कवायद के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

संभव है कि अगले दशक में चांद पर इंसानों की पहली बस्ती मूर्त रूप ले चुकी होगी। बड़ा प्रश्न है कि वहां किस तरह के मकान होंगे और कैसा उस धरती का रहन सहन होगा। क्योंकि पृथ्वी जैसे हालात चंद्रमा की धरती पर कतई नही होंगे। वहां सांस लेना भी आसान नही होगा और ग्रेविटी का प्रभाव भी मानव शरीर को लड़खड़ाने को मजबूर करेगा। सूर्य की किरणें रेडिसन साथ लाएंगी तो धूप वाला हिस्सा गर्मी से सताएगा। उल्काओं की मार का डर सिर पर हमेशा मंडराता रहेगा। कुल मिलाकर अथाह दुश्वारियां चांद की धरती पर वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चुनौती होगी। दिलचस्प बात यह है कि वैज्ञानिकों को हर चुनौती मंजूर है, जिसे पार करने के लिए तैयार भी हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार चंद्रमा पर भौतिक बुनियादी ढांचा वहां किसी भी दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

अमेरिका और चीन चंद्रमा पर मानव उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। इसकी शुरुआत टावर के रूप में गुम्बदनुमा आवास विकसित करना होगा। सौर पैनलों से लेकर संचार सारणियों तक उपकरणों के टॉवर खड़े किए जाएंगे। चंद्र गुरुत्वाकर्षण के वजन उठाने की क्षमता के अनुसार निर्माण कार्य किये जाएंगे। उत्तरी कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी और नासा के लैंगली रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ने चांद पर निर्माण कार्यों को लेकर शोध किया है। शोध के आधार पर ही चंद्रमा पर निर्माण कार्य किए जाएंगे।



### चांद की दौड़ में नासा का आर्टेमिस सबसे आगे

नैनीताल : चंद्रमा पर मानवदल को पहुचाने के लिए नासा का मिशन आर्टेमिस सबसे आगे नज़र आता है। इस मिशन का मूल उद्देश्य मंगल पर इंसान को पहुचाना है, लेकिन इससे पहले मानव दल चांद की धरती पर उतरेगा। दरअसल चांद अंतरिक्ष के लंबे सफर में मानव का पड़ाव बनेगा, जो एक डिपो की तरह कार्य करेगा। मंगल समेत अंतरिक्ष की अन्य संभावित लंबी यात्राओं की आगे का सफर चांद के जरिए ही पूरा होगा।